आषाढ़ शुक्ल पक्ष षष्ठी 10:20 तक उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 1 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 221, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ईरान फिर शुरू कर सकता है यूरेनियम संवर्धन 16

वित्तीय स्थिरता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण 14

# पशु संपदा का संरक्षण हो हमारा कर्तव्य : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने आईवीआरआई के 11वें दीक्षांत समारोह में 576 विद्यार्थियों को प्रदान कीं उपाधियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित 11वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सक या शोधकर्ता के रूप में जो भी कार्य करें, उस समय मन में बेजुबान पशुओं के कल्याण की भावना होनी चाहिए। पशु और मानव का रिश्ता परिवार का है। पशु के बिना किसान आगे नहीं बढ़ सकते। पशु हमारे जीवन का धन हैं। हमारी संस्कृति सभी जीव-जंतुओं में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है। राष्ट्रपति ने गांवों में घरेलू पशु नहीं दिखने को लेकर चिंता व्यक्त की।

दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने 2021 से 2024 के बीच के स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के 576 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं। आठ स्वर्ण पदक दिए गए जिनमें पांच छात्राओं को मिले। इस मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि कोरोना महामारी ने आगाह किया कि उपभोग आधारित संस्कृति मानव, जीव-जंतुओं व पर्यावरण को अकल्पनीय क्षति पहुंचा सकती है।

राष्ट्रपति ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज गांवों में घरेलू पशु नहीं दिखते हैं। यह पशु खेती में सहयोग करते हैं। टेक्नोलॉजी युग तो आया, लेकिन जमीन में खेती के साथी केंचुआ आदि समाप्त हो रहे हैं। इससे जमीन बंजर हो रही है। जमीन की उर्वरता बचाने के लिए किसानों, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों व आमजन को सोचना चाहिए। पशु संपदा का संरक्षण व विकास हमारा कर्तव्य होना चाहिए। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से कहा कि कॅरियर के रूप में आपने निरीह व बेजुबान पशुओं की चिकित्सा व कल्याण के क्षेत्र को चुना है।

हमें अपनी परंपरा और अवधारणा का अनुसरण करते हुए पशु कल्याण के लिए प्रयास करना चाहिए। ईश्वर ने मनुष्य को सोचने-समझने की जो शक्ति दी है उसका उपयोग जीव-जंतुओं के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए। समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी आदि मौजूद रहे। (संबंधित खबरें पेज 3, 6 पर)



आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में एक छात्रा को उपाधि प्रदान करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। साथ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार व अन्य लोग। ● अमृत विचार

- **जमीन की उर्वरता के लिए किसानों, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों और आमजन को सोचना चाहिए**
- **राष्ट्रपति ने कहा- हमारी संस्कृति सभी जीव-जंतुओं में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है**

**136** वर्ष का हो गया भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान

**576** विभिन्न कोर्सों के विद्यार्थियों को 11वें दीक्षांत समारोह में दी गई उपाधि

**35** साल बाद दूसरी बार राष्ट्रपति के हाथों छात्रों की मिलीं उपाधि और मेडल

**08** स्वर्ण पदक विजेताओं में पांच छात्राओं को शामिल देख राष्ट्रपति हुईं गदगद

### जीव-जंतुओं के लिए जीवन रक्षक सेवा का केंद्र बना आईवीआरआई : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आईवीआरआई के 11वें दीक्षांत समारोह में शोधकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान की 136 वर्षों की साधना पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। यहां के वैज्ञानिक उस मूक प्राणी की आवाज बनते हैं जिसे दुनिया सुन नहीं पाती है। आप सभी की शोध और सेवा समाज को एक नई दिशा देता है। योगी ने कहा कि आईवीआरआई न केवल पशुधन बल्कि हर जीव-जंतु के लिए जीवन रक्षक सेवा का केंद्र बना है। कोरोना के दौरान जब आरटी-पीसीआर जांच एक चुनौती बनी हुई थी, तब आईवीआरआई ने 2 लाख से अधिक कोविड जांच करवाईं। इस संस्थान की प्रतिबद्धता यह दिखाती है कि इसकी भूमिका केवल पशु चिकित्सा तक सीमित नहीं, बल्कि वह मानव जीवन रक्षा में भी अग्रणी रही है।



एयरफोर्स के त्रिशूल एयरबेस पर राष्ट्रपति का स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी।

# तेलंगाना में दवा फैक्ट्री में विस्फोट से 13 की मौत

संगारेड्डी (तेलंगाना), एजेंसी

- **संगारेड्डी जिले में हुए हादसे में 34 घायल केमिकल रिएक्शन को माना जा रहा वजह**
- **सुबह 9.28 से 9.35 बजे के बीच हुआ विस्फोट, मौजूद थे 150 कामगार**

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सोमवार को सिगाची इंडस्ट्रीज के दवा उत्पादन संयंत्र में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण हुए विस्फोट में 13 लोगों की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गए। जिसमें 12 की हालत गंभीर है उन्हें अस्पताल में वेंटिलेटर पर रखा गया है। अधिकारियों के अनुसार विस्फोट पशम्यलारम औद्योगिक क्षेत्र में सिगाची दवा कंपनी के संयंत्र के एक रिएक्टर में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया (केमिकल रिएक्शन) के कारण हुआ। विस्फोट के कारण वहां आग भी लग गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना में लोगों की मौत पर दुख जताया है। पुलिस महानिरीक्षक (मल्टी जोन) वी. सत्यनारायण ने फैक्ट्री सूत्रों के हवाले से बताया कि विस्फोट के समय फैक्ट्री में 150 लोग थे जबकि उस क्षेत्र में करीब 90 लोग थे जहां विस्फोट हुआ है। उन्होंने बताया कि विस्फोट सुबह 9.28 से 9.35 बजे के बीच हुआ।

कंपनी प्रबंधन ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी, जिसने दमकल विभाग को सूचित किया। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के कर्मी भी बचाव अभियान में लगे हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। राज्य सरकार ने बचाव कार्य की निगरानी के लिए मुख्य सचिव रामकृष्ण राव की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति नियुक्त की है। यह पूछे जाने पर कि विस्फोट के समय कितने श्रमिक काम कर रहे थे, उन्होंने कहा कि सटीक संख्या का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर मृतकों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की।

## सकल जीएसटी संग्रह 5 साल में हुआ दोगुना

**नई दिल्ली।** सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह पांच साल में दोगुना होकर वित्त वर्ष 2024-25 में 22.08 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2020-21 में 11.37 लाख करोड़ रुपये था। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार सकल जीएसटी संग्रह 2024-25 में 22.08 लाख करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर को छू गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 9.4% अधिक है। 2024-25 में औसत मासिक संग्रह 1.84 लाख करोड़ रहा, जो 2023-24 में 1.68 लाख करोड़ और 2021-22 में 1.51 लाख करोड़ रुपये था।

## अमरनाथ यात्रा : आज से ऑफलाइन पंजीकरण

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए मंगलवार से ऑफलाइन पंजीकरण भी शुरू होगा। इसके लिए यहां टोकन वितरण केंद्र सोमवार को चालू कर दिया गया। 38 दिवसीय वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी। यह यात्रा दो मार्गों से संपन्न होगी। श्रद्धालुओं का पहला जत्था दो जुलाई को जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर के लिए रवाना होगा। अधिकारियों ने सोमवार को जम्मू के सरस्वती धाम में टोकन वितरण केंद्र खोला, बारिश के बावजूद पंजीकरण के वास्ते टोकन लेने के लिए केंद्र पर श्रद्धालु उमड़ पड़े।

॥ द्वितीय पुण्यतिथि ॥

"नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥

श्री भगवदगीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं: इस आत्मा को शस्त्र काट नहीं सकते और अग्नि इसे जला नहीं सकती। जल इसे गीला नहीं कर सकता और वायु इसे सूखा नहीं सकता। "आत्मा अमर है"

॥ श्री भगवद् गीता 2.23॥



आदरणीय स्व. श्री संजय अग्रवाल जी

31/12/1957 - 01/07/2023

द्वितीय पुण्यतिथि पर हमारा सादर नमन आप जहाँ भी हो अपना आशीर्वाद हम सब पर बनाए रखिए।

श्रद्धावंत

डॉ. मोहित अग्रवाल (9582235310)- डॉ. कनुप्रिया अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधू) श्रीमती मुक्ता अग्रवाल (धर्मपत्नी)

दीपक अग्रवाल-आरती अग्रवाल
मनीष अग्रवाल-शगुन अग्रवाल
रितेश अग्रवाल-एकता अग्रवाल
विकास अग्रवाल-आरती अग्रवाल
निखिल अग्रवाल-अनुज्ञा अग्रवाल
अंकित अग्रवाल-रति अग्रवाल
(पुत्र-पुत्रवधू)

मंजू अग्रवाल-डॉ. वी.के. अग्रवाल
पारुल अग्रवाल-विमल अग्रवाल
चारु अग्रवाल-अंकुर अग्रवाल
रीतू अग्रवाल-सीतेश अग्रवाल
ईशा अग्रवाल-आशीष अग्रवाल
रिचा अग्रवाल-दिव्य अग्रवाल
(पुत्री-दामाद)

विजय अग्रवाल-सुधा अग्रवाल
अजय गोयल-मंजू अग्रवाल
शिव कुमार-बाला अग्रवाल
(भाई-भाईवधू)
स्पर्श, कृषव, दैविक, कार्तिके, उद्धव, देव सिद्धार्थ
(पौत्र)

श्रेया, मान्या, गार्गी, रिया, सिया आशिता, वेदिका, आकृति, संस्कृति (पौत्री)
कनिका, मनिका, अरु, खुशी
(ध्योति)
व्योम, पार्थ, आरव, कृष्णा
(ध्योता)

प्रतिष्ठान

- संजय ट्रांसपोर्ट
- स्पर्श ग्रुप ऑफ होटल्स एंड रिजॉर्ट
- फोकस पैथलैब, फोकस एम.आर.आई. एंड डायग्नोस्टिक्स
- संजय फिलिंग स्टेशन
- मास्कोट ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस
- फोकस नेत्रालय

आपके प्रियजनों को आज ही नामांकित करें, उनका कल सुरक्षित बनाएँ



नामांकन यह सुनिश्चित करता है कि आपकी मृत्यु के बाद आपके प्रियजनों को बिना किसी परेशानी के आपकी वित्तीय परिसंपत्तियाँ प्राप्त हो जाएँ

- अपने बैंक खाते, लॉकर और अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए अपना नामांकन करें
- नामांकन के विवरण की जाँच बैंक से की जा सकती है




अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/nf पर विजिट करें
फ़ीडबैक देने के लिए, rbikehtahai@rbi.org.in को लिखें

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in




# बेटियों का पशु चिकित्सा में आगे आना शुभ संकेत

## राष्ट्रपति ने कहा, पशुओं की बीमारियों के बारे में घर की महिलाओं को पहले होती है जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वर्ण पदक विजेताओं में बेटियों की संख्या अधिक देखकर संतोष जताया। उन्होंने बेटियों की भागीदारी पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि बेटियों का पशु चिकित्सा जैसे क्षेत्र में आगे आना समाज के लिए एक सकारात्मक और प्रेरणादायक संकेत है। बेटियां इस क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, तो यह दर्शाता है कि वे केवल अपने लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए सोच रही हैं।

राष्ट्रपति ने आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में पीएचडी, एमवीएससी, वीवीएससी के कुल आठ स्वर्ण पदक विजेताओं में से सर्वाधिक पांच छात्राएं होने पर खुशी व्यक्त की। इन पांच छात्राओं में पीएचडी से डॉ. मेघा शर्मा, डॉ. अमृता बानू, एमवीवीएससी से डॉ. सेलेसिस, डॉ. खुशबू चौधरी, वीबीएससी में डॉ. तान्या चौधरी शामिल रहीं। पांचों छात्राओं को राष्ट्रपति ने स्वर्ण पदक पहनाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुर्मू ने बताया कि पशु चिकित्सा न केवल विज्ञान का विषय है, बल्कि यह संवेदना, सेवा और समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि वह जिस परिवेश से आती है, वह प्रकृति के बहुत निकट है। सच कहें तो पशु और मानव का परिवार का रिश्ता है। जब हम छोटे थे तब पशु हम लोगों के लिए बहुत खास थे। हम लोग उनके बिना जिंदगी सोच नहीं सकते थे। ग्रामीण परिवेश में पशुओं की बीमारियों और उनकी समस्याओं के बारे में घर की महिलाओं को ही जानकारी होती है।

**दुविधा के पल में पशुओं के कल्याण के बारे में सोचिए :** राष्ट्रपति ने कहा कि जब भी आपके सामने दुविधा का पल हो, तब आप उन पशुओं के बारे में सोचिए जिनके लिए आपने शिक्षा ग्रहण की है। शिक्षा ग्रहण करने के बाद आप इस क्षेत्र में उद्यमिता विकास पर कार्य करें ताकि अधिक से अधिक रोजगार के अवसर बढ़ें। जूनोटिक बीमारियों की रोकथाम में आईवीआरआई महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। गांवों में घरेलू पशुओं की संख्या कम हो रही है। केंचुओं की संख्या भी घट रही, इसलिए जमीन बंजर हो रही है। इसको उर्वर करने के लिए सभी को सोचना होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि पशु चिकित्सा के क्षेत्र में तकनीक के कारण काफी क्रांतिकारी परिवर्तन आ रहे हैं। नई तकनीक का इस्तेमाल कर आईवीआरआई को पशु रोगों के निदान के लिए सस्ते और स्वदेशी उपाय सोचने चाहिए।



आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में बोलतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, साथ में राज्यपाल, मुख्यमंत्री व अन्य मंत्री। ● अमृत विचार

### पशु आरोग्य मेले का हो आयोजन, गांव-गांव लगें शिविर

राष्ट्रपति ने कहा कि वन हेल्थ की अवधारणा महत्व प्राप्त कर रही है। मानव, घरेलू तथा जंगली जानवर, वनस्पति व व्यापक पर्यावरण एक-दूसरे पर आश्रित हैं। हमें अपनी परंपरा व इस अवधारणा का अनुसरण करते हुए पशु कल्याण के लिए प्रयास करना चााहिए। उन्होंने पशु कल्याण के लिए पशु आरोग्य मेलों के आयोजन पर जोर दिया। गांव-गांव में कैंप लगाकर पशुओं की चिकित्सा करने से समाज भी स्वस्थ रहेगा।

● **स्वर्ण पदक विजेताओं में बेटियां अधिक देखकर राष्ट्रपति हुईं गदगद**

### टेक्नोलॉजी के प्रयोग से लाए जा सकते हैं क्रांतिकारी बदलाव

राष्ट्रपति ने कहा कि टेक्नोलॉजी अन्य क्षेत्र की तरह पशु चिकित्सा और देखभाल में भी क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है। टेक्नोलॉजी के प्रयोग से देशभर में पशु चिकित्सा को सशक्त बनाया जा सकता है। जीनोम एडिटिंग, एम्ब्रियो ट्रांसफर टेक्नोलॉजी, एआई, बिग डेटा एनालिटिक्स जैसे टेक्नोलॉजी के प्रयोग से इस क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। आधुनिकतम टेक्नोलॉजी का प्रयोग करके आईवीआरआई जैसे संस्थानों को पशु रोगों के निदान व पोषण उपलब्ध कराने के लिए स्वदेशी व सस्ते उपाय ढूंढने चाहिए। साथ ही उन दवाओं के विकल्प भी तलाशने चाहिए, जिनके साइड इफेक्ट्स न केवल पशुओं, बल्कि मनुष्यों व पर्यावरण को भी प्रभावित करते रहे हैं।




## विलुप्त होती गिद्धों की प्रजातियों को बचाने में आईवीआरआई का अहम योगदान

● **आईवीआरआई ने 136 वर्ष की अपनी यात्रा में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं**

● **केंचुओं की कम होती संख्या से बंजर हो रही धरती, वैज्ञानिक इस दिशा में भी सोचें**

**बरेली, अमृत विचार:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विलुप्त होती प्रजातियों के संरक्षण पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि संस्थान में आकर ही उन्हें पता चला कि आईवीआरआई ने देश में सबसे पहले दवाइयों के माध्यम से गिद्धों के विलुप्त होने के मामले को उजागर किया। वैज्ञानिकों ने शोध कर देश को बताया कि डाइक्लोफिनोक, निमोसुलाइड जैसी दवाइयां अप्राकृतिक तौर पर गिद्धों के लीवर को खराब कर रही हैं। आईवीआरआई की इस रिपोर्ट के आधार पर देश में पशुओं को दर्द निवारक दवा डाइक्लोफिनोक और निमोसुलाइड देना बंद ही नहीं किया गया और बल्कि इन दवाइयों के विकल्प को भी खोजा गया। उन्होंने कहा कि वह वैज्ञानिकों व शोधार्थियों के योगदान की सराहना करती हैं। संस्थान ने 136 वर्ष की अपनी यात्रा में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रिवेंशन इज बेटर देन क्योर कहावत को मानवों के साथ-साथ पशुधन के लिए भी चरितार्थ किया। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आईवीआरआई ने कई टीके विकसित किए हैं।

उन्होंने मिट्टी की कम होती उर्वरकता पर कहा कि गांवों में देखने को मिल रहा है कि केचुओं की संख्या कम हो गई है। इसका दुष्प्रभाव मिट्टी पर पड़ रहा है, मिट्टी बंजर हो रही है। वैज्ञानिकों को इस दिशा में भी शोध करना होगा। उन्होंने वैज्ञानिकों को नई तकनीक का इस्तेमाल कर आईवीआरआई को पशु रोगों के निदान के लिए सस्ते और स्वदेशी उपाय सोचने के लिए प्रेरित किया। दवाओं के साइड इफेक्ट पशुओं और पर्यावरण को प्रभावित करते हैं। उस दिशा में भी सोचना होगा।

### उद्यमिता व स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए संस्थान में है पशु विज्ञान इनक्यूबेटर

राष्ट्रपति ने कहा कि पशु विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उद्यमिता व स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए इस संस्थान में पशु विज्ञान इनक्यूबेटर कार्यरत है। इस सुविधा का लाभ लेते हुए उद्यम स्थापित करने चाहिए। इससे न केवल जरूरतमंदों को रोजगार दे पाएंगे, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में भी योगदान कर पाएंगे। विश्व भर के प्रतिष्ठित संस्थानों और उद्यमों में सेवारत पूर्व विद्यार्थी भी इसमें मार्गदर्शन कर सकते हैं।

### आज का मौसम

बादल छाए रहने और बारिश के आसार।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 25.0° | 23.0° |

### शहर में आज

- पंजाबी महासभा द्वारा 120 वां विधवा पेंशन योजना कार्यक्रम योगा हाल बाकें बिहारी मंदिर राजेन्द्र नगर में सुबह 9 बजे ।
- आईएमए द्वारा डॉक्टर्स डे पर डॉक्टर्स व मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आईएमए भवन के सीएच-3 शाम 07 :30 बजे
- वरिष्ठ नागरिक कल्याण सेवा समिति की ओर से डॉक्टर्स डे पर सर्वश्रेष्ठ डॉक्टर्स का सम्मान समारोह टेंम्पटेशन रेस्टोरेन्ट सभागार डीडीपुरम में शाम 06 :30 बजे
- रोटरी क्लब आफ बरेली द्वारा रोटरी इंटरनेशनल का आगामी सत्र के आरंभ पर स्कूल बैग वितरण कार्यक्रम अर्बन हाट में सुबह 11 बजे

## राज्यपाल बोलीं-पुरस्कार न मिलने वालों को निराश नहीं होना चाहिए

**बरेली, अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने छात्रों, वैज्ञानिकों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा, जिसने श्रेष्ठ कार्य किया है, उसे मेडल अवश्य मिलना चाहिए, लेकिन पुरस्कार न मिलने वालों को निराश नहीं होना चाहिए। उन्होंने कृषि शिक्षा को ग्रामीण जरूरतों से जोड़ने की अपील करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और ग्रामीण सहभागिता जरूरी है। यूपी में 5 कृषि विश्वविद्यालय हैं। हमें यह समझना होगा कि हमारी जरूरतें, समस्याएं और प्राथमिकताएं क्या हैं, तभी हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को आगे बढ़ा सकते हैं। सुझाव दिया कि विश्वविद्यालयों को आस-पास के गांवों से छात्रों को जोड़ने के लिए प्रयास करने चाहिए और यही सच्चे अर्थों में शिक्षा का उद्देश्य होगा। अयोध्या का कृषि विश्वविद्यालय जहां देश में नैक में ए ग्रेड पाकर पहले स्थान पर है, वहीं मेरठ के सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय के ए श्रेणी में शामिल होना गर्व का विषय है। कहा कि कृषि और पशुपालन रोजगार देने वाले क्षेत्र हैं और इनसे जुड़ी योजनाओं और बजट का पूर्ण उपयोग कर किसानों, महिलाओं और पशुपालकों की जरूरतें पूरी की जा सकती हैं।



### परंपरागत पद्धति को तकनीक से जोड़कर शोध करें : शिवराज

**बरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल डिग्री नहीं बल्कि देश, समाज, किसान और पशुपालक कल्याण की जिम्मेदारी है। स्वामी विवेकानंद की बातें दोहराते हुए कहा, 'आप राष्ट्र के भविष्य हैं। आप जो सोचेंगे, वही बनेंगे। देश को ऐसे वैज्ञानिकों की जरूरत है जो ज्ञान को सेवा में बदलें। वैज्ञानिकों को परंपरागत पद्धति को तकनीक से जोड़कर शोध करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, कि देश में 300 से अधिक अभिनव कृषि प्रयोग किसानों ने खुद किए हैं, जिन्हें वैज्ञानिकों के सहयोग से और अधिक परिष्कृत करने की आवश्यकता है। इससे इन प्रयोगों को तकनीक और तर्क का सहारा मिलेगा। वैज्ञानिकों की 2,000 टीमें गठित करके उन्हें हर जिले में भेजा जाएगा। जो स्थानीय किसानों को आधुनिक कृषि, उन्नत नस्लों, तकनीकी खेती और बागवानी के विषय में जानकारी देंगी। वैज्ञानिक अब सिर्फ लैब में सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि खेत और खलिहान तक जाकर किसानों से जुड़ेंगे। उनकी जरूरत के हिसाब से शोध करेंगे।

## वैज्ञानिकों से बोले योगी- आपकी यह यात्रा राष्ट्र के भविष्य निर्माण में निर्णायक होगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का दिन आपके जीवन का नया अध्याय है। यह केवल डिग्री नहीं, बल्कि समाज को आपकी सेवा समर्पित करने की शपथ है। यह यात्रा राष्ट्र के भविष्य निर्माण में निर्णायक होगी। योगी ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में कौन कैसे खड़ा होता है, यही उसकी पहचान तय करती है।

मुख्यमंत्री ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की कविता को पढ़ते हुए कहा, ''आदमी को चाहिए कि वो जूझे परिस्थितियों से...एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े।'' छात्रों से अपेक्षा जताई कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत 'विकसित भारत' की परिकल्पना को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाएं। सीएम ने लंपी स्किन डिजीज पर भी विस्तार से चर्चा की और बताया कि कैसे इस बीमारी की दूसरी लहर के दौरान जब गोवंश बुरी तरह प्रभावित हुए, तब आईवीआरआरई द्वारा विकसित टीके ने उत्तर प्रदेश को संक्रमण से मुक्त कराने में अहम भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने वैज्ञानिकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी खोजों ने किसानों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। पशुधन की उन्नत नस्ल देकर अन्नदाता को सशक्त किया है। आईवीआरआई की 136 वर्षों की यह साधना पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है।



● **यह केवल डिग्री नहीं, बल्कि समाज को आपकी सेवा समर्पित करने की शपथ है**

### आईवीआरआई ने बरेली को आधुनिक वैज्ञानिक पहचान दी

योगी आदित्यनाथ ने बरेली को भारत की पौराणिक और आध्यात्मिक नगरी बताया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र प्राचीन काल में पांचाल देश के रूप में विख्यात था और यहां देवाधिदेव महादेव के सात प्राचीन मंदिरों की श्रृंखला 'नाथ कॉरिडोर' के रूप में विकसित की जा रही है। बाबा अलखनाथ, वनखंडी नाथ, त्रिवटी नाथ, तपेश्वर नाथ, मढ़ीनाथ, धोपेश्वर नाथ और श्री पशुपति नाथ मंदिर बरेली की पहचान हैं। जहां मंदिरों की श्रृंखला इस नगर को आध्यात्मिक पहचान देती है, वहीं आईवीआरआई ने इसे आधुनिक वैज्ञानिक पहचान प्रदान की है।



दीक्षांत समारोह में बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल और कुलपति डॉ. लता अग्रवाल भी मौजूद रहीं। ● अमृत विचार



# चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट

## ऑफ मेडिकल साइंसेस

**रजऊ परसपुर, बरेली**
मो. 8859491000, 8859492000, 8859493000



## GNM

- सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
- उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
- सरकार द्वारा निर्धारित फीस एवं छात्रवृत्ति की सुविधा।

**UP-GET से सफल परीक्षार्थीयों के लिए GNM काउंसलिंग सुविधा निःशुल्क**

**दूरबीन विधि द्वाराः**

- पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP)
- गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
- प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
- रसौली, बांझपन की जांच
- बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन

- मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
- सभी प्रकार की सर्जरी
- पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
- ट्रामा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि
- ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर
- हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज

**आयुष्मान भारत योजना एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज**

# चन्द्रलोक हॉस्पिटल

**पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली**
मो. 9458882565
9410002566

राष्ट्रीय विशेष **चिकित्सक दिवस**

● ADVT

**सेहत की गाइड:** अमृत विचार ने विशेषज्ञों से जाने वो सूत्र जो रखेंगे आपको सेहतमंद, बीमारियों से रखेंगे दूर।

# "अच्छी सेहत के सुनहरे सूत्र"

स्वस्थ शरीर ही हमारा सर्वस्व है, जिसको एक बीमार व्यक्ति ही देख सकता है। असलियत में शरीर को स्वस्थ रखना हमारा पहला कर्तव्य होना चाहिए, क्योंकि शरीर है तो सारे सुख हैं। सभी कुछ तो आपके फिटनेस से जुड़ा हुआ है। यदि शरीर ही स्वस्थ न रहा तो सब कुछ होते हुए भी हम अधूरे से ही रहते हैं। ये शरीर सब कर्मों का माध्यम है, अपनी दिनचर्या पर बड़ी बारीकी से ध्यान देना चाहिए कि हमारा खान-पान कैसा है, कहीं ऐसा तो नहीं जो हम खा रहे हों उसी के कारण शरीर बीमार हो रहा हो। कब खाना है, कितना खाना है, क्या खाना और कब नहीं खाना है इन सभी बातों की हमें जानकारी होनी चाहिए। अपनी नींद पर भी हमें ध्यान देना चाहिए कि हमारी नींद ठीक है, या नहीं। यदि नींद ठीक नहीं तो भी शरीर बीमार हो सकता है। हमारी दिनचर्या हमेशा व्यवस्थित रहनी चाहिए।

## चिकित्सा जगत के विभागों के विशेषज्ञ


manasi ivf

MBBS, MS, Obst. & Gynae
Fellowship in ART (Infertility)
& Laparoscopic Surgeon

27+ वर्षों का अनुभव | 10000+ सफल IVF केस | हज़ारों परिवारों का भरोसा | अत्याधुनिक लैब सुविधाएं

- उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था
- निसंतान का इलाज, पुरूष सम्बंधी जाँच व परामर्श
- दूरबीन द्वारा गर्भ गांठ निकालने की सर्जरी
- दूरबीन द्वारा ट्यूब खोलने या बन्द करने की सर्जरी
- Ultrasonography (TVS/TAS) की सुविधा
- Hysterosalpingography (ट्यूब की जांच) की सुविधा उपलब्ध
- PCOD, Thyroid इत्यादि समस्याओं का इलाज
- मासिक धर्म संबंधी सभी समस्याओं का इलाज
- (Ovulation Induction/IUI/IVF) Test Tube Baby Treatment

**टेस्ट ट्यूब बेबी के परामर्श हेतु मिलें**

35-7A, Rampur Garden, Opp. Prabha Talkies
Civil Lines, Bareilly
Mob : 0581-4503362, 7455002852
website : www.ivfmanasi.com




### मधुमेह अक्सर हल्के लक्षणों से होता है शुरू

मधुमेह अक्सर हल्के लक्षणों से शुरू होता है जैसे बहुत भूख और थकान महसूस करना, बार-बार पेशाब करने की ज़रूरत, बहुत प्यास लगना, मुंह सूखना, त्वचा में खुजली और धुंधली दृष्टि। टाइप 1 मधुमेह के लक्षण जल्दी दिखाई देते हैं और अधिक गंभीर होते हैं, जबकि टाइप 2 के लक्षण धीरे-धीरे विकसित होते हैं।


**शुगर, बीपी, व गम्भीर इलाज रोगों के परामर्श हेतु मिलें -**

एस.आर. क्रिटिकल केयर
मल्टी केयर एण्ड ट्रॉमा सेन्टर
बीसलपुर रोड, बरेली। मो. 7895868938

डॉ. रतन पाल सिंह
MBBS, MD, DLO, CTLS, FCCS
Critical Care Physician




### यह बवासीर के शुरुआती लक्षण लापरवाही न बरतें

बवासीर के शुरुआती लक्षणों में गुदा मार्ग से खून आना, कब्ज रहना आदि होते हैं। एनल फिशर में सख्त मल आने से गुदा मार्ग में तीव्र पीड़ा व जलन होती है। भगंदर रोग में गुदा मार्ग के पास मवाद आता है। इन सभी परेशानियों से बचने के लिए फास्ट फूड और स्पाइसी फूड बंद कर देना चाहिए। बवासीर में सबसे ज्यादा परेशानी अनियमित खानपान से होती है।


**बवासीर और भगंदर के परामर्श हेतु मिलें-**

श्रद्धा केयर हासिपटल
मिनी बाईपास, कर्मचारी नगर, बरेली
कॉल- 9758287825

डा. सतेंद्र शर्मा
MD, (AY)
बवासीर एवं भगन्दर रोग विशेषज्ञ




### गुर्दे में पथरी होने पर लापरवाही न बरतें

गुर्दे की पथरी (किडनी स्टोन) में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। यदि आपको गुर्दे की पथरी है, तो डॉक्टर से सलाह लें और उचित उपचार करवाएं। गुर्दे की पथरी को नजर अंदाज करने से गंभीर समस्याएं हो सकती है, जैसे कि किडनी को नुकसान पहुंचना या संक्रमण होने पर सर्जरी जरूरी हो जाती है इससे बचने के लिए अपने डॉक्टर से सलाह लें।


**गुर्दा एवं मूत्र रोगों के परामर्श हेतु मिलें।**

डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. हारिस अंसारी
M.S., M.Ch. (Urology)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन







### बहरापन में लापरवाही पड़ सकती है भारी

कम सुनाई देने पर की गई लापरवाही धीरे-धीरे आपको बहरा बना सकती है। अध्ययन बताते हैं कि भारत में 7 करोड़ से अधिक लोग बहरेपन से ग्रसित हैं, बड़ी उम्र के लोग जिन्हें सुनाई की क्षति होती है, उनकी दिमाग की गतिविधियां भी कमजोर होने लगती है। इसलिए जैसे ही आप की सुनाई क्षमता में कमी होती है, तुरंत नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें।

बरेली के ओम शांति हॉस्पिटल में दिल्ली से सीधी जाँच विश्व की पहली रिमोट ऑडियोमेट्री मशीन द्वारा।


**नाक कान व गला रोगों के परामर्श, जांच व इलाज हेतु संपर्क करें-**

ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, कालीबाड़ी बरेली
मो. 7500692860

डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
नाक, कान, गला, थॉयराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ




### अपनी पसंद के अनुसार जीवन जिएं

रूट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT) आपको स्वस्थ प्राकृतिक दांतों के सबसे करीब ले जा सकता है। वे आपको अपनी पसंद के अनुसार जीने की अनुमति देते हैं। आत्म विश्वास से खाना, मुस्कुराना, हंसना, बात करना और अपने दांतों की चिंता किए बिना अपनी सभी दैनिक गतिविधियों का आनंद लेना। आप रूट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT) के माध्यम से सिंगल, मल्टीपल या पूरे डेन्चर को फिक्स्ड दांतों से बदल सकते हैं।


**दांत संबंधी रोगों के परामर्श हेतु मिलें-**

डॉ. डी.के. सिंह BDS(MIDA) P.G.C.C.P.G.F. (Endo.)
SUNIEL DENTALS Apollo Hospital Delhi
मेन डोरा रोड, बादाम सिंह मार्केट, नियर रूद्राक्ष अपार्टमेन्ट, बरेली।
मो. 8923678643

डॉ. सारिका सिंह
B.Sc. B.D.S., P.G.C.C.
Consultant Dental Surgeon
(Cosmetic Dentistry & Endo.) MIDA




### कहीं पार्वो वायरस की चपेट में तो नहीं आपका पैट

मौसम बदलने से पालतू कुत्ते पार्वो वायरस की चपेट में आ रहे हैं। इस बीमारी से कुत्तों की आंत में संक्रमण हो रहा है। बड़े जानवरों को इस वायरस से कोई खतरा नहीं, लेकिन छोटे जानवरों के लिए यह वायरस गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। पार्वो वायरस कुत्ते की आंत में अवरोध पैदा करता है। इससे आंतों में संक्रमण हो जाता है। जिस कारण कुत्ते को खूनी उल्टी-दस्त होने लगते हैं। अगर, यह लक्षण आपको अपने पालतू जानवर में दिखाई देते हैं तो तुरंत परामर्श लें।


**जानवरों की बीमारी के परामर्श हेतु संपर्क करें-**

के.के. वैट्स
85, ई/2, आनन्द आश्रम रोड, विकास भवन के सामने,
रामपुर गार्डन, बरेली। मो. 8979656378, 0581-4504317

डॉ. काजल गुप्ता
B.V. Sc. & A.H. (Gold Medalist)
PGDAW
Skin Care Specialist


### स्वस्थ आहार लें

स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार बेहद जरूरी है। चिकित्सकों की सलाह है कि एक दिन में कम से कम तीन सेहतमंद और पौष्टिक भोजन खाएं। रात के खाने को हल्का रखने की कोशिश करें। आपकी डाइट में खासतौर से फल, सब्जियां, साबुत अनाज, प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ शामिल होने चाहिए। बता दें कि एक अच्छी बैलेंस्ड डाइट आपको बढ़िया पोषण देगी।

### अच्छी नींद लें

खुद को स्वस्थ रखने के लिए अच्छी नींद लेना जरूरी है। कई अध्ययनों में भी यह बात साबित हुई है कि नींद की कमी मोटापे और हृदय रोग सहित कई बीमारियों का कारण है। इसलिए सभी उम्र के लोगों को मानसिक थकान को दूर करने के लिए अच्छी नींद लेनी चाहिए।

### तनाव से दूर रहें

तनाव आपके कई स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिम्मेदार है। हर दिन तनाव में रहने से न केवल वजन बढ़ेगा, बल्कि बीमारियां भी हो सकती हैं। हालांकि, तनाव को काबू में लाना हर किसी के बस की बात नहीं है, लेकिन उन वजहों से खुद को कितना कम परेशान करना है, ये आप पर निर्भर करता है। नियमित एक्सरसाइज करें।

### मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें

जीवन की जरूरतों को पूरा करने के चक्कर में हम अपने मानसिक स्वास्थ्य को भूल ही जाते हैं। लेकिन संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए मानसिक स्वास्थ्य का अच्छा होना बहुत जरूरी है। ये नहीं भूलना चाहिए कि हमारा मानसिक स्वास्थ्य ही हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य की नींव है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगा और ध्यान अच्छा विकल्प है। इसके अलवा कुछ अच्छे कामों में खुद को शामिल करें और खुश रहें।



### बच्चों में पानी का महत्व

हमारे शरीर में 70 फीसदी पानी होता है। पानी के चार महत्वपूर्ण कार्य हैं। 1- पोषक तत्व को एक ऑर्गन से दूसरे ऑर्गन में पहुंचाना, 2- शरीर के तापमान को मेंटेन रखना, 3- अपशिष्ट पदार्श को बाहर निकालना, 4- इम्यून सिस्टम को सही रखना। बच्चे को अगर बार-बार प्यास लग रही है, पेशाब कम आ रही है। बच्चा सुस्त है, पेशाब का रंग गाढ़ा पीला है तो यह दर्शाता है कि बच्चे में पानी की कमी है। पानी की कमी से लू लगने का खतरा भी बढ़ जाता है।


**बच्चों की बीमारी के परामर्श हेतु संपर्क करें-**

थाना रोड, मीरगंज (बरेली)
मो. 9837317807

डॉ. हनीफ अंसारी
बाल रोग विशेषज्ञ




### तेज बुखार ज्यादा टिके तो सावधान...

बदलते मौसम के साथ ही बीमारियों और संक्रमण खतरा भी बढ़ जाता है। देशभर में इस समय मौसमी फ्लू के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। मानसून के मौसम की वजह से संक्रमण, वायरल और कंजेक्टिवाइटिस तेजी से फैल रहे हैं। लगातार होती बारिश ने कई शहरों में बाढ़ जैसे हालात बना दिए हैं, जिससे इन मामलों में और तेजी से बढ़ोतरी हो रही है।


**बीमारी के परामर्श हेतु मिलें-**

PRIME HOSPITAL
प्राइम हॉस्पिटल
बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
मो. 9758044442

डॉ. मिनहाज अली
M.D.
जनरल फिजिशियन




### आंख, नाक, कान में दिक्कत हो तो सावधान....

नाक, कान, गला-शरीर के ये तीन अंग जो सुनने, सांस लेने, बोलने और शरीर में संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, अक्सर संक्रमण, सूजन या चोट के कारण प्रभावित होते हैं। बैक्टीरिया या वायरस के कारण होने वाले संक्रमण जैसे कि सर्दी, फ्लू या साइनस संक्रमण से नाक, कान गौर गले में सूजन और दर्द हो सकता है। यदि आपको कोई भी लक्षण महसूस हो रहे हैं जो गंभीर हैं या लंबे समय तक बने रहते हैं, तो डॉक्टर से सलाह लेना महत्वपूर्ण है।


**बीमारी के परामर्श हेतु मिलें-**

मुदित ई.एन.टी.क्लीनिक
पंजाब नेशनल बैंक के सामने, मैक्नेयर रोड, प्रेमनगर, बरेली
11:00 AM-01:00 PM, 06:00-09:00 PM रविवार केवल

डॉ. मुदित मिश्रा
M.S. (सफदरजंग अस्पताल नई दिल्ली)
DNB, MRCS (LONDON)
नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ

# दीक्षांत समारोह : आईवीआरआई के 576 विद्यार्थियों को मिलीं उपाधि

## अलग-अलग क्षेत्र के मेधावियों को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रांज मेडल से सम्मानित किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



दीक्षांत समारोह में मौजूद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान।



दीक्षांत समारोह में जनप्रतिनिधियों के साथ भाजपा के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान इज्जतनगर के 11वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 2021 से 2024 के बीच के स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के कुल 576 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं। इसके साथ ही अलग-अलग क्षेत्रों के मेधावी छात्रों को मेडल भी प्रदान किए।

दीक्षांत समारोह में 41 विद्यार्थियों को बीवीएससी एंड एएच, 328 को एमवीएससी और 207 को पीएचडी की उपाधियाँ दी गईं। मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रांज मेडल से सम्मानित किया गया। पीएचडी वर्ग में डॉ. राजकुमार पटेल (2021-22), डॉ. मेघा शर्मा (2022-23) और डॉ. अमिता बानू एस (2023-24) को गोल्ड मेडल मिला। सिल्वर मेडल डॉ. प्रिया, डॉ. शारून खान और डॉ. मंजूषा के एम को जबकि ब्रॉन्ज मेडल डॉ. यैंसी मैरी इस्साक, डॉ. प्रवास रंजन साहू और डॉ. के. नारायण राठौड़ को प्रदान किया गया।

इसके साथ ही एमवीएससी वर्ग में डॉ. नवजोत सिंह ठाकुर, डॉ. सेलस सीएस और डॉ. खुशबू चौधरी को गोल्ड, डॉ. श्री लक्ष्मी पी, डॉ. कनिक घिल्डियाल और डॉ. रोशनी चंद्र को सिल्वर तथा डॉ. सिद्धार्थ चौधरी, डॉ. एलिजाबेथ ग्लैनेट ड्यूरोम और डॉ. हरिदीप वर्मा को ब्रॉन्ज मेडल से नवाजा गया। बीवीएससी एण्ड एएच के लिए डॉ. तान्या चौधरी, डॉ. अतुल प्रताप सिंह को गोल्ड और डॉ. रेनू मोटवानी व डॉ. पुष्पा कुमावत को ब्रॉन्ज मेडल मिला।

उत्कृष्ट महिला छात्र पुरस्कार पीएचडी वर्ग में डॉ. निवेदिता नायक, डॉ. मेघा शर्मा और डॉ. अमृता बानू को दिया गया। एमवीएससी वर्ग में डॉ. श्रीलक्ष्मी पी, डॉ. अंजना पी और डॉ. रोशनी चंद्र ने यह सम्मान प्राप्त किया, जबकि स्नातक स्तर पर डॉ. रेनू मोटवानी और डॉ. वर्षा गंगवार को यह पुरस्कार दिया गया। वर्ष 2022-24 का उत्कृष्ट महिला वैज्ञानिक पुरस्कार डॉ. सोनल, डॉ. हिमानी धान्जे, डॉ. सोनालिका महाजन, डॉ. अंजु काला, डॉ. रिंकु शर्मा और डॉ. गीता चौहान को प्रदान किया गया।

दीक्षांत समारोह में विभिन्न शैक्षणिक एवं शोध उपलब्धियों के लिए कई प्रतिष्ठित अवार्ड भी वितरित किए गए। डॉ. चितांमणी सिंह अवार्ड डॉ. अरुण प्रिंस मिल्टन, डॉ. रंजीता एच.बी. और डॉ. शारून खान को मिला। डॉ. डी.आर. उप्पल अवार्ड वर्ष 2021-22 के लिए डॉ. मुकेश भट्ट और 2022-23 के लिए डॉ. सोनू एस. नायर को प्रदान किया गया। डॉ. एस.एस. प्रभु अवार्ड डॉ. स्नेह स्मिता पांडा और डॉ. वाणी ए को, डॉ. भगवत पांडा अवार्ड डॉ. निवेदिता नायक, डॉ. मोनिका एम और डॉ. जगधने विनय मोहन को प्रदान किया गया। पशु जैव प्रौद्योगिकी में उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. सुहास एच.जी., डॉ. संजु कुंजुमोन और डॉ. रूद्रेश्वरन एम को डॉ. जी. बुच्चैया अवार्ड, पशु पोषण के क्षेत्र में डॉ. लोकेश ई., डॉ. प्रमोद चौधरी और डॉ. काशी सौजन्या लक्ष्मी आर को डॉ. एस.के. तालपात्रा अवार्ड तथा डॉ. तीर्थेस एम., डॉ. अलीशा शर्मा और डॉ. कनिगा जी को डॉ. यू.आर. मेहरा अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक व सचिव डेयर डॉ. मांगीलाल जाट और प्रो. डॉ. प्रदीप कुमार जोशी, चांसलर, सीएयू इम्फाल एवं प्रग्योतिषपुर विश्वविद्यालय को मानद उपाधियां प्रदान की गईं।

● **41 विद्यार्थियों को बीवीएससी 328 को एमवीएससी और 207 को मिलीं पीएचडी उपाधि**

## राष्ट्रपति के हाथों पदक पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

**बरेली, अमृत विचार:** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के 11वें दीक्षांत समारोह में सर्वाधिक खुशी स्वर्ण पदक मिलने वाले विद्यार्थियों को रही। द्रौपदी मुर्मू के हाथों मेडल पाकर आईवीआरआई के मेधावी खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। इससे पहले करीब 35 साल पहले 1990 में तत्कालीन राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमण ने आईवीआरआई के मेधावियों को मेडल दिए थे।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों उपाधि प्राप्त करता छात्र। ● अमृत विचार



आईवीआरआई में शैक्षणिक सत्र 2021-22 के एमवीएससी छात्र डॉ. नवजोत सिंह ठाकुर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों गोल्ड मेडल मिला है। डॉ. नवजोत सिंह ने संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. उमेश डिमरी के निर्देशन में कुत्तों की बढ़ती उम्र में कैल्शियम की कमी पर अध्ययन किया। इन्होंने अपने अध्ययन के जरिये कुत्तों की बढ़ती उम्र में उनके रखरखाव के संबंध में कई सुझाव भी दिए। उन्होंने बताया कि भविष्य में इस विषय पर अधिक शोध करके कुत्तों की बेहतर नस्ल विकसित करने का इरादा है।

भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में राष्ट्रपति के हाथों गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली डॉ. तान्या चौधरी काफी मेधावी हैं। अपने बैच में भी 85.12 प्रतिशत लाकर इन्होंने गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। इसी के आधार पर डॉ. तान्या को वैश्विक स्कॉलरशिप भी मिली हुई है, जो विश्व में महज 80 वेटरनरी छात्रों को ही मिलती है। डॉ. तान्या फिलहाल पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रही हैं। उनका पशु चिकित्सा के क्षेत्र में अनुसंधान कर समाज की प्रगति में मदद करने का उद्देश्य है।



भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान के पैथोलॉजी विभाग में वर्ष 2023-24 के पीएचडी शोधार्थियों में डॉ. अमृता बानू को स्वर्ण पदक मिला। वर्तमान में डॉ. अमृता यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका में एसोसिएट रिसर्चर के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। डॉ. बानू ने प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अभिजीत पावड़े के नेतृत्व में अंडे के बाहरी कवच के सेल मेम्ब्रेन से घाव भरने पर अध्ययन किया। अमेरिका में होने के चलते वे दीक्षांत समारोह में नहीं पहुंच सकीं।



भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान के एक्सटेंशन विभाग में एमवीएससी की छात्रा डॉ. खुशबू को स्वर्ण पदक मिला। उन्होंने डॉ. रविकांत अग्रवाल के निर्देशन में एमवीएससी में अपनी थीसिस पूरी की। उन्होंने आईवीआरआई के वैज्ञानिकों के तनाव और प्रोडक्टिविटी के बीच आपसी समन्वय पर शोध किया। डॉ. खुशबू ने बताया कि राष्ट्रपति के हाथों से स्वर्ण पदक प्राप्त करना बड़ी उपलब्धि है।



भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान में वीवीएससी पाठ्यक्रम के विद्यार्थी डॉ. अतुल प्रताप सिंह को शैक्षिक सत्र 2024 के लिए स्वर्ण पदक मिला। डॉ. अतुल ने बताया की वे कुशीनगर निवासी हैं। उन्होंने वर्ष 2019 में वीवीएससी में प्रवेश लिया। आईवीआरआई से वीवीएससी करना स्वयं में गौरवान्वित करने वाला है। ये ख़ुशी दोगुना तब हो गई जब मुझे स्वर्ण पदक भारत की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों से मिला। उन्होंने बताया कि माननीय राष्ट्रपति का जीवन हमें संघर्षरत रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। डॉ. अतुल भविष्य में स्टेम सेल के ऊपर और अधिक अध्ययन करने की रणनीति बना रहे हैं।



भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान के पैथोलॉजी विभाग में वर्ष 2022-23 के पीएचडी शोधार्थियों में डॉ. मेघा शर्मा को स्वर्ण पदक मिला। जम्मू निवासी डॉ. मेघा शर्मा ने मुर्गियों में होने वाली ब्रोंकाइटिस बीमारी पर अध्ययन किया। यह एक वायरल बीमारी है। इसमें खून की खांसी, चेहरे पर सूजन के लक्षण होते हैं। उन्होंने वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अशोक के गाइडेंस में पीएचडी पूरी की। डॉ. मेघा को वीवीएससी और एमवीएससी में भी स्वर्ण पदक मिल चुका है। वर्तमान में वे आईवीआरआई के पैथोलॉजी विभाग में कार्यरत हैं।



आईवीआरआई में शैक्षणिक सत्र 2021-22 के पीएचडी शोधार्थी रहे डॉ. राजकुमार पटेल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों गोल्ड मेडल मिला है। मध्य प्रदेश के रीवा निवासी डॉ. राजकुमार ने फार्मर प्रोडक्शन ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ) पर अध्ययन किया। अपने अध्ययन के जरिये इन्होंने बताया कि किस तरह किसान अपना एक समूह बनाकर आय दोगुनी कर सकते हैं। डॉ. राजकुमार के अध्ययन को काफी सराहा गया है। उन्होने बताया कि राष्ट्रपति के हाथों से स्वर्ण पदक प्राप्त करना उनके लिए अविस्मरणीय पल रहा।

## बैकयार्ड मुर्गीपालन से बड़ी संख्या में तेजी से जुड़ रहे किसान : शिवराज

कार्यालय संवाददाता, बरेली



केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान में मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छात्रों से किया संवाद।

**अमृत विचार :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान के फार्म का भ्रमण किया। उन्होंने देसी मुर्गी फार्म, बटेर समेत सीएआरआई के अन्य फार्मों का भी निरीक्षण किया। केंद्रीय कृषि मंत्री ने प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में वैज्ञानिकों और विद्यार्थियों से संवाद किया।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि मुर्गी पालन जहां पहले आर्थिक रूप से कमजोर और सिर्फ ग्रामीण परिवेश में किए जाने वाला छोटा व्यापार माना जाता था। उसे सीएआरआई के वैज्ञानिकों ने वैज्ञानिक पद्धतियों से बैकयार्ड मुर्गीपालन में बदला। इसका नतीजा ये है कि ये अब गांव में रहने वाला छोटा व्यापार नहीं रह गया है।अब शहरी क्षेत्रों में भी लोग कुक्कुट पालन के प्रति जागरूक हो रहे हैं। वहीं, वैज्ञानिकों की कमी पर उन्होंने बताया कि दीपावली त्योहार से पहले ही सीएआरआई की वैज्ञानिक क्षमता को निश्चित रूप से बढ़ाया जाएगा। उन्होंने निदेशक को समस्या आने पर फोन पर भी उपलब्ध रहने का आश्वासन दिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संस्थान से मिले ज्ञान को अपने तक सीमित न रखें, ज्ञान को समाज के विकास के लिए इस्तेमाल करने की सलाह दी। निदेशक डॉ. अशोक कुमार तिवारी ने अतिथियों के समक्ष संस्थान का 2047 तक का रोडमैप प्रस्तुत किया। इसमें अन्य प्रदेशों में सीएआरआई की नस्लों को पहुंचाने के लिए नेटवर्क प्रोजेक्ट लागू करने पर विचार करने को कहा। इससे प्रदेशों के समन्वय से सीएआरआई पूरे देश में मुर्गियों की उन्नत नस्लों को पहुंचा जा सकता है। इससे पहले संस्थान के निदेशक ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, आईसीएआर डीजी डॉ. मांगी लाल जाट, डीडीजी डॉ.राघवेंद्र भट्टा का संस्थान में स्वागत किया।



ट्रैफिक रोकने के कारण डेलापीर की गलियों में लगी वाहनों की कतार। ● अमृत विचार

## सड़कों पर दिखा सन्नाटा, गलियों में लगा रहा जाम

**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार सुबह एयरफोर्स से जब अपने काफिले से आईवीआरआई पहुंचीं तो डेलापीर चौराहे पर भी आवाजाही प्रतिबंध कर दी गई थी। इस वजह से ज्यादातर लोग सौ फुटा मार्ग से गलियों में होकर डेलापीर चौराहा और अन्य गंतव्य स्थानों के लिए जाते रहे। गलियों में ट्रैफिक ज्यादा होने पर जाम के हालात बन गए, जबकि मुख्य सड़कें पूरी तरह से साफ रहीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर पुलिस विभाग एक सप्ताह से तैयारियां कर रहा रहा था। राष्ट्रपति की सुरक्षा में पांच एसपी, नौ एडिशनल एसपी, 18 सीओ, 55 इंस्पेक्टर, 250 दरोगा, 300 महिला सिपाही, 700 पुरुष मुख्य आरक्षी और आरक्षी समेत चार कंपनी पीएसी की तैनात की गई थी।

## जिस रास्ते से गुजरा राष्ट्रपति का काफिला, सुरक्षा रही चौक चौबंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **बारिश तो कभी हल्की फुहारों के बीच राष्ट्रपति की एक झलक पाने को डटे रहे लोग**

● **डमरू चौराहा के पास लोगों ने हाथ हिला राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री का किया अभिवादन**

**अमृत विचार:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आईवीआरआई में आगमन के दौरान त्रिशूल एयरबेस से लेकर कार्यक्रम स्थल तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। उनके काफिले के मार्ग पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी। इसमें विभिन्न स्तर के अधिकारी और जवान तैनात थे।

यातायात को लेकर विशेष रूट डायवर्जन की योजना पहले से लागू कर दी गई थी, ताकि राष्ट्रपति के काफिले को सुगमता से गुजारा जा सके। वहीं, कभी तेज बारिश तो कभी हल्की फुहारों के बीच राष्ट्रपति की एक झलक पाने के लिए लोग डटे रहे। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल और मुख्यमंत्री का काफिला जब डमरू चौराहा से होकर निकला तो लोगों ने हाथ हिलाकर अभिवादन किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार की सुबह 9:50 बजे विशेष वायुयान से बरेली पहुंची थीं। उनके स्वागत के लिए त्रिशूल एयरबेस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल पहले से मौजूद थे। राष्ट्रपति के पहुंचने का पता चलने पर त्रिशूल एयरबेस से लेकर आईवीआरआई तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस मुस्तैद रही।

## 136 वर्षों से पशु चिकित्सा में निरंतर शोध कर रहा आईवीआरआई

● **दीक्षांत समारोह में बोले निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त**

**बरेली, अमृत विचार :** आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने दीक्षांत समारोह की औपचारिक शुरुआत कर बताया कि आईवीआरआई 1889 में पुणे की एक लैब से शुरू हुआ।

करीब 240 वैज्ञानिकों वाले इस संस्थान में पशुओं पर बेहतरीन शोध, सौ से ज्यादा नई टेक्नोलॉजी से लेकर 50 से ज्यादा वैक्सीन तैयार की जा चुकी हैं। संस्थान में 22 विषयों में राष्ट्रीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम, पशु चिकित्सा विज्ञान में स्नातक (बीवीएससी, एएच), बायोटेक्नोलोजी, 18 विषयों में एमवीएससी, 03 विषयों में एमएससी, 18 विषयों में पीएचडी की उपाधि, 68 सर्टिफिकेट तथा वोकेशनल कोर्स शुरू किए हैं। पशुधन के आनुवंशिक विकास पर अनुसंधान से वैज्ञानिकों ने वृंदावनी गाय, लैंडली सूकर विकसित किया। रुहेलखंडी गाय, रुहेलखंडी बकरी, घुर्रा सूकर को चिह्नित कर राष्ट्रीय स्तर पर पंजीकृत कराया है। पशु पोषण विभाग देशभर के चिड़ियाघरों में जानवरों को दिए जाने वाला आहार की जांच कर सुझाव देता है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मोमेंटो भेंट करते निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त।

वन्यजीव प्राणी संस्थान, चिड़ियाघर समेत सफारी, टाइगर रिजर्व, रेस्क्यू सेंटर की देखभाल की जानकारी के लिए गाइडलाइन जारी करता है। आईवीआरआई 136 वर्षों से लगातार पशु चिकित्सा के क्षेत्र में निरंतर शोध कर रहा है।

### दीक्षांत समारोह में ये अतिथि मौजूद रहे

कार्यक्रम में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, वनमंत्री डॉ अरुण कुमार, राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, सांसद छत्रपाल गंगवार, भाजपा ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, भाजपा बरेली जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक संजीव अग्रवाल, विधायक डा. डीसी वर्मा, विधायक डा. राघवेंद्र शर्मा, विधायक डॉ. एमपी आर्य, विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, भाजपा नेता अनिल सक्सेना, रविन्द्र कुमार राठौर, पवन शर्मा, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, यूनिवर्सिटी कुलपति डा. लता अग्रवाल, सीएआरआई निदेशक डॉ. एके तिवारी, उद्यमी घनश्याम खंडेलवाल, रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह, एसके सिंह, उन्मुक्त संभवशील, डॉ विनोद पागरानी, पूरन सिंह लोधी आदि उपस्थित रहे।

## आईजीआरएस में प्रथम रहने पर एडीजी को मिली प्रदेश की कमान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **जन शिकायतों के निस्तारण में लंबे समय से बरेली जोन आ रहा प्रदेश में प्रथम**

**अमृत विचार :** आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण में बरेली जोन लगातार प्रदेश में प्रथम आ रहा है। इसे देखते हुए शासन ने जोन के एडीजी रमित शर्मा को प्रदेश भर की आईजीआरएस प्रणाली की कमान सौंपी है।

बता दें कि जोन ने पिछले कई महीनों से आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इस प्रदर्शन पर मुख्यमंत्री कार्यालय और गृह विभाग ने भी सराहना जताई थी। शासन ने एडीजी रमित शर्मा की कार्यशैली को उदाहरण मानते हुए यह अहम जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है।

एडीजी रमित शर्मा के नेतृत्व में बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर समेत जोन के अन्य जिलों में आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का न केवल शीघ्र निस्तारण किया गया, बल्कि प्रत्येक मामले में फील्ड स्तर पर प्रभावी कार्रवाई भी सुनिश्चित कराई गई। इससे आम जनता का भरोसा पुलिस पर और मजबूत हुआ है। आईजीआरएस प्रणाली के महत्व को समझते हुए शासन की ओर से बरेली जोन में लागू की गई रणनीति और निगरानी मॉडल को अब प्रदेश के अन्य मंडलों में भी लागू किया जाएगा। एडीजी रमित शर्मा प्रदेश के सभी जोनों के आईजीआरएस आंकड़ों की समीक्षा करेंगे और जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी देंगे। एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि बरेली जोन की सफलता टीम वर्क और फील्ड अधिकारियों की मेहनत का नतीजा है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी हम जनसुनवाई की प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और जनहितकारी बनाएंगे।

## व्यावसायिक भूखंडों के लिए कम आए आवेदन, बढ़ी तारीख

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने रामगंगानगर, ग्रेटर बरेली आवासीय योजना में व्यावसायिक भूखंड खरीदने के लिए मांगे गए आवेदनों की संख्या कम होने की वजह से तिथि बढ़ाकर 4 जुलाई कर दी है।

बीडीए आवासीय योजनाओं के क्षेत्र में व्यावसायिक भूखंड देने की योजना पर काम कर रहा है। इसमें कॉम्पलेक्स, होटल, शोरूम, पेट्रोल पंप, स्कूल आदि के लिए भूखंड उपलब्ध करा रहा है। इसके लिए 26 मई से 26 जून तक आवेदन करने की तिथि थी लेकिन आवेदनों की संख्या कम होने के कारण प्राधिकरण को आवेदन की तारीख आगे बढ़ानी पड़ी। अब इन भूखंडों में आवेदन करने की अंतिम तारीख 4 जुलाई तक बढ़ा दी गई, जिसका 5 जुलाई को सुबह 11 बजे से बीडीए के नए कार्यालय में लॉटरी ड्रा होगा। बीडीए की योजना के तहत रामगंगानगर और ग्रेटर बरेली आवासीय योजना में विभिन्न सेक्टरों में 99 भूखंड अलग-अलग दरों पर क्षेत्रफल के हिसाब से रखे गए हैं।

## सीटें खाली रहने पर बढ़ाई तिथि, स्नातक में 15 तक प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने मेरिट के आधार पर प्रवेश के दिए निर्देश**

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तिथि एक बार फिर बढ़ा दी है।

लगभग एक लाख सीटें खाली होने की वजह से अब स्नातक में 15 जुलाई तक विश्वविद्यालय परिसर और महाविद्यालयों में मेरिट के आधार पर प्रवेश लिए जाएंगे। वहीं परास्नातक में प्रवेश के लिए पंजीकरण 10 जुलाई तक होंगे। मेरिट और प्रवेश की अंतिम तिथि बाद में जारी की जाएगी।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर और बरेली, पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर जिलों के संबद्ध महाविद्यालयों के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण 20 मई से शुरू हुए थे। सबसे पहले 10 जून पंजीकरण की अंतिम तिथि घोषित की गई थी। अपेक्षित पंजीकरण न होने के बाद इसे 25 जून और फिर 30 जून तक बढ़ा दिया गया है। दो बार तारीख बढ़ने के बाद भी काफी कम संख्या में प्रवेश हुए। अब कुलसचिव की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं कि 15 जुलाई तक ऑनलाइन मेरिट तैयार कर प्रवेश सुनिश्चित करें।

### स्नातकोत्तर में अब पंजीकरण 10 तक

स्नातकोत्तर में प्रवेश के लिए पंजीकरण 12 जून से शुरू हुए थे। स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों की लगभग 1.75 लाख सीटों के सापेक्ष अभी करीब 70 हजार आवेदन ही हुए हैं। इस कारण अब स्नातकोत्तर में पंजीकरण के लिए तिथि 10 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। समर्थ पोर्टल पर छात्र 150 रुपये की आनलाइन फीस जमाकर पंजीकरण कर सकते हैं।

### 3 जुलाई तक होगा फॉर्म में अपडेशन

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने यूजी-पीजी के साथ ही एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में समर्थ पोर्टल के जरिए पंजीकरण करने वाले छात्रों के फार्म अपडेशन की विंडो को 3 जुलाई तक खोल दिया है। कुलसचिव संजीव कुमार ने अभ्यर्थियों से समर्थ लॉगिन आईडी के माध्यम से संशोधन का निर्देश दिया है ताकि ऑनलाइन मेरिट के आधार पर प्रवेश लेने या प्रवेश परीक्षा के बाद काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश लेने में कोई असुविधा न हो।

शतेषु जायते शूरः सहस्रेषु च पण्डितः।
वक्ता दशसहस्रेषु दाता भवति वा न वा।।

सौ लोगों में से एक शूरवीर होता है। हजार लोगों में एक विद्वान होता है। दस हजार लोगों में एक अच्छा वक्ता होता है। वहीं लाखों में बस एक ही दानी होता है।

## संपादकीय

# कालेज परिसर में दरिंदगी

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक प्रतिष्ठित लॉ कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा को उसके ही कॉलेज परिसर में घसीटा जाता है, गैंगरेप किया जाता है, वीडियो रिकॉर्ड होता है और उसे धमकी दी जाती है कि अगर किसी से कुछ कहा तो यह वीडियो वायरल कर दिया जाएगा। सवाल यह है कि कॉलेज का वह परिसर जो पढ़ाई और कानून की समझ के लिए बनाया गया था, वह एक साजिशी अपराध की जगह कैसे बन गया? सीसीटीवी कैमरे चालू थे, सुरक्षा गार्ड मौजूद थे, मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हुई है, फिर भी पुलिस ढंग से तभी हरकत में आई जब वीडियो सोशल मीडिया पर तैरने लगा। मुख्य आरोपी अब गिरफ्तार किए जा चुके हैं; क्या मौके से मिले सबूत काफी नहीं थे पुलिस को फ़ौरन कार्रवाई के लिए? या फिर राज्य सरकार को पहले यह तय करना था कि आरोपियों का राजनीतिक संबंध कितना भारी पड़ेगा? क्या इसलिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी इस बार भी उतनी ही स्पष्ट है जितनी आरजी कर मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर के केस में थी? यह पहली बार नहीं है कि कोलकाता के किसी कॉलेज में एक छात्रा के साथ बलात्कार हुआ हो। ठीक दस महीने पहले आरजी कर मेडिकल कॉलेज की इंटर्न डॉक्टर के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ, उसके बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। उस केस में भी तमाम सबूतों के बावजूद कार्रवाई धीमी रही और अब तक न्याय अधूरा है।

सवाल यह है कि क्या कोलकाता के कॉलेज लड़कियों के लिए कैंपस नहीं, क्राइम सीन बनते जा रहे हैं? क्या महिला सुरक्षा अब भी केवल घोषणाओं और चुनावी वादों तक सीमित रहेगी? राज्य सरकार कह रही है कि आरोपी का पार्टी से कोई रिश्ता नहीं, लेकिन ये स्पष्टीकरण तब क्यों आता है जब आरोप गहराने लगते हैं? बीजेपी मुख्यमंत्री से इस्तीफ़ा मांग रही है, महिला आयोग की टीम को कॉलेज कैंपस में देर से प्रवेश दिया गया क्या यह सब एक लड़की की अस्मिता से बड़ा है? क्या हम फिर वही कहानी दोहराते रहेंगे-पहले रेप, फिर चुप्पी, फिर राजनीति, फिर मीडिया ट्रायल, और फिर धीरे-धीरे भूल जाना? क्या छात्रा की आपबीती, जिसमें वह कहती है कि "मुझे लगा मैं ज़िंदा नहीं बचूंगी," केवल एक सुर्खी बनकर रह जाएगी? समाज, पुलिस, कॉलेज प्रशासन और राजनेता सभी को यह तय करना होगा कि वे पीड़िता के साथ खड़े हैं या आरोपियों की चुप्पी के हिस्सेदार हैं। क्योंकि सवाल अब यह नहीं कि अगला शिकार कौन होगी, सवाल यह है कि अगली बार भी सब उतने ही चुप रहेंगे क्या?

# क्या मशीनें भर सकती हैं धरती का घाव


नृपेन्द्र अभिषेक नृप
नई दिल्ली

जलवायु न्याय, या क्लाइमेट जस्टिस, एक नैतिक और राजनीतिक अवधारणा है जो जलवायु परिवर्तन को केवल पर्यावरणीय संकट न मानकर उसे वैश्विक असमानताओं की एक कड़ी मानती है।

जब धरती की छाती पर मशीनों की सनसनाहट प्रकृति के हृदय की धड़कनों को दबा दे, जब वनों की हरियाली पर कृत्रिम सोल्यूशनों का धुंआ छा जाए, तब यह प्रश्न अनिवार्य हो उठता है-क्या तकनीक वास्तव में उस करुण क्रंदन का प्रत्युत्तर है जो जलवायु न्याय की मांग करता है? आज मानवता एक ऐसे युग के मुहाने पर खड़ी है जहां एक ओर विज्ञान अपने चमत्कारों से भविष्य गढ़ने का दावा करता है, वहीं दूसरी ओर पृथ्वी, जो मां के समान हमें जीवन देती रही, उसके आंचल पर हमने प्रदूषण, शोषण और उपेक्षा के धब्बे छोड़ दिए हैं। 'क्लाइमेट जस्टिस बनाम क्लाइमेट टेक्नोलॉजी' की यह बहस कोई साधारण विमर्श नहीं, बल्कि सभ्यता के विवेक और वर्चस्व की उस लड़ाई का प्रतीक है जिसमें ग्लोबल नॉर्थ अपनी ऐतिहासिक जिम्मेदारियों से बचकर तकनीकी उपायों की आड़ में नए उपनिवेश रच रहा है, जबकि ग्लोबल साउथ अब भी उन आंधियों को झेल रहा है जो उसने कभी बोई ही नहीं थीं।

जलवायु न्याय, या क्लाइमेट जस्टिस, एक नैतिक और राजनीतिक अवधारणा है जो जलवायु परिवर्तन को केवल पर्यावरणीय संकट न मानकर उसे वैश्विक असमानताओं की एक कड़ी मानती है। यह दृष्टिकोण मानता है कि जलवायु संकट का बोझ समान रूप से वितरित नहीं हुआ है, न तो उत्पत्ति के स्तर पर और न ही प्रभाव के स्तर पर। ऐतिहासिक रूप से, ग्लोबल नॉर्थ यानी यूरोप, अमेरिका, जापान जैसे विकसित देश औद्योगिक क्रांति से लेकर अब तक वायुमंडल में सर्वाधिक ग्रीनहाउस गैसें छोड़ते आए हैं। इसके विपरीत, ग्लोबल साउथ जैसे भारत, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और दक्षिण एशिया के अन्य विकासशील देश, ऐसे हैं जिन्होंने अपेक्षाकृत कम उत्सर्जन किया है, परन्तु जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों को सबसे अधिक झेला है। यही विसंगति जलवायु न्याय की मूल भावना है।

इस असंतुलन को ठीक करने के लिए 'क्लाइमेट जस्टिस' की परिकल्पना न्याय, उत्तरदायित्व और पुनर्वितरण पर आधारित है।



इसका तात्पर्य यह है कि जिन राष्ट्रों ने इतिहास में अधिक प्रदूषण किया है, उन्हें आज जिम्मेदारी लेनी चाहिए, न केवल अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने की, बल्कि उन विकासशील देशों की सहायता करने की भी जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहे हैं। इसमें तकनीकी सहायता, वित्तीय सहायता और जलवायु अनुकूलन के उपाय शामिल हैं। लेकिन समस्या यहीं समाप्त नहीं होती।

जब ग्लोबल नॉर्थ तकनीकी समाधानों की बात करता है, जैसे कि कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी या सोलर जियोइंजीनियरिंग तो यह एक नई बहस को जन्म देता है। क्या यह वास्तव में समस्या का समाधान है या केवल एक और तकनीकी भ्रम है जो मूल कारणों से ध्यान भटका देता है? क्या यह जलवायु संकट की वास्तविक नैतिक और ऐतिहासिक जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ने का एक नया उपनिवेशवादी तरीका नहीं है?

कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी, जिसमें उद्योगों या वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को खींच कर जमीन के भीतर दफना दिया जाता है, सुनने में आकर्षक लग सकती है। परन्तु यह तकनीक अभी तक व्यावसायिक रूप से सक्षम नहीं हो सकी है और इसके दीर्घकालिक प्रभावों पर भी संशय बना हुआ है। अधिकांश सीसीएस प्रोजेक्ट्स या तो असफल रहे हैं, या फिर इतने महंगे हैं कि इन्हें बड़े पैमाने पर लागू करना व्यावहारिक नहीं दिखता। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि इस तकनीक के पीछे छिपा हुआ भाव यह है कि हम अभी भी जीवाश्म ईंधनों का उपयोग करते रह सकते हैं, क्योंकि हमारे पास "वैकल्पिक उपाय" हैं। यह न केवल एक भ्रम है, बल्कि नैतिक रूप से भी गलत है, क्योंकि यह जलवायु न्याय की भावना को नकारता है।

सोलर जियोइंजीनियरिंग का विचार तो और भी अधिक विवादास्पद है। इस तकनीक में पृथ्वी की सतह पर आने वाली सौर ऊर्जा को नियंत्रित करने के लिए कृत्रिम उपाय किए जाते हैं, जैसे कि स्ट्रैटोस्फीयर में सल्फर डाइऑक्साइड के कण छोड़ना ताकि सूरज की रोशनी को परावर्तित किया जा सके। यद्यपि वैज्ञानिकों ने इसकी कुछ प्रयोगशालाओं में सफलता का दावा किया है, परन्तु इसके दीर्घकालिक और वैश्विक प्रभावों के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं है। अगर यह प्रयोग असफल हो जाए, तो इसका परिणाम वैश्विक मौसम प्रणाली पर भयानक प्रभाव डाल सकता है जिसमें बाढ़, सूखा, मानसून की विफलता आदि की संभावना है।

अब यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि ऐसी तकनीकें किसके हित में हैं? क्या यह तकनीकें केवल उन राष्ट्रों को सशक्त नहीं करतीं जो पहले से ही अधिक संसाधन, तकनीकी प्रभुत्व और वैश्विक संस्थाओं पर प्रभाव रखते हैं? उदाहरण के लिए, यदि अमेरिका या चीन सोलर जियोइंजीनियरिंग का प्रयोग करते हैं और उसके परिणामस्वरूप भारत या अफ्रीका में सूखा पड़ता है, तो कौन जिम्मेदार होगा? जलवायु परिवर्तन को एक वैश्विक 'कॉमन' मानने की आवश्यकता है, न कि एक प्रयोगशाला जहां कुछ शक्तिशाली देश अपने हितों के लिए मौसम और प्रकृति के साथ खिलवाड़ करें।

वास्तव में, जलवायु तकनीकों की यह प्रवृत्ति एक नई तरह की उपनिवेशवादी मानसिकता को जन्म देती है- 'ग्रीन कॉलोनियलिज़्म'। पहले उपनिवेशवादी देशों ने वैश्विक दक्षिण से संसाधन लूटे, आज वे अपने प्रदूषण की भरपाई के नाम पर उन्हीं देशों में "कार्बन ऑफसेट प्रोजेक्ट्स" चला रहे हैं। विशाल भूभागों को "कार्बन सिंक" बनाने के लिए किसानों और आदिवासियों की भूमि छीनी जा रही है, उन्हें जंगलों की रक्षा करने का ठेका दिया जा रहा है जबकि उन जंगलों के 'मालिक' अब बहुराष्ट्रीय कंपनियां बन चुकी हैं। यह न तो न्याय है, न विज्ञान, यह एक पॉलिसी किया हुआ शोषण है, जिसे अब पर्यावरणीय नैतिकता का लबादा पहनाया जा रहा है।

इस सबके बीच, जलवायु न्याय की पुकार और भी मुखर होती जा रही है। ग्लोबल साउथ के देश बार-बार यह मांग करते आए हैं कि 'लॉस एंड डैमेज' फंड- जिसकी स्थापना कॉप27 में की गई थी, वास्तविक रूप में अमल में आए। यह फंड उन देशों को मुआवजा देने के लिए है जो जलवायु परिवर्तन से हुए नुकसानों से जूझ रहे हैं, जबकि उन्होंने इस संकट में बहुत कम योगदान दिया है। लेकिन अब तक इसमें बहुत कम प्रगति हुई है। तकनीक की आड़ में नैतिक जिम्मेदारी को बार-बार टाल दिया गया है।

इस संबंध में यह जानना भी आवश्यक है कि तकनीक को पूरी तरह खारिज करना भी उचित नहीं होगा। हां, तकनीकें सहायक हो सकती हैं, अगर उनका प्रयोग जलवायु न्याय के दृष्टिकोण से किया जाए। स्थानीय स्तर पर अनुकूलन तकनीकें, जैसे जल संरक्षण के पारंपरिक उपायों का आधुनिकीकरण, सौर ऊर्जा का स्थानीयकरण, जैविक कृषि में तकनीकी सहायता आदि, वास्तव में न्यायपूर्ण समाधान बन सकते हैं। लेकिन इनका विकास नीचे से ऊपर की प्रक्रिया में होना चाहिए, न कि ऊपर से थोपे गए मॉडल के रूप में।

हम कह सकते हैं कि तकनीक एक औज़ार हो सकती है, पर वह लक्ष्य नहीं हो सकती। जब तक हम जलवायु संकट को केवल तकनीकी चुनौती मानते रहेंगे, हम उसके वास्तविक समाधान से दूर भागते रहेंगे। हमें यह स्वीकार करना होगा कि प्रकृति की भरपाई करना केवल विज्ञान की सीमा से परे है-यह एक नैतिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक पुनर्निर्माण की मांग करता है और जब तक यह पुनर्निर्माण नहीं होता, तब तक जलवायु न्याय केवल एक नारा रहेगा, और तकनीकें केवल अस्थायी मरहम। हमें मरहम नहीं, उपचार चाहिए- न्यायपूर्ण, समावेशी और टिकाऊ। यही मानवता और प्रकृति दोनों के भविष्य की सबसे बड़ी ज़रूरत है।

## प्रसंगवश

# कलाकार और साहित्यकार


शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

कला अनैतिकता की दीमक लगने से एक जर्जर सुंदरता भर होती है, कोई बड़ा असर नहीं छोड़ती। यहां अनैतिकता का कोई पवित्रतावादी तात्पर्य नहीं है, क्योंकि आज नैतिकता के प्रधान स्रोत होने चाहिए-बंधुत्व, स्वतंत्रता और समानता। अतः आज अनैतिक का अर्थ है जो बंधुत्व, स्वतंत्रता और समानता का अपने आचरण में विरोधी है। हाल में एक कलाकार-कवि के अभद्र आचरण को किसी विच्छिन्न घटना के रूप में न देखकर हिंदी समाज में नैतिकता के सार्वभौम पतन के संदर्भ में देखा जा सकता है। हर तरफ हिंसा और पितृसत्ता सहित तमाम सत्ताएं बेलगाम हैं। इस कलाकार-कवि को कुछ ज्यादा घेरा गया, यह कहना भी जरूरी है कि यह कोई हंसने या मजा लेने की घटना नहीं है, यह पतन बड़ा कष्टदायक है। यह भी देखा जा सकता है कि इस घटना का संबंध केवल जेंडर मुद्दे से नहीं है, इस कलाकार-कवि के पुराने बेहूदी प्रकृति के आक्रमणों के लंबे सिलसिले से है जिसकी कड़ी नामवर सिंह, अशोक वाजपेयी आदि से शुरू होती है और उसमें शायद ही आगे सुधार हो। लेखकों पर वैचारिक आक्रमणों का हमेशा स्वागत है, पर क्या हिंदी में ऐसा आक्रमण रत्ती भर बचा है। यह व्यक्तिगत आक्रमण और चुनी हुई चुप्पियों का युग है। यही वजह है कि कई बार हिंदी लेखकों को आत्मप्रचार में उतरना पड़ता है जो एक दयनीय दशा है। दरअसल हिंदी साहित्यिक संसार में सराहना की जितनी गहरी भूख है, उतनी यह दुर्लभ है। इससे बहुत सी अनैतिकताओं और कुंठाओं का जन्म होता है, जिसका असर लेखक की सोच और उसकी साहित्यिक गुणवत्ता पर पड़ता है। बहुत दृढ़ व्यक्ति ही कला और नैतिकता दोनों को जीवन भर साध सकता है। यह प्रेमचंद-प्रसाद-निराला-महादेवी-अज्ञेय-मुक्तिबोध का युग नहीं है! आज हिंदी लेखक अपनी-अपनी छोटी-बड़ी गुमटियों में हैं। कुछ तरह तरह के कारण से अपने को बड़ा लेखक समझते हैं। यह अस्वाभाविक नहीं है। लेकिन इसपर विचार करना चाहिए कि आखिर विश्व मंच पर हिंदी लेखकों की वैसी उल्लेखनीय उपस्थिति क्यों नहीं है जैसी अफ्रीका, लैटिन अमेरिका या एशिया की कई छोटी भाषाओं के लेखकों की भी बड़े पैमाने पर है। महज कलाकार होने और साहित्यकार होने, मनुष्य होने में फर्क है!

# हादसों से सबक लेने की जरूरत


प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

रथयात्रा की तैयारियों के लिए कई हजार करोड़ की धनराशि खर्च की जाती है। जरूरत से ज्यादा प्रचार करके लोगों को यात्रा के लिए प्रेरित किया जाता है।

धार्मिक उत्सवों में दुर्घटनाओं का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रयागराज कुंभ मेले में और इसी साल जून माह में बैंगलुरु में आईपीएल मैच में मची भगदड़ की स्मृतियां विलोपित भी नहीं हो पाईं थीं कि पुरी में चल रहे भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में भगदड़ मचने से तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। गुंडिचा मंदिर के पास घटी यह घटना पूरी तरह प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है। मंदिर में प्रवेश का रास्ता केवल एक था, बाहर जाने का मार्ग बंद कर दिया था, क्योंकि वहां से वीआईपी लोग दर्शन के लिए जा रहे थे। आम भक्तों के लिए बाहर आने का दूसरा कोई मार्ग नहीं था। इसी समय मंदिर में दो ट्रक लकड़ी और अनुष्ठान सामग्री से भरे इसी संकीर्ण मार्ग से भीतर भेज दिए गए। ट्रकों के कारण भीड़ में अफरा-तफरी मच गई और हादसा घट गया। साफ है, प्रशासनिक प्रबंधन की घोर लापरवाही के चलते श्रद्धालु हादसे के शिकार हो गए। मुख्यमंत्री मोहन मांझी ने सुरक्षा की चूक के लिए क्षमा मांगते हुए पुरी के कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर और एसपी विनीत अग्रवाल का अविलंब स्थानांतरण कर दिया। स्थानांतरण कोई सजा नहीं होती। वास्तव में कुंभ मेले में और आईपीएल क्रिकेट मैच में हुए हादसों से प्रशासन को सबक लेने की जरूरत थी, जिससे रथयात्रा में भगदड़ से बचा जाए।

भारत में पिछले डेढ़ दशक के दौरान मंदिरों और अन्य धार्मिक आयोजनों में उम्मीद से कई गुना ज्यादा भीड़ उमड़ रही है। जिसके चलते दर्शन-लाभ की जल्दबाजी व कुप्रबंधन से उपजने वाली भगदड़ व आगजनी का सिलसिला हर साल इस तरह के धार्मिक मेलों में देखने में आ रहा है। साफ है, प्रत्येक कुंभ में जानलेवा घटनाएं घटती रहने के बावजूद शासन-प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिए। धर्म स्थल हमें इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि हम कम से कम शालीनता और आत्मानुशासन का परिचय दें। किंतु इस बात की परवाह आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं होती, अतएव उनकी जो सजगता घटना के पूर्व सामने आनी चाहिए, वह अक्सर देखने में नहीं आती? लिहाजा आजादी के बाद से ही राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र उस अनियंत्रित स्थिति को काबू करने की कोशिश में लगा रहता है, जिसे वह समय पर नियंत्रित करने की कोशिश करता तो हालात कमोबेश बेकाबू ही नहीं हुए होते? अतएव देखने में आता है कि आयोजन को सफल बनाने में जुटे अधिकारी भीड़ के मनोविज्ञान का आकलन करने में चूकते दिखाई देते हैं।

रथयात्रा की तैयारियों के लिए कई हजार करोड़ की धनराशि खर्च की जाती है। जरूरत से ज्यादा प्रचार करके लोगों को यात्रा के लिए प्रेरित किया जाता है। फलतः जनसैलाब इतनी बड़ी संख्या में उमड़ गया कि सारे रास्ते पैदल भीड़ से जाम हो गए। इसी बीच लापरवाही यह रही कि बाहर जाने के रास्ते को नेता और नौकरशाहों के लिए आरक्षित कर दिया गया और दो ट्रक आम रास्ते से मंदिर की ओर भेज दिए। इस चूक ने घटना को अंजाम दे दिया। जो भी प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकि उपाय किए गए थे, वे सब व्यर्थ साबित हुए। क्योंकि उन पर जो घटना के भयावह दृश्य दिखाई देने लगे थे, उनसे निपटने का तात्कालिक कोई उपाय ही संभव नहीं रह गया था। ऐसी लापरवाही और बदइंतजामी सामने आना चकित करती है। दरअसल रथयात्रा में जो भीड़ उमड़ी थी, उसके अवागमन के प्रबंधन के लिए जिस प्रबंध कौशल की जरुरत थी, उसके प्रति घटना से पूर्व सर्तकता बरतने की जरूरत थी? इसके प्रति प्रबंधन अदूरदर्शी रहा।

मेलों के प्रबंधन की सीख हम विदेशी साहित्य और प्रशिक्षण से लेते हैं। जो भारतीय मेलों के परिप्रेक्ष्य में कतई प्रासंगिक नहीं है। क्योंकि दुनिया के किसी अन्य देश में किसी एक दिन और विशेष मुहूर्त्त के समय लाखों-करोड़ों की भीड़ जुटने की उम्मीद ही नहीं की जाती? प्रशासन के साथ हमारे राजनेता, उद्योगपति, फिल्मी सितारे और आला अधिकारी भी धार्मिक लाभ लेने की होड़ में व्यवस्था को भंग करने का काम करते हैं। इनकी वीआईपी व्यवस्था और यज्ञ कुण्ड अथवा मंदिरों में मूर्तिस्थल तक ही हर हाल में पहुंचने की रूढ़ मनोदशा, मौजूदा प्रबंधन को लाचार बनाने का काम करती है। जो इस रथयात्रा में देखने में आई है। आम श्रद्धालुओं के बाहर जाने का रास्ता इन्हीं लोगों के लिए सुरक्षित कर दिया गया था। नतीजतन भीड़ ठसाठस के हालात में आ गई और दुर्घटना घट गई। नतीजतन पिछले कुछ समय से सबसे ज्यादा मौतें भगदड़ की घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं में उन श्रद्धालुओं की हो रही हैं, जो ईश्वर से खुशहाल जीवन की प्रार्थना करने धार्मिक यात्राओं पर जाते हैं। साथ ही पिछले दो दशक के भीतर मंदिर हादसों में लगभग 5000 से भी ज्यादा भक्त मारे जा चुके हैं। जाहिर है, धार्मिक दुर्घटनाओं से छुटकारा पाने की कोई उम्मीद निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रही है ?

## सोशल फोरम

# संगठनों की चुप्पी पर सवाल


प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

जब 2009 में शिक्षा का अधिकार कानून (आरटीई) लागू हुआ, तब उसके क्रियान्वयन की आधारभूमि तैयार करने में अनेक गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीओएस) की भूमिका उल्लेखनीय थी। बाल अधिकार, समावेशी शिक्षा, शत-प्रतिशत नामांकन, समुदाय आधारित निगरानी-इन सब पहलुओं को लेकर इन संगठनों ने सरकार पर दबाव बनाया, शोध प्रस्तुत किए और नीतिगत बदलावों की मांग की। लेकिन आज जब उसी आरटीई की मूल भावना के विरुद्ध उत्तर प्रदेश के कुछ गांवों में पेयरिंग, मर्जर और स्कूल विलय के नाम पर स्कूलों को 'पुनर्गठित' करने की प्रक्रिया ज़ोर पकड़ रही है तो इन संगठनों की चुप्पी गंभीर सवाल खड़े करती है। शिक्षाशास्त्रीय दृष्टि से गांव का स्कूल केवल एक भवन या प्रशासनिक इकाई नहीं होता, वह ग्रामीण समाज की साक्षरता, चेतना और सामाजिक गतिशीलता का केंद्र होता है। ऐसे में स्कूल को भौगोलिक या संख्यात्मक औचित्य के आधार पर बंद या विलीन करना, आरटीई के उस उद्देश्य के विरुद्ध जाता है जो कहता है कि हर बच्चे को निकटतम और सुविधाजनक विद्यालय मिलना चाहिए। यह अपेक्षा की जाती थी कि वही संस्थाएं जो कभी आरटीई के पक्ष में सड़क से संसद तक सक्रिय थीं, वे आज इन निर्णयों की आलोचनात्मक समीक्षा करेंगी, बाल हित में सरकार से बात करेंगी और जरूरत पड़ने पर चेतावनी देंगी। लेकिन आज वे लगभग मौन हैं। क्या यह मौन केवल परिस्थितिजन्य है या यह दर्शाता है कि बहुत-सी स्वयंसेवी संस्थाएं अब शिक्षा को बाल अधिकार से अधिक प्रोजेक्ट और पार्टनरशिप के चश्मे से देखने लगी हैं? क्या अब शिक्षा सुधार का मतलब केवल 'डेटा बेस्ड एविडेंस' और 'पॉलिसी ब्रीफ' बन गया है, जिनका उद्देश्य नीति नियंताओं को सहूलियत देना भर है? एक शिक्षाशास्त्रीय समाज में यदि आलोचना, संवाद और प्रतिप्रश्न गायब हो जाएं, तो नीति निर्माण एकांगी हो जाता है। यदि शिक्षा/शिक्षकों के तथाकथित हितैषी संगठन आज चुप रहेंगे, तो कल जब कुछ गांवों से स्कूल गायब हो जाएंगे, तो फिर उनका डेटा, शोध और अनुभव केवल एक निष्क्रिय प्रलेख बनकर रह जाएगा। अब समय है कि ये संस्थाएं पुनः अपने बुनियादी दायित्व की ओर लौटें-बच्चों के लिए बोलें, न कि केवल परियोजनाओं के अनुरूप मौन रहें। **-फेसबुक वॉल से**

## चिकित्सक दिवस पर विशेष

# डॉक्टरों को व्यवस्था की मार से बचाइए


रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

आज सरकारी सेवा में कार्यरत डॉक्टरों को बेहतर माहौल देने और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए हमारी स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार की जरूरत है।

आम तौर पर हमारे समाज में डॉक्टरों के क्रियाकलापों को लेकर एक अजीब सी नकारात्कता मौजूद रहती है। कई बार सच्चाई को स्वीकार न करके उन्हें खलनायक सिद्ध करने की कोशिश भी की जाती है। डॉक्टरों के खिलाफ आम धारणा यह है कि वे ऑपरेशन करने के लिए लालायित रहते हैं। पैथोलॉजी लैबों, मेडिकल स्टोरों और एक्सरे, सीटी स्कैन, एमआरआई करने वाले डायग्नॉस्टिक्स सेंटरों से कमीशन वसूलते है। इसलिए आवश्यकता न होते हुए भी रोगियों को जानबूझकर इन डायग्नॉस्टिक्स सेंटरों पर जाने के लिए मजबूर करते हैं। डॉक्टरों के खिलाफ इन धारणाओं में कुछ हद तक या फिर काफी हद तक सच्चाई हो सकती है लेकिन इन धारणाओं के आधार पर समूचे चिकित्सक जगत को बदनाम करना तर्कसंगत नहीं है। व्यावसायिकता के इस दौर में भी आज अनेक डॉक्टर समर्पण के साथ चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

हम सबका यह कर्तव्य है कि विपरीत परिस्थितियों में काम करने वाले ऐसे डॉक्टरो के जज्बे को नमन करते हुए चिकित्सा जगत में पनपनी विभिन्न विसंगतियों का गंभीरतापूर्वक विश्लेषण किया जाए। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हम डॉक्टरों के गलत क्रियाकलापों पर तो हल्ला मचा देते हैं लेकिन उनके अच्छे क्रियाकलापों पर उतनी गंभीरता से ध्यान नहीं देते हैं। फलस्वरूप समाज में डॉक्टरों के खिलाफ एक नकारात्कता छायी रहती है। कोरोना काल में हमारे डॉक्टरों ने जिस समर्पण, बहादुरी और जज्बे के साथ समाज की सेवा की है, वह सराहनीय है। ऐसे समय में जबकि एक आम आदमी को एक-दो घंटा मास्क लगाने में भी दिक्कत महसूस होती है, हमारे डॉक्टरों ने दिन-रात पीपीई किट पहनकर और मास्क लगाकर पसीने में नहाते हुए अपने काम को अंजाम दिया है। हो सकता है कि इस आपदा को कुछ डॉक्टरों ने अवसर में तब्दील कर दिया हो लेकिन इस आधार पर पूरी डॉक्टर बिरादरी को बदनाम करना क्या तर्कसंगत है? कई बार डॉक्टरों के साथ मरीजों के परिजनों द्वारा मारपीट की घटनाएं भी प्रकाश में आती हैं। इस वजह से डॉक्टर स्वयं के ऊपर जिम्मेदारी न लेकर कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहता है। यही कारण है कि वह पहले ही सब तरह के परीक्षण करा लेना चाहता है। कई बार सरकारी सेवा में कार्यरत डॉक्टर संसाधनों के अभाव में भी बेहतर कार्य नहीं कर पाते हैं। अनेक जगहों पर सरकारी अस्पतालों में वर्षों तक मशीने खराब पड़ी रहती हैं। डॉक्टरों द्वारा विभाग को कई पत्र लिखने के बाद भी व्यवस्था में सुधार नही होता है। ऐसे माहौल में योग्य डॉक्टरों का उत्साह कम हो जाता है और उन्हें निराशा का सामना करना पड़ता है। इसलिए अब समय आ गया है कि हम डॉक्टरों के समर्पण को व्यवस्था की मार से बचाएं।

आज सरकारी सेवा में कार्यरत डॉक्टरों को बेहतर माहौल देने और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए हमारी स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार की जरूरत है। पिछले दिनों नीति आयोग ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए खर्च बढ़ाने की जरूरत बताई थी। नीति आयोग के सदस्य वी. के. पाल ने कहा था कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और उन्हें देश के हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए केन्द्र और राज्यों को मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं की मद में खर्च को बढ़ाना होगा। यह कटु सत्य है कि हमारे देश में आबादी के हिसाब से स्वास्थ्य सेवाएं दयनीय स्थिति में हैं। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में जीडीपी का मात्र डेढ़ फीसद ही खर्च होता है। हालांकि सरकार ने अगले पांच साल में इसे तीन फीसद तक करने का लक्ष्य रखा है। जबकि हमारे देश के हिसाब से यह भी कम है। दुनिया के कई देश स्वास्थ्य सेवाओं की मद में आठ से नौ फीसद तक खर्च कर रहे हैं। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रयास करती दिखाई तो दे रही है लेकिन उसका प्रयास व्यावहारिक रूप से क्रियान्वित होता दिखाई नहीं दे रहा है। इस प्रगतिशील दौर में भी ऐसी अनेक खबरें प्रकाश में आई हैं कि जब अस्पताल गरीब मरीज के शव को घर पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं करा पाए। दरअसल संसाधन सीमित होने तथा व्यवस्था में सुधार न होने के कारण डॉक्टर बेवजह बदनाम होते है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों अमेरिका के 'सेंटर फॉर डिजीज डाइनामिक्स, इकॉनॉमिक्स एंड पॉलिसी' (सीडीडीईपी) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में लगभग छह लाख डॉक्टरों और 20 लाख नर्सों की कमी है। भारत में 10,189 लोगों पर एक सरकारी डॉक्टर है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक हजार लोगों पर एक डॉक्टर की सिफारिश की है। हमारे देश में व्यवस्था की नाकामी और विभिन्न वातावरणीय कारकों के कारण बीमारियों का प्रकोप ज्यादा होता है। हालांकि यह सुखद है कि इस माहौल में भी अनेक डॉक्टर अपने पेशे की गरिमा को बचाए हुए है। अनेक पर्यावरणीय कारणों से भविष्य में संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ेगा। सरकार इस दिशा में लगातार कदम उठा रही है लेकिन इस मुद्दे पर ज्यादा ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

# चिंताजनक है जातीय विद्वेष


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तर प्रदेश में जातीय उन्माद फन फैला रहा है। इसके पहले कि कालिया नाग रुपी यह जातीय विद्वेष पूरे समाज को विषाक्त कर दे प्रशासन को कालिया दमन के पुराणोक्त चरित्र में योगेश्वर श्रीकृष्ण का अनुगमन करना होगा। यह क्या देखा जा रहा है कि कहीं स्वघोषित अहीर रेजिमेंट उत्पात मचाये हुए है तो कहीं भीम आर्मी पुलिस से पंगे ले रही है। इटावा में तो हद ही हो गई है जहां कथित यादव रेजीमेंट पुलिस पर पथराव ही नहीं किया गाड़ियां तक तोड़ दीं। दादरपुर गांव में जाति पूंछकर इंट्री देने की खबर है। इलाहाबाद में तो पांच हजार की संख्या में भीमराव आंबेडकर के अनुयायी होने का उद्घोष करने वाली भीड़ ने ऐसा उत्पात मचाया कि आस-पास के जिलों से पुलिस बुलानी पड़ी। क्या इसका अर्थ यह है कि प्रशासनिक मशीनरी ऐसी स्थितियों का पूर्वाभास नहीं कर पाई। और सामान्य और शांत जनजीवन में खलल डालने वाली घटनाएं उस सरकार में घट रही हैं जिसकी प्रशासनिक कुशलता की नज़ीरें दूसरे प्रांतों में दी जाती हैं। किंतु कहीं न कहीं कुछ ढ़िलाई या नरमी तो जरुर है भले ही वह अनचाहे हो या फिर किसी छुपे मंतव्य के चलते जानबूझकर। ताकि जनता भी सरे आम सड़क पर उतरती गुंडई का साक्षात कर सके। यह तो बिल्कुल स्पष्ट है कि ये उपद्रवी अपने नेताओं की शह पर अपनी पर उतर रहे हैं, बिना आगा पीछा सोचे। और यह सब 2027 के चुनाव के लिए जमीन और आबोहवा तैयार हो रही है। वर्तमान सरकार को उभरते जातीय उन्मादियों को सार्वजनिक अथवा निजीतौर पर समझा देना चाहिए कि उनकी सीमाएं क्या हैं। उनके साथ किसी भी तरह की नरमी न बरती जाए। अन्यथा प्रदेश में जातीय उन्माद कहीं व्यापक रुप से फैलकर विस्फोटक स्थिति में न पहुंच जाए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### टनकपुर-मथुरा स्पेशल ट्रेन अब 31 जुलाई तक

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए 30 जून तक प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार और शनिवार को चलाई जा रही 05062/05061 टनकपुर-मथुरा जं.-टनकपुर स्पेशल ट्रेन का अवधि विस्तार 31 जुलाई तक कर दिया है। यह ट्रेन अपने पूर्व निर्धारित मार्ग, ठहराव, समय एवं रैक संरचना के अनुसार चलाई जाएगी। विस्तारित अवधि में 05062 टनकपुर-मथुरा जं. स्पेशल ट्रेन मथुरा कैंट स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट होगी। वहीं 05061 मथुरा जंक्शन-टनकपुर मथुरा कैंट से चलाई जाएगी। इसके अलावा रेलवे ने 30 जून तक प्रतिदिन चलाई जा रही 05447/05448 पीलीभीत-शाहजहांपुर-पीलीभीत स्पेशल ट्रेन का अवधि विस्तार 30 सितंबर तक कर दिया है। यह गाड़ी अपने पूर्व निर्धारित मार्ग, ठहराव के अनुसार चलाई जाएगी।

### मंडल में 25 से अधिक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां हुईं लाभान्वित

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के तहत पिछले दो साल में मंडल की 25 से 30 खाद्य इकाइयां 35 से 50 प्रतिशत तक सब्सिडी पाकर लाभान्वित हो चुकी हैं। उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण के अधीक्षक अंशिल सिन्हा ने बताया इस वर्ष की पॉलिसी से दुग्ध उद्योग, नमकीन, स्नैक्स, ब्रेड, काजू, मैंथा, दाल मिल, फ्रोजन आदि की कई यूनिटों को फायदा मिला है। इन्हें अधिकतम 10 करोड़ तक की राशि की सब्सिडी मिल चुकी है। कई ऐसे हैं जो खाद्य व्यापार तो कर रहे हैं, इस तरह की योजनाओं से अनजान हैं, जबकि इसका सीधा फायदा खाद्य उद्योग इकाई को बढ़ावा देने के लिए मिलता है।

# स्मार्ट सिटी की सड़कें बारिश में बनीं तालाब

## कई घरों में घुसा पानी, जलनिकासी की व्यवस्था ध्वस्त, लोगों ने झेलीं परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पॉश कॉलोनी राजेंद्र नगर में शील चौराहे के पास भीषण जलभराव से होकर गुजरते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मूसलाधार बारिश ने सोमवार को स्मार्ट सिटी की सूरत बिगाड़ दी। कई इलाकों और सड़कें तालाब बन गईं और लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया था। सबसे अधिक परेशानी निचले इलाके की बस्तियों में हुआ, जहां पूरे दिन लोगों को जलभराव से होकर आना जाना पड़ा। कई सरकारी आफिस परिसर सहित लोगों के घरों में भी पानी भर गया।

सुबह से शाम तक हुई बारिश के कारण सिकलापुर की कई सड़कों पर घुटने तक पानी भर गया था। यहां पर नींचर की दुकानों और करीब 20 घरों में भी पानी घुसने के कारण काफी नुकसान हुआ है। संजय नगर और डीडीपुरम में भी कई घरों पानी घुसने के कारण लोगों का सामान खराब हो गया।

तुलाशेरपुर की जन आदर्श कालोनी में नाले के पानी का बहाव न होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सिटी स्टेशन रोड और बीसलपुर रोड पर टूटी सड़क पर जलभराव होने से राहगीरों को हादसा होने का भय सताता रहा। अभी कुछ दिन पहले सुभाष नगर में नाले की सफाई हुई लेकिन बारिश के बाद सुभाषनगर पुलिया में जलभराव से लोग परेशान रहे। इस क्षेत्र के कई मोहल्लों की गलियों में जलभराव की समस्या रही। इसके अलावा रामपुर गार्डन, राजेंद्र नगर जैसे इलाके में जलभराव हो गया। इन जगहों पर चार घंटे बाद पानी निकल पाया। वहीं पटेल चौक, माल गोदाम रोड, चौपुला से पटेल चौक और चौपुला पुल के नीचे से पुलिस लाइन की रोड पर पानी भर गया।













### इन मोहल्लों में सबसे अधिक रही समस्या

कई मोहल्लों में लोगों को अपने घरों में पूरे दिन समय गुजारना पड़ा क्योंकि घर से निकलते ही घुटने भर पानी लगा हुआ था। हजियापुर और संजयनगर का संपवेल पंप ओवरफ्लो होने के कारण कई कालोनियों में पानी भर गया था। इसमें रेजीडेंसी गार्डन, सिटी हार्ट और नीलकंठ कॉलोनी की सड़कों पर काफी पानी भर गया था। इसके अलावा जगतपुर, मुंशीनगर, बन्नूवाल नगर, दुर्गा नगर, पशुपतिनाथ मंदिर रोड, सिकलापुर, मढ़ीनाथ मंदिर रोड, सुभाषनगर पुलिया, मॉडल टाउन, सूफी टोला, जोगीनवादा रोड, आजमनगर, चक महमूद, रबड़ी टोला, रोहिली टोला, वीर भट्टी, बानखाना, गुलाब नगर, खुर्रम गोटिया, बाकरगंज, बंडिया, डेलापीर, रहपुरा चौधरी, सुरेश शर्मा नगर सहित अन्य जगह जलभराव से लोगों को जूझना पड़ा।



बारिश के दौरान इंद्रा नगर राजा विहार कॉलोनी में गिरा पेड़। ● अमृत विचार

### नाला सफाई में लापरवाही उजागर होने पर भी नहीं सुधार

**बरेली, अमृत विचार :** इस साल करीब पांच करोड़ रुपये शहर के नालों की सफाई पर खर्च किए गए। अधिकारियों के निरीक्षण में सफाई के समय ही एजेंसियों की लापरवाही उजागर हुई थी। इस पर नगर निगम ने नोटिस जारी कर सुधार करने की हिदायत दी थी लेकिन एजेंसियां ने सफाई ठीक से नहीं की। जिसके कारण कई वार्डों में जलभराव की स्थिति बन गई है। नगर निगम क्षेत्र में 236 छोटे-बड़े नाला सफाई की जिम्मेदारी निर्माण और स्वास्थ्य विभाग को दी गई थी। इसके लिए सात एजेंसियों ने नाला सफाई का काम कराया। नगर आयुक्त सहित अन्य निगम के अधिकारियों ने निरीक्षण किया तो कई जगहों पर सफाई में कमियां मिलने पर एजेंसियों को सुधार करने के लिए नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद भी खानापूरी कर एजेंसियों ने रिपोर्ट अधिकारियों को दी। जबकि हकीकत तो यह है कि नाले से सिल्ट निकाल कर जैसे तैसे फेंक दी थी। इसके कारण बारिश होते ही शहर की हर सड़कों पर पानी भर जा रहा है। जिन नालों के सफाई का दावा किया जा रहा है, वह चोक होकर ओवरफ्लो हो जा रहे हैं। इस वजह से ड्रेनेज सिस्टम खराब हो जा रहा है। कई जगहों पर जल निकासी की व्यवस्था न होने लोगों के घरों के बाहर घंटों तक पानी भरा रह रहा है।

### बारिश में खराब हुईं सिटी बसें, लोग हुए परेशान



**बरेली, अमृत विचार :** बारिश में सोमवार को चार सिटी बसें खराब हो गईं। इसकी वजह से 15 से 20 मिनट के अंतराल में मिलने वाली बसों के लिए लोगों को 45 से 50 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। बसों को स्टार्ट करने के लिए चालक-परिचालकों ने काफी प्रयास किए, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए अन्य साधनों का इस्तेमाल करना पड़ा। बारिश रुकने के बाद मेंटीनेंस टीम भेज किसी तरह बसों को स्टार्ट कर चार्जिंग स्टेशन पहुंचाया गया। स्मार्ट सिटी के तहत जिले में 24 सिटी बसों (इलेक्ट्रिक बसों) का बरेली जंक्शन, मिनी बाईपास से शाही, शीशगढ़, आंवला, मनौना धाम आदि क्षेत्रों में किया जा रहा है। सोमवार को तीन बसें सिटी जंक्शन के पास और एक शाही में सड़क पर भरे बारिश के पानी से गुजरते समय खराब हुई। परिचालकों की मानें तो बस की बॉडी तक पानी पहुंचने से इलेक्ट्रिकल सिस्टम में खराबी आई। सिटी बस की ऑपरेशन मैनेजर मनीषा दीक्षित ने बताया कि सड़कों पर जब अधिक जलभराव होता है तो उसकी वजह से कई बार बसों के इलेक्ट्रिक सिस्टम में तकनीकी दिक्कतें आ जाती हैं। सोमवार को चार बसों की सूचना प्राप्त हुई थी। तीन बसों के लिए मेंटीनेंस टीम को मौके पर भेजा गया।

# जिला अस्पताल में जलभराव से पर्चा काउंटर और ओपीडी में मरीज परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली



जिला अस्पताल में पानी भरा होने से परेशान मरीज। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** झमाझम बारिश से सोमवार को जिला अस्पताल में जलभराव हो गया। पर्चा काउंटर से ओपीडी तक पहुंचने में मरीजों को काफी दिक्कत हुई। सुबह से बारिश होने की वजह से ओपीडी 50 फीसदी घट गई। अमूमन सोमवार को 13 सौ नए मरीज पहुंचते थे लेकिन बारिश में सिर्फ 643 ही पहुंचे। दोपहर 12 बजे के बाद ओपीडी परिसर में सन्नाटा पसरा नजर आया।

बारिश से जन औषधि केंद्र, पैथोलॉजी लैब के अंदर और बच्चा वार्ड के बाहर तक जलभराव हो गया था। सबसे अधिक दिक्कत पर्चा काउंटर और फार्मेसी विभाग के बाहर मरीजों को झेलनी पड़ी। जलभराव होने से कई बुजुर्ग मरीज और महिलाएं फिसलने से भी बचे। डॉक्टरों के अनुसार ओपीडी में मौसम में बदलाव के चलते वायरल बुखार, त्वचा और डायरिया के मरीजों की संख्या अधिक रही।

### दिव्यांग शिविर में भी सन्नाटा

सीएमओ कार्यालय में सोमवार को आयोजित हुए दिव्यांग शिविर में भी बारिश की वजह से कम संख्या में दिव्यांग आए। जो पहुंचे वे बारिश से बचने के लिए इधर-उधर भटकते नजर आए, क्योंकि दिव्यांगों के लिए कार्यालय में जो स्थान नियत है, यह काफी संकरा है।

# टूटा रिकॉर्ड, न्यूनतम से भी कम हुआ अधिकतम तापमान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कल से तीन दिन बारिश का येलो अलर्ट, तापमान गिरेगा

**अमृत विचार :** जिले में सोमवार को झमाझम बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। इससे अधिकतम तापमान न्यूनतम से भी कम रिकॉर्ड किया। जून में सबसे कम अधिकतम तापमान का कई साल का रिकॉर्ड भी टूट गया। मौसम विभाग ने बुधवार से शुक्रवार तक बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के डाटा के अनुसार जून में अब तक सबसे कम अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस 30 जून 2015 को रहा था।

आईएमडी की वेबसाइट के अनुसार जिले में अधिकतम तापमान सामान्य से 6.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस कम 25.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान करीब 12 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। जबकि हवा में नमी सुबह 82 प्रतिशत और शाम को 100 प्रतिशत दर्ज की गई।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को हल्की बारिश रिकॉर्ड की जा सकती है, जबकि बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया। अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज हो सकता है।




### कुछ जगहों पर सड़कें धंसी, निर्माणाधीन जगहों पर फिसलन बढ़ी

**बरेली, अमृत विचार :** मूसलाधार बारिश के कारण कई जगहों पर सड़कें धंस गईं। जिन जगहों पर पैचवर्क हुए थे, वहां पर मिट्टी और सीमेंट बह गया। इसके कारण गड्ढों ने बड़ा आकार ले लिया। जलभराव के कारण आने जाने वालों को अंदाजा नहीं लग पा रहा था कि गड्ढा कहा हैं। राजेंद्र नगर में पेड़ गिरने से काफी देर तक आवागमन प्रभावित रहा। सिटी स्टेशन रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए। वहीं सीएम ग्रिड के निर्माणाधीन काम के कारण एकता नगर, कुष्ठ आश्रम रोड, डीडीपुरम में फिसलन बढ़ गई।

# दस घंटे से अधिक बिजली गुल होने से ओपीडी में अंधेरा, जांचें नहीं हुई

कार्यालय संवाददाता, बरेली



अंधेरे में खाली बैठा स्टाफ।

- तीन सौ बेड अस्पताल में सुबह 8 बजे से बिजली गुल, बिना सीटी स्कैन जांच के लौटे 32 मरीज

**अमृत विचार:** बिजली संकट से तीन सौ बेड अस्पताल भी सोमवार को प्रभावित हुआ। करीब 10 घंटे तक बिजली गुल होने से ओपीडी में अंधेरा पसर गया और सीटी स्कैन जांचें भी नहीं हो सकीं। सुबह 8 बजे गुल हुई बिजली देर शाम करीब पांच बजे तक सुचारू हो सकी। सीटी स्कैन जांच कराने पहुंचे 32 मरीजों को मायूस होकर लौटना पड़ा।

सुबह 8 बजे के करीब जब यूनिट में तैनात स्टाफ ड्यूटी पर पहुंचा तो बिजली न होने से उपकरण चालू नहीं हो सके। स्टाफ ने कुछ देर इंतजार के बाद जब सीएमएस को सूचना दी तो उन्होंने बिजली विभाग से संपर्क किया। इस पर बिजली अफसर ने लोकल फाल्ट होने की बात कही, लेकिन करीब 10 घंटे तक सप्लाई चालू नहीं होने से स्टाफ पूरे दिन खाली बैठा रहा।

> फीडर ब्रेकडाउन में होने बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गई थी। जिसे ठीक कराकर आपूर्ति को बहाल करा दिया गया। बारिश की वजह से फाल्ट ठीक करने में समय लग गया।
> – **सुरेन्द्र कुमार**, अधिशासी अभियंता

# शहर का बिल देने के बाद भी मिल रही गांव की बिजली

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम क्षेत्र में स्थित बाजार में ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति दी जा रही है लेकिन बिल शहरी क्षेत्र का लिया जा रहा है। बाजार में दिन में बिजली गुल होने से व्यापारियों का कारोबार प्रभावित हो रहा है।

नगर निगम के वार्ड नंबर 27 में आने वाले बंडिया, खना गौटिया और ट्यूलिया गांव में ग्रामीण क्षेत्र के नदोसी सबस्टेशन से बिजली आपूर्ति दी जाती है। अब इन तीनों गांवों के नगर निगम में होने की वजह से अलग शहर की बिजली का फीडर बना दिया गया। बंडिया गांव के आबादी क्षेत्र में बिजली तो शहरी क्षेत्र वाली दी जा रही है, लेकिन बाजार क्षेत्र में अभी ग्रामीण वाली आपूर्ति दी जा रही है। एसडीओ अंकित द्विवेदी ने बताया कि मामला संज्ञान में है। ठेकेदार को बोलकर बंडिया बाजार क्षेत्र में भी आबादी वाली बिजली लाइन शुरू कराई जाएगी।

# बारिश में आधे शहर की बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नकटिया में 33 केवी की लाइन ब्रेकडाउन में होने से सुबह 7 से शाम 7 बजे तक बिजली रही गुल
- महानगर और सनसिटी इलाकों में भी दिक्कत, सिविल लाइंस, कुतुबखाना में भी फाल्ट होने से बिजली गुल

**अमृत विचार :** सोमवार सुबह बारिश से आधे शहर की बिजली गुल हो गई, जिससे लाखों उपभोक्ता दोपहर तक परेशान होते रहे। नकटिया में 33 केवी की लाइन ब्रेकडाउन में जाने से सुबह 7 से शाम 7 बजे तक बिजली का संकट बना रहा। किला, महानगर, सनसिटी और कुतुबखाना सबस्टेशन पर भी फाल्ट होने से दिक्कत हुई।

मानसून की दस्तक के साथ बिजली व्यवस्था पटरी से उतर गई है। हर रोज घंटों की बिजली कटौती की जा रही है। सोमवार सुबह 7 बजे नकटिया क्षेत्र में 33 केवी की लाइन ब्रेकडाउन में आ गई। उसके बाद पूरा दिन अधिकारियों की मौजूदगी में टीम पेट्रोलिंग करती रही लेकिन फाल्ट नहीं मिला। जिसके बाद शाम को 5 बजे के बाद फाल्ट मिला तो 7 बजे के बाद आपूर्ति को बहाल कराया गया। ऐसे में लगातार 12 घंटे तक आपूर्ति बंद होने से इंवर्टर भी जवाब दे गए।

इसके अलावा शहर के अधिकतर सबस्टेशन पर 33 केवी की लाइन ब्रेकडाउन में होने से बिजली गुल हो गई। सीबीगंज सबस्टेशन के बरेली टू में फाल्ट आ गया। परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक आपूर्ति बंद रही। जिससे कारोबार भी प्रभावित हुआ। वहीं शाहदाना सबस्टेशन के गंगापुर, ब्रहम्पुरा, सिटी सब्जी मंडी में ट्रांसफार्मर में खराबी होने से बिजली गुल रही। किला सबस्टेशन के 8 नंबर फीडर के बालाजी विहार में एलटी लाइन में फाल्ट होने पर बिजली गुल रही। कुतुबखाना के आउटगोइंग फीडर नहीं लगाने के कारण बिजली कटौती लोगों ने झेली।

सिविल लाइंस थर्ड के सिंघाड़े वाली गली कालीबाड़ी में ट्रांसफार्मर में खराबी से बिजली गुल हो गई। सरायखाम फीडर में भी कटौती की गई। रामपुर गार्डन में पोल से केबल जलने के कारण बिजली गुल रही। डीडीपुरम के टायर मंडी की भी बिजली तीन घंटे गुल रही। कोहड़ापीर के ब्रह्मपुरा कला केंद्र के पास ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई। बाग ब्रिगटान की बिजली लोकल फाल्ट के चलते गुल रही। डीडीपुरम में कन्या डिग्री कालेज की बिजली कई घंटे गुल रही। आयकर विभाग बिल्डिंग में भी आपूर्ति प्रभावित हुई। महानगर और सनसिटी इलाकों में भी उपभोक्ता परेशान हुए।

### अलखनाथ मंदिर में हुआ सामूहिक रुद्राभिषेक

**बरेली, अमृत विचार :** नाथ नगरी बरेली जलाभिषेक समिति की ओर से सोमवार को दूसरे चरण में किला क्षेत्र में बाबा अलखनाथ मंदिर में सामूहिक रुद्राभिषेक किया गया। सुबह 7 बजे श्यामगंज स्थित सेठ गिरधारी लाल मंदिर पर शिव भक्त गंगाजल लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए। यात्रा सबसे पहले साहू गोपीनाथ, मठ की चौकी, शिवाजी मार्ग, खंडसारी नाथ मंदिर आलमगीरीगंज, कुतुबखाना, बड़ा बाजार, किले के रास्ते होते हुए प्राचीन बाबा अलखनाथ मंदिर पहुंची। नाथ नगरी परिक्रमा सेवा समिति स्टेशनरी मर्चेन्ट एसोसिएशन, पटवा कल्याण समिति, खंडसारी नाथ मंदिर समिति, जय बाबा अलखनाथ कांवर सेवा संघ आदि समितियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पुरोहित आशुतोष शर्मा ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ सामूहिक जलाभिषेक शुरू कराया। समिति के पदाधिकारी ब्रजवासी लाल अग्रवाल, मनोज देवल, पंकज देवल, रितेश अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, धर्मेश अग्रवाल, धर्मार्थ सक्सेना, रोहित अग्रवाल, कपिल गुप्ता, अरविंद पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महा सम्मेलन लगाएगा रक्तदान शिविर



**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन बरेली की कोर कमेटी की बैठक सोमवार को गंगाशील ब्लड बैंक परिसर में नवीन अग्रवाल की अध्यक्षता और महामंत्री डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी के संचालन में सम्पन्न हुई। जिसमें तय हुआ कि जन कल्याण के लिए वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में 3 जुलाई को सुबह 10 बजे से गंगा शील ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा के ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, विशिष्ट अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, विधायक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा करेंगे। मीडिया प्रभारी पंकज रोहतगी ने बताया कि बैठक में प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र रस्तोगी, शिरीष गुप्ता, कवि रोहित राकेश मौजूद रहे।

### टैक्स से होने वाले विकास कार्यों में जनता की राय भी जरूरी



**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी भवन में रविवार देर शाम सिविल सोसायटी का आठवां स्थापना दिवस मनाया गया। सोसाइटी के संयोजक राज नारायण ने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जनता का पक्ष भी मजबूती से रखा जा सके। जनता के टैक्स से होने वाले विकास कार्यों में भी जनता की राय शामिल की जाए। मुख्य अतिथि डॉ. पवन अग्रवाल, राज नारायण ने महात्मा गांधी, भगत सिंह और संविधान को सूत की माला से माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में सुरेंद्र सोनकर, डॉ. मीनाक्षी चंद्रा, संजीव मल्होत्रा, विनोद जोशी, सुनील मानव, गजेंद्र पांडे, रोहित, राकेश, डॉ. प्रवेश कुमारी उपाध्याय, हरीश पटेल और राघवेंद्र विचार व्यक्त किए। फरीदपुर शाखा की उजमी ने लड़कियों की शिक्षा को लेकर सभी से सवाल किए। इस दौरान मुरादाबाद के मनोज कुमार बोस, पीलीभीत के शिक्षक संतोष खरे, शाहजहांपुर के जुबेर खां, पार्षद राजेश अग्रवाल, राकेश सेठी, पंकज भट्ट, पंकज शर्मा, राजीव शांत, जितेंद्र मिश्रा, हाकी कोच रविंद्र कुमार वाजपेयी, आशीष शर्मा, अशोक गुर्जर, रुचि शर्मा, राजेश्वरी मौर्य, मीना कुमारी, कृतिका अग्रवाल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में इंजीनियर बाबूराम वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# 110 परिषदीय विद्यालयों के अब नहीं खुलेंगे ताले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विलय की प्रक्रिया के तहत बंद हुए स्कूल, यहां के बच्चे अन्य स्कूलों में शिफ्ट किए

**अमृत विचार :** स्कूल विलय की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। जिले में 50 से कम छात्र संख्या के 617 परिषदीय विद्यालयों में से 110 विद्यालय सोमवार को विलय होने के बाद बंद हो गए। इनमें सर्वाधिक विद्यालय नगर क्षेत्र के 37 में से 25 बंद हुए हैं। अब इनमें भविष्य में बाल वाटिकाएं खुल सकती हैं।

जिले के आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक में 26 में 5, आंवला में 5 में 4, भदपुरा में 55 में 7, भोजीपुरा में 18 में 3, भुता में 34 में 5, फरीदपुर में 19 में 5, मीरगंज में 23 में 5, नवाबगंज में 91 में 9, रामनगर में 18 में 6, रिछा में 72 में 13, शेरगढ़ में 39 में 7 और बिथरी में 46 में 5 विद्यालयों का विलय हो चुका है। बीएसए संजय सिंह ने बताया स्कूलों के विलय होने की प्रक्रिया निरंतर जारी है, जल्द ही टारगेट भी पूरा कर लिया जाएगा। वहीं जिले में फतेहगंज पश्चिमी के 21, बहेड़ी का 1, क्यारा के सात, मझगवां के 15 चिह्नित विद्यालयों में से एक भी विद्यालय बंद नहीं हुआ है।

### स्कूलों का जबरन विलय कराने के लिए दबाव

**बरेली, अमृत विचार :** स्कूल विलय होने का शिक्षक संगठन लगातार विरोध कर रहे हैं। कभी जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर तो कभी ऑनलाइन मीटिंग कर। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार लगातार स्कूल विलय को लेकर शिक्षकों से चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने बताया स्कूल बंद करने के लिए स्कूल प्रबंध समिति और ग्राम प्रधान की सहमति जरूरी है, लेकिन सहमति नहीं होने पर शिक्षकों पर सहमति लेने का दबाव बनाया जा रहा है। जिला मंत्री बलबीर सिंह और मांडलिक मंत्री केसी पटेल ने भी विरोध जताया।

### गर्मी की छुट्टियां खत्म, स्कूल चलो अभियान शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** 1 जुलाई से परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाई शुरू होगी। इसके साथ ही स्कूल चलो अभियान भी फिर से शुरू किया जाएगा, जो 15 जुलाई तक चलेगा। इसके तहत शिक्षक गांव में घर-घर जाकर स्थानीय समाज सेवियों, प्रधानों, जनप्रतिनिधियों की सहायता से स्कूलों में प्रवेश बढ़ाने की कवायद शुरू करेंगे। शासन स्तर से दो लाख रुपये भी स्कूल चलो अभियान के लिए जिले को मिलना निर्धारित है। 2484 स्कूलों में 617 स्कूलों के विलय के बाद जल्द संख्या 1868 ही रह जाएगी।

# नाथ कॉरिडोर की परियोजनाओं को समय से पूरा कराना प्राथमिकता

- चार्ज संभालने के बाद उप निदेशक पर्यटन बोले, कार्यों में आएगी तेजी

**बरेली, अमृत विचार :** उप निदेशक पर्यटन का कार्यभार रविंद्र कुमार ने ग्रहण कर लिया है। इसके बाद उन्होंने विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिकता में नाथ कॉरिडोर प्रोजेक्ट है। इसको तय समय पर पूरा कराया जाएगा।



रविंद्र कुमार।

उन्होंने कांवड़ स्थल, फोकस वॉल, नाथ मंदिरों में पर्यटन से जुड़े विकास के कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को समय से निर्माण पूरा करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि नाथ मंदिरों का प्रस्ताव पास चुका है। कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं कि श्रावण में भी मंदिरों में पर्यटन विकास से जुड़े काम नहीं रुकने चाहिए। उन स्थानों पर काम नहीं होगा, जहां पर श्रद्धालुओं का आवागमन होगा। परिसर में अन्य जगहों पर काम सुगमता पूर्वक कराए जाने के लिए कहा गया है।

## सार-संक्षेप

### भामाशाह जैसा दानवीर न कभी हुआ है और न होगा



**बरेली, अमृत विचार** : भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से सोमवार को लोक खुशहाली ट्रस्ट स्थित सभागार में सेठ भामाशाह की जयंती पर व्यापारी कल्याण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के मुख्य सरंक्षक एवं कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि भामाशाह जैसा दानवीर न कभी हुआ है और न कभी होगा। आज व्यापारियों का युग है इसलिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेठ भामाशाह जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में घोषित किया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में खुशलोक अस्पताल के चेयरमैन डॉ. विनोद पागरानी भी उपस्थित रहे। वहीं व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष विकास अग्रवाल ने बताया कि सेठ भामाशाह को दानवीर ऐसे ही नहीं कहा जाता है, जब महाराणा प्रताप मुगलों से संघर्ष कर रहे थे उस दौरान आर्थिक संकट के दौरान भामाशाह ने अपनी सारी धन दौलत उन्हें दे दी थी। युद्ध के लिए करीब 20 हजार सैनिकों का जीवन यापन 12 साल तक आराम से चलने के लिए यह धन काफी था। कार्यक्रम के संयोजक जिला महामंत्री अनुज गुप्ता रहे। कार्यक्रम में 10 प्रमुख व्यापारियों प्रमोद अग्रवाल, अशोक सिंह, अंशुल अग्रवाल, देवेंद्र पाल सिंह, सूरज गुप्ता, ऋषभ अग्रवाल, रविंद्र गुप्ता, विपिन गुप्ता को भामाशाह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महानगर महामंत्री अजय गुप्ता, शैंकी, राहुल सक्सेना, अभिनव सक्सेना, संजू भारती, भीम सिंह, आकाश कठेरिया और शाश्वत अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य बने विमल रेवाड़ी



**बरेली, अमृत विचार** : आईआईए (इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन) के मंडलीय चेयरमैन विमल रेवाड़ी को केंद्रीय कार्यकारिणी में बतौर सदस्य शामिल कर लिया गया है। चुनाव अधिकारी की ओर से मनोनयन पत्र जारी किया गया है। वर्ष 2025-26 के लिए आईआईए सीईसी सदस्यों के चुनाव के लिए आवेदन मांगे गए थे। सात आवेदन किए गए थे, जिसमें आईआईए के मंडलीय चेयरमैन विमल रेवाड़ी का नाम भी शामिल था। चुनाव अधिकारी एसबी जखोटिया की ओर से नवनिर्वाचित सदस्यों की सूची जारी की गई, जिसमें विमल रेवाड़ी को केंद्रीय कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया गया है। वह इससे पहले आईआईए के विभिन्न पदों पर भी सेवाएं दे चुके हैं। मनोनयन को लेकर संस्था के चेयरमैन मयूर धीरवानी, सचिव रजत मेहरोत्रा, सुरेश सुंदरानी, मनोहर लाल धीरवानी, एसके सिंह, सतीश अग्रवाल, नीरज गोयल, पीयूष कुमार अग्रवाल, मनोज पंजाबी, सुनीत मूना, सलिल बंसल, धनंजय विक्रम सिंह, ध्रुव खानीजो, सक्षम जैन, आशीष गुप्ता आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

### आतंकवाद का सफाया करे पाकिस्तानः तौसीफ मियां

**बरेली, अमृत विचार** : 44 वें उर्स ए नूरी की तैयारियों को लेकर जामिया आला हजरत में सोमवार को बैठक हुई। संस्था के डायरेक्टर नबीरा-ए-आला हजरत मुफ्ती मोहम्मद फैज रजा खान अजहरी ने कहा कि इस साल मुफ्ती-ए-आजम का 44 वां उर्स ए नूरी 9 जुलाई को मरकजे अहल-ए-सुन्नत में मनाया जाएगा। इसके लिए बाहर से आने वाले जायरीन को दावत देकर उर्स की तैयारी शुरू कर दी गई है। बैठक में बोलते हुए आला हजरत परिवार की बुजुर्ग हस्ती तौसीफ मियां ने कहा कि हमारे बुजुर्गों ने इस देश की हिफाजत के लिए बेमिसाल कुर्बानियां पेश की हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश की तरफ जो भी निगाह टेढ़ी करेगा उसे भारतवासी खासकर भारतीय मुसलमान मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने पाकिस्तानी फौज के प्रमुख और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को चेतावनी देते हुए कहा कि अपने देश पाकिस्तान की जमीन से अंजाम दी जाने वाली आतंकवादी गतिविधियों पर लगाम लगाएं। भारत के खिलाफ आतंकी कार्रवाई करने से बाज आएं, वरना एक दिन पाकिस्तान को ही इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### कंस के आतंक से मथुरावासियों को दिलाई मुक्ति



**बरेली, अमृत विचार** : बिहारीपर खत्रियान स्थित श्री बिहारी मंदिर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन सोमवार को कथाव्यास व्योम त्रिपाठी ने भगवान कृष्ण की लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया। उन्होंने श्रीकृष्ण और गोपियों के महारास के बारे में बताया। इसके बाद भगवान कृष्ण द्वारा कंस के आतंक से मथुरा वासियों को मुक्ति दिलाने की कथा सुनाई। मथुरा को राजा उग्रसेन के हवाले कर स्वयं द्वारिका की स्थापना कर द्वारिकाधीश के रूप में विराजित हुए। महाबली रुक्म की बहन रुक्मणि के प्रणय पत्र को स्वीकार कर रुक्मणि से विवाह किया। विवाह उत्सव पर बजे कृष्ण भजनों पर भक्त जमकर झूमे। कथा में उन्होंने बरसात को देखते हुए भगवान कृष्ण के द्वारा गोवर्धन पर्वत की घटना का भी व्याख्यान किया। इस अवसर पर अतुल कपूर, पार्षद सोनिया कपूर, ओम कपूर, अंश कपूर, संजय कपूर, नीलू कपूर, शिवम कपूर, स्तुति कपूर, आनिया कपूर, संजीव गर्ग आदि उपस्थित रहे।

### प्रबल प्रेम से बदल जाते हैं परमात्मा के नियम

**बरेली, अमृत विचार** : बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में संगीतमयी श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन सोमवार को वृंदावन के कथा व्यास पं. सुरेश शास्त्री ने बताया कि भक्तों के प्रबल प्रेम के कारण प्रभु के नियम बदल जाते हैं। जब जीव स्वयं भागवत बने तभी परम ब्रह्म परमात्मा की प्राप्ति हो सकती है। जैसे शुकदेव और परीक्षित दोनों को ही गर्भ में भगवान विष्णु के दर्शन हुए। अर्थात परमात्मा ने स्वयं शुकदेव रूप में आकर परीक्षित को कथा सुना कर कल्याण और प्रकाश का मार्ग प्रशस्त किया। कथा व्यास कहते हैं कि समय समय पर परमात्मा अपनी संतान रूपी जीव को अंधकार से मुक्त कराने के लिए कोई न कोई माध्यम भेजते हैं। कभी वह किसी अवतार के रूप में अथवा कभी किसी संत के रूप में। भगवान विष्णु के पांचवें अवतार कपिल मुनि ने पिता कर्दम ऋषि और माता देवहूति के यहां जन्म लिया और भागवत धर्म के प्रमुख बारह आचार्यों में से एक बने। उन्होंने बताया भीष्म पितामह ने दुर्योधन का साथ होने पर भी भगवान की भक्ति करना नहीं छोड़ा और सदैव परमात्मा का चिंतन करते रहे। जो अधर्म के साथ था परंतु उसकी भक्ति के कारण उसको ज्ञान देकर मुक्ति की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम में मंदिर सेवा समिति के प्रताप चंद्र सेठ, मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल, सुभाष मेहरा आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षकों और बच्चों की लगेगी ऑनलाइन हाजिरी

**बरेली, अमृत विचार** : एक जुलाई से खुल रहे माध्यमिक विद्यालयों में ऑनलाइन हाजिरी लगाने की व्यवस्था शुरू होगी। बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने सोमवार को इस संबंध में प्रदेश के सभी डीआईओएस को आदेश जारी किए हैं। इसके बाद डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार ने जिले के माध्यमिक स्कूलों के सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी किए हैं कि वह विभाग की ओर से जारी एप डाउनलोड कर खुद के साथ ही विद्यार्थियों की भी ऑनलाइन हाजिरी लगाएं। जिले में 67 राजकीय, 78 एडेड और 305 वित्तविहीन विद्यालय हैं। जहां छात्र-छात्राओं की एक जुलाई से आनलाइन हाजिरी लगेगी और एप से शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मियों को भी जोड़ा जाएगा।

# हाउस टैक्स में छूट के लिए लगी लंबी लाइन, अब तक 33 करोड़ हुए जमा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



नगर निगम में टैक्स जमा करने के लिए जुटी भीड़। • अमृत विचार

- सोमवार को 10 फीसदी के साथ हाउस टैक्स हुआ जमा
- बारिश के बावजूद टैक्स जमा करने भारी संख्या में लोग आए

**अमृत विचारः** हाउस टैक्स में 10 प्रतिशत की छूट पाने के लिए सोमवार को आखिरी दिन था। बारिश और जलभराव के बावजूद बड़ी संख्या में भवन स्वामी टैक्स जमा करने नगर निगम पहुंचे। सोमवार को करीब तीन करोड़ रुपये का टैक्स जमा हुआ। अब तक 90 दिनों में करीब 33 करोड़ रुपये का टैक्स जमा हो गया है।

हाउस टैक्स जमा करने पर लोगों को विभाग की ओर से अप्रैल, मई और जून में 10 प्रतिशत की छूट मिल रही थी। लोग छूट के साथ अधिक बकाया जमा कर सकें और इसके लिए भवन स्वामियों को जागरूक भी किया गया। सोमवार को 10 प्रतिशत छूट के साथ अंतिम दिन था। तेज बारिश के कारण कई मोहल्लों में जमकर जलभराव हुआ और लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया था। इसके बावजूद भवनस्वामी छूट लेने के लिए काफी संख्या में नगर निगम के हाउस टैक्स विभाग पहुंचे। जिसके कारण काउंटर पर लंबी लाइन लगी रही।

निगम के अधिकारियों के मुताबिक छूट की अवधि के तीन माह के दौरान सबसे अधिक टैक्स आखिरी दिनों में जमा हुआ है। अब तक काउंटर और ऑनलाइन दोनों तरीके से करीब 33 करोड़ रुपये जमा हुए हैं। पूरी रकम का मिलान देर शाम तक विभाग के कर्मचारी करते रहे। अन्य दिनों में एक दिन में अधिकतम एक करोड़ रुपये की वसूली रही है लेकिन अंतिम दिन करीब तीन करोड़ रुपये जमा हुए। कर निर्धारण अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि रविवार तक करीब 30 करोड़ रुपये बकाया जमा हुआ था। अंतिम दिन हर दिन अधिक बकाया जमा हुआ है। इस बार लक्ष्य हासिल करने के लिए पहले से हम लोग सक्रिय हैं। इसे हर हाल में हासिल कर लेंगे।

### बिजली ने दिया दगा, कई लोग छूट पर हाउस टैक्स जमा करने से रह गए वंचित

पार्षद राजेश अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम में सोमवार को बिजली न होने के कारण करदाताओं के बिल कंप्यूटर पर काफी संख्या में चढ़ने से वंचित रह गए हैं। कई लोगों के घरों की मैचिंग नहीं हो पाई है। जिसके कारण करदाताओं को 10 फीसदी की छूट नहीं मिली पाई है। उन्होंने कहा कि नगर निगम ने जनरेटर का कनेक्शन सिर्फ कुछ अधिकारियों को दिया है। कर विभाग में जनरेटर से आपूर्ति नहीं होने के कारण लोगों को दिक्कत हुई है। स्वकर के प्रत्येक फॉर्म की जांच कराई है और अब तक उनमें सुधार नहीं किया है जिसके कारण करदाता को छूट का लाभ नहीं मिल पाया है।

# निदेशालय से अनुमति, अब भोजीपुरा में आवंटित भूखंडों के पास होंगे नक्शे

## मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग ने दी जानकारी, उद्यमी हुए खुश

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कमिश्नरी सभागार में बैठक करतीं कमिश्नर सौम्या अग्रवाल। • अमृत विचार

- जलभराव, जीएसटी की कार्रवाई, स्वतंत्र फीडर में बाहरी कनेक्शन के भी उठाए गए मुद्दे

**अमृत विचार** : भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र में आवंटित भूखंडों के नक्शे पास होने में करीब तीन साल से आ रही दिक्कतों का समाधान हो गया है। कानपुर निदेशालय से अनुमति मिल गई है। अब भूखंडों का मानचित्र स्वीकृत कराने में कोई समस्या नहीं आएगी। कमिश्नरी सभागार में मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को हुई मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग ने जानकारी दी। लंबे समय से लटकी समस्या का हल निकलने की जानकारी पाकर भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमी खुश हुए और उन्होंने इसके लिए कमिश्नर समेत उद्योग विभाग के अधिकारियों का भी आभार जताया।

भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने बैठक में राजेंद्र नगर में जीएसटी विभाग की कार्रवाई का मुद्दा उठाया। कहा कि कार्रवाई के दौरान टीम के अधिकारियों ने अभ्रदता की। पिछले दिनों मनोरंजन पार्क में हुई कार्रवाई का भी मामला उठाया। कमिश्नर ने मौजूद जीएसटी विभाग के अधिकारी से सवाल किया, इसका जवाब वे नहीं दे सके। कहा कि, भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र में बिजली सप्लाई के लिए स्वतन्त्र फीडर है। इसके बाद भी बाहर की इकाइयों को बिजली कनेक्शन दे दिया गया है, जबकि दोहना में एक और फीडर बाहरी इकाइयों के लिए बन चुका है। कमिश्नर के निर्देश पर बिजली विभाग के मुख्य अभियंता ने मंगलवार तक कनेक्शन हटाने को आश्वस्त किया। यूपीसीडा के अधिकारियों ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा में जल भराव की समस्या को दूर कराने का कार्य चल रहा है। आरसीसी नाले का निर्माण प्रगति पर है। दावा किया कि 40 प्रतिशत कार्य हो गया है। डीएफओ दीक्षा भंडारी, एसपी सिटी मानुष पारीक, संयुक्त आयुक्त उद्योग वीरेंद्र कुमार, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, जेसी स्टेट टैक्स केके गुप्ता, मुख्य अग्निशमन अधिकारी चंद्रमोहन शर्मा, गुरप्रीत सिंह, एसके सिंह, राजेश गुप्ता आदि उद्यमी मौजूद रहे।

**टियूलिया में जल्द शुरू होगा ट्रक ले बाई का निर्माण, इन्वर्टिस के पास स्थल चिन्हित** : बैठक में फतेहगंज पश्चिमी के पास ग्राम टियूलिया पर 2 नंबर-ट्रक ले बाई का निर्माण कराने का मुद्दा उठा। औद्योगिक इकाइयों के वाहनों की पार्किंग के लिए एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि कार्य के लिए निर्माण स्थल पर मोबिलाइज हो गया है। वन विभाग की अनुमति भी मिल चुकी है। कहा कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। बताया कि इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी के पास 1 नंबर ट्रक ले बाई बनाए जाने के लिए स्थान चिन्हित कर लिया गया है। कमिश्नर ने एनएचएआई के अधिकारियों और एसडीएम सदर से कहा कि समन्वय बनाते हुए भूमि का सर्वे कर प्रपोजल तैयार करें और स्वीकृति के लिए मुख्यालय भेजें।

### परसाखेड़ा उपकेंद्र पर जेई और स्टाफ की तैनाती का आदेश

बैठक के दौरान बिजली उप केंद्र पर पर्याप्त स्टाफ न होने का मामला भी उठाया गया। उद्यमियों ने कहा कि परसाखेड़ा सब-स्टेशन पर पूरा स्टाफ नहीं है। इससे परसाखेड़ा और औद्योगिक क्षेत्र सीबीगंज में बिजली व्यवस्था बाधित होने पर शिकायतें करने के बाद भी कई घंटे तक आपूर्ति बहाल नहीं हो पाती है। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने मुख्य अभियंता विद्युत वितरण को तत्काल प्रभाव से एक जेई और अन्य स्टाफ की तैनाती के आदेश दिए।

# वन क्षेत्र में प्रवाहित दूषित पानी की जांच करेगी कमेटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति, जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

**अमृत विचारः** डीएम अविनाश सिंह ने वन क्षेत्र में दूषित पानी के प्रवाहित होने के मामले में जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने सोमवार की शाम जिला पर्यावरण समिति, जिला पौधरोपण समिति और जिला गंगा समिति की समीक्षा की।

सबसे पहले जिला पर्यावरण समिति की समीक्षा की। इस दौरान क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिए कि सीबीगंज क्षेत्र की सुपीरियर इंडस्ट्री की ओर से वन क्षेत्र में प्रवाहित किए जा रहे दूषित पानी की जांच करें। उसके निस्तारण के लिए तीन सदस्यीय टीम से जांच कराकर रिपोर्ट दें। इसके अलावा इफको संयंत्र से निकलने वाले जल की मात्रा, गुणवत्ता एवं निस्तारण के लिए उपाय और वहां स्थापित एसटीपी की जांच के लिए भी तीन सदस्यीय टीम बनाते हुए विस्तृत रिपोर्ट बुकलेट फार्म में प्रस्तुत करें। उन्होंने नगर निगम और सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह सुबह 6 से 9 बजे तक अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर लीगेसी वेस्ट और ठोस अपशिष्ट का गुणवत्ता पूर्ण और समय से निस्तारण कराएं। इसके साथ ही प्रमुख चौराहों पर डस्टबिन स्थापित कराएं। उन्होंने नगर निगम और नगर निकायों को निर्देश दिए कि सावन माह को लेकर सभी प्रमुख मंदिरों व धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई कराना सुनिश्चित करें। जिला गंगा समिति की बैठक में नगर निगम व नगर निकायों को निर्देश दिए कि मानसून के दृष्टिगत नालों की सफाई कराएं। 1 से 7 जुलाई तक आयोजित होने वाले वन महोत्सव को वृहद स्तर पर मनाए

पौधरोपण अभियान को लेकर उन्होंने कहा कि सभी विभागों को आवंटित किए गए पौधरोपण लक्ष्य के सापेक्ष परिवहन विभाग व रेलवे तत्काल अपनी कार्ययोजना वन विभाग को उपलब्ध करा दें। सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में पौधरोपण स्थलों का निरीक्षण कर लें। ग्राम्य विकास विकास भवन में एवं राजस्व विभाग में कलेक्ट्रेट में पौधरोपण कंट्रोल रूम स्थापित करें। 1 से 7 जुलाई तक आयोजित होने वाले वन महोत्सव को वृहद स्तर पर मनाया जाए। सभी विभाग पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत पौधारोपण व जन जागरूकता के कार्यक्रम कराएं।

# 1.10 करोड़ रुपये लखनऊ व 10 लाख मुंबई के खाते में हुए ट्रांसफर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सेवानिवृत्त वैज्ञानिक के रुपये भेजते ही उसी दिन ठगों ने भेजे दूसरे खातों में
- साइबर क्राइम पुलिस ने 75 बैंक खातों को जांच के बाद कराया है फ्रीज

**अमृत विचार** : भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक शुकदेव नंदी को ठगों ने पांच दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा। शुकदेव नंदी से ठगे गए 1.29 करोड़ रुपयों में 1.10 करोड़ लखनऊ के बैंक खातों में, 10 लाख पुणे और नौ लाख मुंबई के बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए थे। साइबर क्राइम पुलिस 75 बैंक खातों को फ्रीज कर आगे की जांच कर रही है। पुलिस ने कुछ रकम को भी फ्रीज कराया है।

पश्चिम बंगाल के मूल निवासी सेवानिवृत्त वैज्ञानिक शुकदेव नंदी को 16 जून को व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल आया। ठग ने उन्हें डिजिटल अरेस्ट रखकर 1.29 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। साइबर क्राइम पुलिस की जांच में सामने आया कि ठगों ने जिस दिन रुपये खाते में मंगाए, उसी दिन रुपयों को 75 अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया। ठगी के 1.10 करोड़ लखनऊ, 10 लाख पुणे और नौ लाख रुपये मुंबई के खातों में ट्रांसफर किए गए हैं। शुरुआती जांच में सामने आया था कि ट्रांसफर किए गए बैंक खाते केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में स्थित हैं, लेकिन अब सबसे अधिक रकम लखनऊ के बैंक खातों में जाना पाया गया।

> सेवानिवृत्त वैज्ञानिक के ठगे गए रुपयों में 1.10 करोड़ रुपये लखनऊ स्थित बैंक खातों में, 10 लाख पुणे और नौ लाख रुपये मुंबई के बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए हैं। सभी खातों को फ्रीज करा दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। ठगी की रकम वापस कराने के लिए लगातार जांच कर प्रयास किया जा रहा है। -**नीरज कुमार**, साइबर क्राइम इंस्पेक्टर

# पिन्नी में खाया मावा से बना प्रसाद, पांच महिलाओं और दो बच्चों की हालत बिगड़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



इमरजेंसी वार्ड में भर्ती महिलाएं।

- शहर के बीडीए कॉलोनी निवासी परिवार के सात सदस्यों ने खाया था प्रसाद
- परिजनों ने दी तहरीर, पुलिस ने मावा दुकानदार को हिरासत में लेकर शुरू की जांच

**अमृत विचार** : घर में पिन्नी खाने के बाद एक ही परिवार की 5 महिलाओं और दो बच्चों की हालत गंभीर हो गई है। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने सभी मरीजों में फूड प्वाइजनिंग के लक्षण बताते हुए हालत गंभीर होने पर भर्ती कर लिया है। परिजनों ने मावा बेचने वाले दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई को सुभाष नगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद मावा दुकानदार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

**डेयरी से खरीदा था मावा** : बीडीए कॉलोनी निवासी शोभित सक्सेना ने बताया कि सोमवार को पिन्नी खिलाने के लिए उनका मां विनीता सक्सेना ने सवा किलोग्राम मावा लाने को कहा था। इस पर उन्होंने चौहान मार्केट स्थित दुकान से मावा खरीदा। सुबह करीब 10 दस बजे मावा से प्रसाद बनाकर उनकी मां के साथ ही चार महिलाओं को पिन्नी खाने को बुलाया, सभी ने पिन्नी खाई, वहीं दो बच्चों को भी प्रसाद का सेवन करा दिया। करीब 1 बजे सभी को उल्टी और दस्त आरंभ हो गए। इस पर जब दोबारा दुकानदार से संपर्क किया तो उसने तर्क दिया कि आप लोगों ने मावा का अधिक मात्रा में सेवन कर लिया है, लेकिन जब सभी लोगों की हालत अति गंभीर हो होने लगी तो शाम करीब 6 बजे जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंचे यहां डॉक्टर ने सभी को फूड प्वाइजनिंग होने की बात कही। शोभित ने बताया कि उनकी मां विनिता के अलावा दीपिका, सोना, काव्या, विशाखा के अलावा डेढ़ वर्षीय तेजस और 6 साल के दीप सक्सेना की भी तबियत बिगड़ने पर बच्चा वार्ड में भर्ती कराया गया है।

जिला अस्पताल के ईएमओ डॉ. शैलेश रंजन का कहना है कि मरीज गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचे हैं, फौरन जांच की गई, जिससे फूड प्वाइजनिंग के लक्षण मिले हैं। दो बच्चों को बच्चा वार्ड में भर्ती किया गया है।

थाना प्रभारी सुभाषनगर जितेन्द्र सिंह ने बताया कि पिन्नी खाने से कुछ लोग बीमार हुए थे। फूड इंस्पेक्टर को बुलाकर नमूने लिए गए हैं। दुकान संचालक को थाने बुलाकर पूछताछ की जा रही है।

# बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष कैद

**बरेली, अमृत विचारः** 11 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी थाना शीशगढ़ क्षेत्र निवासी नन्हे उर्फ बाबूशाह को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट कुमार मयंक ने कठोर 20 वर्ष कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने की पूरी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा दी जाएगी।

सरकारी वकील प्रवीन सक्सेना ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना शीशगढ़ में तहरीर देकर बताया था कि 12 जून 2024 को दोपहर में उसकी पुत्री गांव के बाहर आम के खेत में गयी थी। वहीं से बाग का रखवाला बाबूशाह पुत्री को आम के बाग से खींचकर पड़ोस में ही पंचायत घर में ले गया और दुष्कर्म किया। वह जब घर आया तो पुत्री ने रोते हुए घटना के बारे में बताया। जब अभियुक्त के घर पूछने गया तो वह मारने के लिए आमादा हो गया। पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। अभियोजन ने पीड़िता की सहेलियों समेत 10 गवाह पेश किये।

# बस परिचालक को पीटने के आरोप में शाही नगर पंचायत चेयरमैन पर रिपोर्ट

- फिल्मी स्टाइल में बस के आगे बीच सड़क पर लगाई थी स्कॉर्पियो

**बरेली, अमृत विचार** : शाही थाना क्षेत्र में चेयरमैन वीरपाल मौर्य के खिलाफ सिटी बस के परिचालक को पीटने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। उन पर विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां देने का आरोप है। परिचालक की तहरीर पर चेयरमैन समेत पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बहेड़ी के नगर पालिका परिसर में रहने वाले इंद्रजीत सिंह ने बताया कि वह सिटी बस में परिचालक के पद पर तैनात हैं। आरोप है कि शनिवार सुबह करीब 10:50 बजे बहेड़ी से बस लेकर बरेली आ रहे थे। आरोप है कि रास्ते में रम्पुरा मोड़ के पास शाही चेयरमैन वीरपाल मौर्या ने अपनी स्कार्पियो को बस के आगे बीच सड़क पर लगाकर रोक दिया। बस रुकते ही स्कार्पियो में सवार चेयरमैन समेत समेत चार-पांच लोग उतरे और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारपीट करने लगे। आरोप है कि चेयरमैन ने कहा कि तेरी हिम्मत कैसे हुई मेरी स्कार्पियो से बस आगे निकालने की। इंद्रजीत के मुताबिक किसी तरह बस में सवार यात्रियों ने बीच-बचाव कर उनकी जान बचाई। पीड़ित इंद्रजीत सिंह की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के आधार बना कर कार्रवाई की जाएगी।

### चेयरमैन से माफी मंगवाने पर अड़े परिचालक

**बरेली, अमृत विचार** : मारपीट प्रकरण में सिटी बस के कंडक्टर इंद्रजीत के समर्थन में सोमवार को अन्य परिचालकों ने सिटी बस डिपो पर जमकर हंगामा किया। उन्होंने शाही नगर पंचायत के चेयरमैन वीरपाल मौर्य पर मुकदमा दर्ज होने के बाद बस डिपो कार्यालय में बुलाकर माफी मंगवाने की बात सिटी बस की ऑपरेशन मैनेजर मनीषा दीक्षित से कही। ऐसा नहीं करने बसों का संचालन ठप करने की बात कही। इस पर इंद्रजीत समेत सभी चालक और परिचालकों को समझाया गया कि चेयरमैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो चुका है। अब पुलिस के स्तर से कार्रवाई की जाएगी। सिटी बस की ऑपरेशन मैनेजर मनीषा दीक्षित ने बताया कि काफी समझाने के बाद भी जब चालक-परिचालक नहीं माने तो पुलिस को बुलाना पड़ा। तब कहीं जाकर मामला शांत हो सका।

# 50 लाख न मिलने पर एडीएम की बेटी को पीटकर घर से निकाला

- बागपत में तैनात हैं एडीएम शिव नारायण, ससुर, सास और ननद के खिलाफ रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार** : दहेज में 50 लाख रुपये न मिलने पर एडीएम बागपत शिवनारायण की बेटी को सास, ससुर और ननद ने मारपीट कर पति सहित घर से निकाल दिया। पीड़िता ने थाना प्रेमनगर में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली क्षेत्र में एडीएम ई आवास के सामने रहने वाली दीक्षा ने थाना प्रेमनगर में तहरीर देकर बताया कि उनके पिता शिवनारायण वर्तमान में बागपत जनपद में एडीएम के पद पर तैनात हैं। उनका विवाह 14 नवंबर 2021 को प्रेमनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला एकता नगर निवासी शिव आनंद के साथ हुआ था। शादी के बाद कुछ दिन तक सब कुछ सामान्य रहा। आठ माह बाद ननद लवली आनंद के उकसाने पर ससुर विनोद कुमार आनंद, सास राजरानी आनंद दहेज में 50 लाख रुपये की मांग करने लगे। दीक्षा ने बताया कि ननद ममता उर्फ लवली के कहने पर सास, ससुर ने 27 जून को दिन में 4 बजे झगड़ा कर उन्हें घर से बाहर निकाल दिया। 29 जून को सुबह 10 बजे उनके पिता अपने रिश्तेदारों के साथ ससुर और सास से मिलने गए। वहां समझाने का प्रयास किया, लेकिन सास और ससुर सभी के सामने उनके पिता से गाली गलौज करने लगे और लाइसेंसी बंदूक उठा ली और धमकी दी कि गोली मार देंगे। उन्होंने मांग की कि उनके जेवर और दहेज में दिया गया सामान वापस दिलाया जाए।

# गंभीर मरीजों को भी नहीं मिल रहा इलाज रिक्त हैं डॉक्टरों और विशेषज्ञों के पद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

## राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस

- जिला अस्पताल समेत स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वीकृत पदों के सापेक्ष 30 फीसदी है डॉक्टरों की कमी, भर्ती करने की प्रक्रिया जारी

> डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए लगातार वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से भर्ती की जा रही हैं। सीमित संसाधनों में भी विभाग मरीजों को बेहतर इलाज देने में प्रयासरत है। - **डॉ. विश्राम सिंह**, सीएमओ

**अमृत विचारः** स्वास्थ्य विभाग हर मरीज को बेहतर इलाज देने का दावा करता है लेकिन करीब 12 साल से जिले में सीएमओ के अधीन 237 स्वीकृत पदों के सापेक्ष सिर्फ 142 डॉक्टर ही तैनात हैं, जबकि 95 पद रिक्त हैं। इसकी वजह से मरीजों को बेहतर इलाज नहीं मिल पा रहा है। जिले में सर्वाधिक मरीज इलाज के लिए जिला अस्पताल आते हैं लेकिन यहां स्वीकृत 42 पदों के सापेक्ष 29 डॉक्टर ही तैनात हैं।

सामान्य बीमारियों के साथ ही अगर सरकारी अस्पतालों में गंभीर मरीज भर्ती हो रहे हैं तो उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर करना पड़ रहा है। इसका भी मुख्य कारण है कि जिले में सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भी भारी कमी है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले में शासन की ओर से सीएमओ के अधीन विशेषज्ञों के 90 पद स्वीकृत हैं जिसके सापेक्ष महज 18 विशेषज्ञ ही तैनात हैं। वहीं जिला अस्पताल में 35 विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं, इनपर तैनाती महज 19 की है। हृदय, गुर्दा, मूत्र, दंत, त्वचा आदि रोग विशेषज्ञ नहीं हैं। इसके अलावा फिजिशियन, आर्थो, सर्जन के भी कई पद रिक्त हैं।

**छह माह में रेफर हुए 210 मरीज** : विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिला अस्पताल में रोजाना तीन से चार मरीज गंभीर अवस्था में पहुंचते हैं। वर्ष 2025 में जनवरी से अब तक जिला अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती हुए 210 मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। इनमें 20 फीसदी मरीज सड़क हादसे में गंभीर घायल थे। वहीं अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित थे।

# बारिश से गोरा-रामगंगा पुल की एप्रोच रोड कटी

## सड़क पर हुए गहरे गड्ढे, लोगों की बढ़ी मुश्किल, सैकड़ों गांवों से है पुल का जुड़ाव, आज होगी मरम्मत

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार** : बारिश के चलते गोरा लोकनापुर गांव के समीप रामगंगा नदी पर बने पुल की एप्रोच रोड कट गई। साथ ही सड़क में गहरे गड्ढे हो गए। इससे राहगीरों और ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। डेढ़ किलोमीटर की इस एप्रोच रोड की हालत खराब है। अगर तेज बारिश हुई तो यह रोड पूरी तरह से कट सकती है।

गोरा लोकनाथपुर के समीप बह रही रामगंगा नदी पर आंवला और मीरगंज तहसील क्षेत्र को जोड़ने के लिए करोड़ों रुपये की लागत से पुल का निर्माण किया गया था। पुल की गांव की ओर उत्तर दिशा में मजार तक डेढ़ किलोमीटर पक्की डामर रोड लोक निर्माण विभाग ने बनाई थी। इसके बाद आवागम शुरू कर दिया गया था। इस दौरान ग्रामीणों ने पत्थरों की पिचिंग लगाने की मांग की थी, लेकिन अफसरों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।



बारिश की वजह से गोरा-रामगंगा पुल की एप्रोच रोड कट गई। ● अमृत विचार



सड़क पर कई जगह गहरे गड्ढे होने से आवाजाही में हो रही है दिक्कत।

इस रोड के बनने से दोनों तहसील क्षेत्र ही नहीं बल्कि उत्तराखंड तक के सैकड़ों गांवों के लोगों का रामपुर और उत्तराखंड तक जाने के लिए सफर सुगम हो गया। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन निकलते हैं। लगातार हुई बारिश की वजह से गोरा लोकनाथपुर के पास अप्रोच रोड कटने लगी है। गांव गोरा के ग्रामीणों ने बताया कि सड़क में जगह जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। सड़क भी कट गई है। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता कुलदीप शाक्य ने बताया कि विभागीय टीम और ठेकेदार मौके पर पहुंच रहे थे। बारिश की वजह से काम शुरू नहीं हो सका। मंगलवार से काम शुरू कर दिया जाएगा और जहां जहां गड्ढे हैं, उन्हें भर दिया जाएगा।

ग्राम प्रधान गोरा लोकनाथपुर धर्मेंद्र चौधरी का कहना है कि अगर विभाग ने जल्द जरूरी कदम नहीं उठाया तो एप्रोच रोड बरसात में पूरी तरह से ध्वस्त हो सकती है। इससे सैकड़ों गांवों के लोगों का आवागम पूरी तरह से बाधित हो जाएगा।

### अमीर नगर को बाढ़ से बचाने की तैयारी



**क्योलड़िया, अमृत विचार** : गांव अमीरनगर को बाढ़ के खतरे से बचाने के लिए तैयारी शुरू हो गई है। सोमवार को एसडीएम उदित पवार तहसीलदार दुष्यंत कुमार के साथ अमीर नगर पहुंचे। उन्होंने पुल का निरीक्षण किया। ग्रामीणों को जल्द पिचिंग बनाने का आश्वासन दिया। दरअसल, देवहा नदी में जब पानी का स्तर बढ़ता है तो अमीर नगर के लोग सहम जाते हैं। पिछले साल आई बाढ़ से यहां पर बने पुल के पास लगी पिचिंग कट गई थी। इससे पुल टूटने का खतरा बन गया था।

## एक नजर

### सियार के हमले में महिला गंभीर घायल

**आंवला, अमृत विचार** : सियार ने पशुशाला में महिला पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। गांव हाजीपुर निवासी ग्रामीणों के अनुसार सोमवार सुबह करीब 5 बजे सुरेन्द्र पाल सिंह की पत्नी धनदेई (50) घर से गांव के किनारे बनी पशुशाला में चारा डालने गई थीं। तभी सियार ने उनपर हमला बोल दिया। चीख पुकार सुनकर लोग बचाने दौड़े। भीड़ देखकर सियार खेतों की ओर भाग गया। सियार के हमले में महिला जख्मी हो गई। परिजन उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आंवला पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उपचार कर उन्हें घर भेज दिया।

### जिला पंचायत सदस्य के खिलाफ की टिप्पणी

**नवाबगंज, अमृत विचार** : एक युवक ने वार्ड सात के जिला पंचायत सदस्य मुन्ने बख्श अंसारी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी, जो वायरल हो गई। जानकारी होने पर जिला पंचायत सदस्य ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेजने की चेतावनी दी। जेल जाने के डर से सहमे आरोपी ने माफीनामा लिख कर अपनी गलती मान ली। तब कहीं जाकर मामला शांत हो सका।

### कच्ची शराब बनाते युवक को पकड़ा

**राजपुर कलां, अमृत विचार** : पुलिस ने रविवार देर रात ग्राम रोहतापुर के जंगल में कच्ची शराब बनाते एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम काका सिंह बताया। उसके पास से 10 लीटर कच्ची शराब और शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजित राम ने बताया कि काका सिंह लंबे समय से क्षेत्र में कच्ची शराब बनाकर बेचने का धंधा कर रहा था।

### एक ही नंबर पर चला रहा था दो कार, पकड़ा गया

**हाफिजगंज, अमृत विचार** : रिठौरा चौकी पुलिस ने एक ही नंबर पर दो कार चलाने के मामले में एक युवक को हिरासत में लिया है। बताते हैं कि चोरी की गई कार के चेचिस नंबर मिटा दिए गए थे। सूचना पर चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता ने पुलिस टीम के साथ बड़ी नहर वाली सड़क पर दोनों कारों को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मामले में गांव मुल्लापुर निवासी युवक को हिरासत में लिया है। पूछताछ में आरोपी ने बिजनौर निवासी एक साथी का भी नाम बताया है। पुलिस मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

# शराब की दो दुकानों से लाखों की चोरी

● सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात, जांच में जुटी पुलिस




**आंवला, अमृत विचार** : चोरों ने आंवला-भमोरा स्टेट हाईवे के किनारे देसी शराब की दो दुकानों को निशाना बनाया। चोर लाखों रुपये की शराब और अन्य सामान चुराकर ले गए। चोरों ने एक दुकान के समीप लगे सीसीटीवी कैमरों को ऊपर की ओर मोड़ दिया, जबकि दूसरी घटना में चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

गांव इस्लामाबाद निवासी लडैती देवी पत्नी पीतांबर सिंह ने बताया कि उनकी आंवला भमोरा रोड के मोहम्मदपुर पथरा गांव में देसी शराब की दुकान है। रविवार रात चोरों ने शटर के ताले तोड़कर दुकान से शराब की 28 पेटी और गल्ले से रेजगारी समेत करीब चार हजार रुपये चुरा लिए। महिला के बेटे नरवीर ने बताया कि चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में दुकान पर चार चोर दिखाई दे रहे हैं। उनके पास एक बाइक थी। दो चोर शराब की पेटी दुकान से कहीं ले जाते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, बिलौरी गांव निवासी हरपाल सिंह ने बताया कि वह कस्बा स्थित जीप स्टैंड के पास रहते हैं। बताया कि उनकी रामनगला में देसी शराब की दुकान है। रविवार रात चोरों ने 83 पेटी शराब, दो हजार की नकदी, दो बैट्री, सीसीटीवी डीबीआर, एलसीडी, पॉश मशीन आदि सामान चुरा लिया। दोनों दुकानदारों ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

### कई वारदातों का अब तक नहीं हुआ खुलासा

आदर्श नगर कॉलोनी निवासी दिलीप कुमार की बाइक सात मई को बीसी सेंटर के बाहर खड़ी थी। बाइक की डिग्गी में 5 लाख 7 हजार रुपये रखे थे। वह सेंटर में ताला लगाने गए। इस बीच चोर डिग्गी से रुपये निकालकर रफूचक्कर हो गए। ढरकापुर मजरा गोजाखेड़ा निवासी अंकुश वर्मा 3 मार्च को दोपहर में रामनगर रोड स्थित अपने मेडिकल स्टोर पर बैठे थे। अज्ञात बाइक सवारों ने अंकुश वर्मा के चेहरे पर गिलास से तेजाब फेंक दिया था। जिससे वह बुरी तरह झुलस गए थे। वहीं, पनवडिया गांव निवासी विनोद लोधी का शव 20 मार्च को गांव के एक कालेज के समीप नाले से बरामद हुआ था। मृतक की पत्नी राधा देवी ने हत्या का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस इन मामलों का अभी तक खुलासा नहीं कर पाई है।

# एक साथ उठी तहेरे-चचेरे भाई की अर्थी, हर आंख नम

**भमोरा, अमृत विचार** : सड़क हादसे में जान गंवाने वाले तहेरे चचेरे भाई की अर्थी एक साथ उठी तो लोगों की आंखें नम हो गईं।

गांव गांव सरायू निवासी अमरपाल (20) पुत्र हरपाल और सुभाष (19) पुत्र रक्षपाल आपस में तहेरे-चचेरे भाई थे। दोनों चचेरे भाई अखिलेश की बरात में शामिल होने के लिए बाइक से बदायूं जनपद के कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव बगरापुर जा रहे थे। रविवार रात आंवला क्षेत्र में गांव बिहट के पास अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही शादी की खुशियां गम में तब्दील हो गईं। परिवार में कोहराम मच गया। दोनों का अंतिम संस्कार बल्लिया में किया गया।

### कार खाई में गिरी चालक घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : नेशनल हाईवे पर गांव रुकुमपुर के सामने कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में कार चालक घायल हो गया। पुलिस ने घायल चालक को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा। क्रेन से कार खाई से निकाली गई। बरेली शहर निवासी संजीव गुप्ता सोमवार सुबह बरेली से कोटा राजस्थान किसी काम से जा रहे थे। करीब साढ़े नौ बजे जब वह हाईवे पर गांव रूकुमपुर के सामने पहुंचे, तभी अचानक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। पुलिस ने राहगीरों की मदद से संजीव गुप्ता और कार चालक को बाहर निकाला। गनीमत रही कार खाई में सीधी गिरी, जिससे व्यापारी संजीव गुप्ता बाल बाल बच गए। हालांकि कोटा निवासी चालक भोला चोटिल हो गया।

# ट्रांसफार्मर फुंकने से आधे कस्बे की आपूर्ति प्रभावित

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर फुंक गया। इससे आधे कस्बे की बिजली गुल हो गई। लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। सुबह पेयजल किल्लत बनी रही।

रविवार रात बारिश और तेज हवा के बीच बिजली मोहल्ला भिटौरा के ट्यूबवेल पर लगे 250 केवी के ट्रांसफार्मर पर गिर गई। आधे कस्बे की सप्लाई बाधित हो गई। सोमवार को पूरे दिन लोगों ने बिजली संकट का सामना करना पड़ा। सुबह पानी की किल्लत से जूझना पड़ा। अवर अभियंता रमेश चंद्र ने बताया कि बिजली गिरने के कारण ट्रांसफार्मर फुंक गया। मंगलवार को ट्रांसफार्मर बदलने का प्रयास किया जाएगा।

**खंभे पर तारों में लगी आग: बहेड़ी, अमृत विचार** : कस्बे के मेन रोड पर डिवाइडर पर लगे बिजली के खंभे में तारों में आग लग गई। इससे अफरा-तफरी मच गई। आग लगने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना पर पहुंची नगर पालिका की टीम ने अग्निशमन यंत्रों से आग पर काबू पाया। करीब आधे घंटे तक दहशत का माहौल रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस खंभे के तारों में कई फाल्ट हुए। गनीमत रही कि आग लगने से किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ।



फाल्ट के बाद तारों में लगी आग।

### स्कूलों को मर्ज करने का विरोध

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार** : कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को नजदीकी विद्यालयों में मर्ज करने का विरोध तेज हो गया है। इस संबंध में सोमवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर में बैठक कर विरोध जताया। विद्यालय प्रबंध समिति, ग्रामीण और अभिभावकों ने अपनी असहमति जताते हुए गांव के बच्चों को गांव के ही स्कूल में पढ़ाने की बात कही। इस दौरान ब्लॉक संरक्षक सुनील शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष कामरान खान, तहसील अध्यक्ष राहुल सिंह, ब्लॉक मंत्री मनोज मिश्रा, नुजहत खान, कन्यावती ,शुभम सक्सेना, शिवम अग्रवाल, भूप सिंह ,हरपाल, ग्राम प्रधान अरविंद कुमार, राजकुमार पाल, चैतन्य प्रकाश गंगवार, मनोहर सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# शीशा फटकर मजदूर के गले में घुसा, मौत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

● सुबह 7 बजे रेलवे स्टेशन रोड के पास दुकान पर शीशा उतार रहे थे मजदूर
● बरेली के प्रेमनगर से गाड़ी में आया था शीशा, वहीं से मजदूर आए थे

**अमृत विचार**: कोतवाली क्षेत्र के स्टेशन रोड पर गाड़ी से उतारते समय शीशा फट गया और एक टुकड़ा मजदूर के गले में जा घुसा, जिससे मजदूर की मौत हो गई। शीशा बरेली के प्रेम नगर से दो गाड़ियों में आया था। पुलिस ने जानकारी ली। घटना की सूचना मिलने पर मजदूर के परिवार में कोहराम मच गया।

स्टेशन रोड पर सोना प्लाईवुड की दुकान है। सोमवार की सुबह 7 बजे दुकान पर दो गाड़ियां बरेली के प्रेमनगर से शीशा लेकर आईं। बरेली से तीन मजदूर भी शीशा उतारने आए थे। मजदूरों ने दुकान पर गाड़ियों से शीशा उतारना शुरू किया। शीशा उतारने के दौरान फट गया और एक टुकड़ा मजदूर कैलाश (40) पुत्र जीवन लाल निवासी सिविल लाइंस बरेली के गले में घुस गया। आनन-फानन में मजदूर को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया। दो अन्य मजदूर राजेश और दिलीप ने घटना की सूचना साथी मजदूर कैलाश के परिजनों को दी। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंच गई और दुकान मालिक से पूछताछ की।

### भाभी का भाई पड़ा पीछे तो युवती की छूट गई परीक्षा

**आंवला, अमृत विचार** : एक छात्रा ने भाभी के भाई पर परेशान करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि डर की वजह से उसने घर से निकलना बंद कर दिया, जिससे उसकी परीक्षा छूट गई। युवती के पिता की शिकायत पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट कर ली है।

थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी पुत्रवधू का भाई उसकी बेटी को आए दिन परेशान कर रहा है। बेटी परेशान होकर परिवार के साथ दिल्ली चली गई। युवक बेटी का पीछा करते हुए दिल्ली तक पहुंच गया और जबरन निकाह करने की बात कहकर परेशान करने लगा। युवक ने उसकी बेटी के चेहरे पर तेजाब डालने की धमकी दी। जिससे बेटी ने घर से निकलना बंद कर दिया। जिससे बेटी की बीए द्वितीय वर्ष की परीक्षा छूट गई। उसने युवक के परिवार से शिकायत की, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

### तीन रोजा उर्स मनाया

**क्योलड़िया, अमृत विचार** : कस्बे में हजरत ख्वाजा सूफी जलालुद्दीन हसन शाह इस्हाकी अहमदी हसनी जहांगीरी का सालाना तीन रोजा उर्स मनाया गया। रविवार शाम हल्का ए जिक्र शरीफ के बाद महफिल-ए-शमा कब्बाली का आयोजन हुआ। सोमवार को दरगाह पर चादरों का जुलूस पहुंचा। 11:00 बजे कुल शरीफ शुरू हुआ। उलमा ने बुजुर्गों की शान में तकरीर की। लंगर तकसीम किया गया। उर्स दरगाह के सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा सूफी समशुल मियां इस्हाकी की कयादत में मनाया गया। सूफी नवाब मियां, सूफी अकबर हुसैन, सूफी अबरार बजाज, सूफी लियाकत हुसैन, सूफी ताजुद्दीन सूफी मोहम्मद अजीज मोहम्मद हसन, अजरा अंसारी मोहम्मद फरकान, मोहम्मद रिजवान, मौलाना सत्तार, हाफिज कमालुद्दीनश, अकबर बजाज, मौलाना जब्बार, सूफी शमशे, मोहम्मद हारुन, मोहम्मद ओवैस, गुल मोहम्मद इकरार अहमद, डंपी सिद्दीकी, मोहम्मद आशिक, इश्तियाक अहमद समेत अन्य लोग मौजूदद रहे।

# एसआरएमएस ने 23 साल में कई उपलब्धियां हासिल कीं

**बरेली, अमृत विचार**: चार जुलाई को स्थापना के 23 वर्ष पूरे करने वाले एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में 1 से 5 जुलाई तक दूरबीन विधि से ऑपरेशन के लिए मिनिमल इनवेसिव सर्जरी (दूरबीन विधि) कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें किसी भी दिन ऑपरेशन कराने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने वालों को लेप्रोस्कोपिक, एंडोस्कोपिक, आर्थोस्कोपिक, रोबोटिक और लेजर सर्जरी पर 50 फीसदी की छूट प्रदान की जाएगी। मरीज अपनी सर्जरी 5 जुलाई के बाद पूरे महीने किसी भी दिन प्लान कर सकता है। ये बातें एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने कहीं।

उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन पर 50 फीसदी की छूट गैस्ट्रो, न्यूरो, यूरोलॉजी, कॉस्मेटिक, इंटरवेंशनल, पीडियाट्रिक, कार्डियक, जनरल, गायनी, नेत्र, आर्थोस्कोपी एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, नाक, कान और गला सर्जरी जैसे विभागों में मान्य है। 23 साल में एसआरएमएस ने कई उपलब्धियां भी हासिल की हैं। इनमें 100 बेड का आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट, इनफर्टिलिटी सेंटर, अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ 110 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट, तीन दर्जन से ज्यादा सफल किडनी ट्रांसप्लांट, कोक्लियर ट्रांसप्लांट शामिल हैं। बताया कि एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज देश के टॉप 40 मेडिकल कॉलेजों में स्थान बरकरार रखे हुए है। इसी माह रिलीज संस्करण में इंडिया टुडे ने वर्ष 2025 का सर्वेक्षण जारी किया, इसमें देश के सभी 785 मेडिकल कॉलेजों में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज को 37वीं रैंक मिली है।



आदित्य मूर्ति, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन।

# अजादारी के साथ हमें नमाज का पाबंद होना चाहिए : मौलाना युसुफ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● इमामबाड़ा मुहम्मद शाह गढ़ैया में हुई मजलिस
● अंजुमनों ने अलग-अलग इमामबाड़ों में की नौहख्वानी

**अमृत विचार**: मोहर्रम के मौके पर शिया समुदाय में अजादारी का दौर जारी है। सोमवार को चौथे मोहर्रम पर इमाम हुसैन की शहादत का गम मनाया, जिसमें मुजफ्फरनगर से आए मौलाना युसुफ ने मजलिस को संबोधित करते हुए कहा कि अजादारी के साथ हमें नमाज का भी पाबंद होना चाहिए।

अंजुमन ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि सोमवार को दिन की पहली मजलिस सुबह 9 बजे से इमामबाड़ा मुहम्मद शाह गढ़ैया से शुरू हुई। उसके बाद हकीम आगा साहब गढ़ैया, वसी हैदर गढ़ैया, छिद्धि मुहम्मद कंघीटोला, महबूब हुसैन कंघीटोला, दीवानखाना छीपीटोला, कबीर हसन छीपीटोला में मजलिस हुई। वहीं रात की मजलिस इमामबाड़ा फतेह अली शाह काला इमामबाड़ा में हुई।

रात में एक मजलिस कोहाड़ापीर शाहबाद में लईक हुसैन जैदी के इमामबाड़ा में नाजिश जैदी की ओर से हुई। जिसमें मुजफ्फरनगर से आए मौलाना युसुफ ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने शहादत के आखिरी समय में भी नमाज नहीं छोड़ी। इमाम हुसैन ने इस्लाम और इंसानियत बचाने के लिए अपनी और अपनी परिवार की कुर्बानी दे दी। मजलिस के बाद अंजुमन ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी ने नौहख्वानी की और नाजिश जैदी की ओर से नजर का आयोजन किया गया। इमामबाड़ा महमूद हसन नकवी और डॉ. असद जैदी में चल रहे अशरा ए मातम में ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी ने नौहख्वानी और सीना जनी की।

अंजुमन शमशीर ए हैदरी, गुलदस्ता ए हैदरी ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी परचम ए अब्बास, परचम ए हुसैन, हुसैनी पुराना शहर आदि अंजुमनों ने अलग-अलग इमामबाड़ों में नौहख्वानी की। इसके अलावा महिलाओं ने भी मजलिस मातम किया। इमामबाड़ा मरहूम शबाब हुसैन जैदी जखीरा में गुलरेज जैदी की ओर से चल रहे अशरा ए मातम में महिलाओं ने मातम किया।

## सार-संक्षेप

### होली चौराहा मंदिर में मूर्तियों की हुई स्थापना



**रिठौरा, अमृत विचार** : होली चौराहा मंदिर में विधि विधान से आठ देवी-देवताओं की मूर्तियां स्थापित की गईं। इससे पहले कस्बे में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। सोमवार को मंदिर में शिव परिवार, राधा-कृष्णा, सुरभि, महर्षि कश्यप, शनिदेव की मूर्तियों की स्थापना की गई। भक्तों ने भंडारे का आयोजन किया। पंडित अंकुज मिश्रा ने पूजन संपन्न कराया। प्रेम कश्यप, रमेश कनौजिया, पप्पू कश्यप, पंकज कश्यप, ग्रेशा देवी, मोतीराम कश्यप, प्रदीप कुमार गुप्ता, पूर्व चेयरमैन राकेश कुमार कश्यप, महेश उर्फ गुड्डू, प्रेमपाल कश्यप आदि का सहयोग रहा।

### भजनलाल को मिली तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी



**बहेड़ी, अमृत विचार** : भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश की तहसील स्तरीय बैठक सोमवार को टीचर कॉलोनी में मास्टर केहरी सिंह के आवास पर हुई। जिलाध्यक्ष हरपाल बौद्ध और ओमप्रकाश बौद्ध ने भजनलाल मौर्य को तहसील अध्यक्ष, मास्टर केहरी सिंह को महासचिव, राजू मौर्य को कोषाध्यक्ष और प्रमोद कुमार मौर्य को तहसील ऑडिटर मनोनीत किया। भारतीय बौद्ध महासभा एवं चंद्रमणि बुद्ध विहार बरेली के संरक्षक ज्ञानेंद्र सिंह मौर्य एडवोकेट, महेंद्र पाल बौद्ध, दीनदयाल गौतम, महेंद्र पाल, मेवाराम बौद्ध, सुरजेश कुमार सागर, बलवीर सिंह बौद्ध, राजू मौर्य, कृष्ण गोपाल मौर्य, काशीराम, दयाल, वीरेंद्र राय मौर्या, भरत सिंह गौतम, गेंदल लाल, अजय पाल मौर्या, चुरामन मौर्य, हरीश कुमार मौर्य, सुरेश चंद्र मौर्य आदि मौजूद रहे।

### श्रीराम के जन्म का प्रसंग सुनाया



**शेरगढ़, अमृत विचार** : कस्बे में श्री राधाकृष्ण मंदिर पर आयोजित सात दिवसीय श्री राम कथा के तीसरे दिन सोमवार को कथा वाचक श्रीराम सुमति दास महात्यागी ने नारद मोह और श्री राम के जन्म का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि हमें प्रभु श्री राम के आदर्शों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। प्रभु श्री राम की मातृ और पितृ भक्ति अनुकरणीय है। पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रमोद अग्रवाल, महंत सुरेशदास, विनोद अग्रवाल, दिनेश शर्मा, राम कुश यादव, आकांक्षा गुप्ता, सुषमा गुप्ता,शरद सक्सेना, राजेश गुप्ता, डॉ. मनोज रस्तोगी, सतीश चंद्र अग्रवाल, पंकज अग्रवाल,मुकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### जलनिकासी न होने पर नई बस्ती में भरा पानी



**नवाबगंज, अमृत विचार** : बारिश के बाद जलनिकासी न होने के कारण याकूबपुर वार्ड की नई बस्ती, गुलशन नगर में जलभराव हो गया। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि हल्की बारिश में ही बस्ती में पानी भर जाता है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के सामने समस्या रखी जा चुकी है।

### शहीदाने कर्बला की याद में उठे जुलूस-ए-अलम



**सेंथल, अमृत विचार** : हजरत इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला की याद में कस्बे में मजलिस-ए-अजा आयोजित की गई। साथ ही जुलूस-ए-अलम उठाकर अकीदतमंदों ने शहीदाने कर्बला को पुरसा पेश किया। सोमवार को मोहर्रम के चौथे दिन जफर अब्बास जैदी के निवास से शुरू हुआ मजलिसों का सिलसिला देर रात इमामबाड़ा कला पर समाप्त हुआ। सुबह 11 बजे इमामबाड़ा चूड़ीवालान से अलम व डोले का जुलूस उठा। जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया। इसमें कायम जैदी, आकिब हुसैन, अयानुल हसन जैदी, मगन जैदी, मुराद जैदी, गुड्डू जैदी, सैफ अली, इनायत हुसैन आदि ने मर्सिया पढ़ा। दूसरा जुलूस अंजुमन यादगारे हुसैनी के नेतृत्व में इमामबाड़ा जुल्फिकार हसनैन से उठा। वहीं, हाफिजगंज में 30 साल पुराना ताजिया उठाया गया। ताजिया गलियों से घूमता हुआ अपने स्थान पर पहुंचा। ताजियादार अकबर अली ने बताया कि 4 तारीख का ताजिया 30 साल से उठाया जा रहा है।

### रिश्वत लेने के आरोपी लेखपाल को जमानत नहीं

**विधि संवाददाता, बरेली** : एसडीएम कोर्ट के आदेश पर जमीन पर कब्जा दिलाने के बदले में 10 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोपी बदायूं के थाना सिविल लाइन्स क्षेत्र की आवास विकास कालोनी निवासी सदर तहसील, बदायूं के लेखपाल संजीव कुमार की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट कमलेश्वर पांडेय ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सौरभ तिवारी ने बताया कि शिकायतकर्ता इशरत अली ने थाना एंटी करप्शन, बरेली में तहरीर देकर बताया था कि ग्राम कलपिया के गाटा संख्या 4688 की ढियाबंदी के लिए एसडीएम सदर बदायूं के न्यायालय में वाद दायर किया था। जिसमें उसके पिता के पक्ष में आदेश पारित हुआ लेकिन विपक्षी शहादत अली आदि ने लेखपाल संजीव की मिलीभगत से जमीन पर कब्जा कर लिया था। तभी से अपनी जमीन पर मेड़ डलवाकर कब्जा दिलाने के लिए राजस्व विभाग के लगातार चक्कर काट रहा था। 6 मई को एसडीएम बदायूं को अर्जी दी, लेखपाल संजीव से मिला तो उन्होंने काम के बदले में 30 हजार रिश्वत मांगी। 10 हजार रुपये पहले देना तय हुआ। 20 मई को ट्रैप टीम ने जाल बिछाया। जब शिकायतकर्ता लेखपाल को रिश्वत देने पहुंचा तो उसने बाइक मिस्त्री विनोद चाचा को रकम देने की बात कही, मिस्त्री ने शिकायतकर्ता से रुपये लेकर जेब में रख लिये थे। टीम ने लेखपाल व मिस्त्री दोनों को ही मौके से दबोच लिया था।

### कांबिंग में तेंदुए का नहीं लगा सुराग

**नवाबगंज, अमृत विचार** : हाफिजगंज के फैजुल्लापुर के पास खेतान फैक्ट्री में तेंदुआ देखे जाने के बाद सोमवार को भी वन विभाग की टीम ने फैक्ट्री और उसके आसपास के इलाकों में कांबिंग की लेकिन तेंदुए का कोई सुराग नहीं लग सका। टीम ने लोगों को जागरूक रहने को कहा है। तेंदुए का वीडियो वायरल होने के बाद भी अब तक वन विभाग ने तेंदुआ होने की पुष्टि नहीं की है।खेतान फैक्ट्री परिसर में चौकीदार अजय पाठक ने तेंदुआ देखा था। उन्होंने उसकी वीडियो बनाई थी। इसके बाद वन विभाग ने तेंदुआ को पकड़ने के लिए फैक्ट्री में पिंजड़ा लगा दिया था। वन क्षेत्राधिकारी केके मिश्रा के नेतृत्व में तीन टीमें लगातार क्षेत्र में कांबिंग कर रही हैं, मगर अब तक टीम को तेंदुआ नहीं दिखा है। कांबिंग करने वाली टीमों में आनंद सिंह, बीट प्रभारी अकबर अली आदि शामिल रहे।

### आखिर लंबी छुट्टी से लौट आए ईओ

**नवाबगंज, अमृत विचार** : लंबी छुट्टी से लौटे ईओ ने नगर पालिका में अपनी आमद दर्ज करा दी है। दरअसल, पालिका में अरसे से स्थाई ईओ की तैनाती नहीं थी। इस बीच तीन बार एसडीएम न्यायिक नवाबगंज और बहेड़ी को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत ईओ का कार्यभार सौंपा गया। 30 अप्रैल को यहां भेजे गए ईओ रामरतन चार्ज लेकर लम्बी छुट्टी पर चले गए। इस बीच पालिका अध्यक्ष के पति नीरेन्द्र सिंह राठौर ने शासन से ईओ की तैनाती की मांग की। सोमवार को पहुंचे ईओ रामरतन ने दोबार कार्यभार संभाल लिया। उम्मीद है कि इससे विकास कार्यों को रफ्तार मिलेगी।

## एक नजर

### डेंटल कॉलेजों में 700 एमडीएस सीटों पर दाखिले

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के दो सरकारी समेत 25 डेंटल कॉलेजों में एमडीएस की 700 सीटें हैं, जिन पर नीट एमडीएस 2025 की जारी काउंसिलिंग के माध्यम से दाखिले होंगे। कॉलेजवार सीट का ब्योरा चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय ने वेबसाइट पर सार्वजनिक कर दिया है। जिससे कि काउंसिलिंग के लिए पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थी मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देंगे। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि प्रदेश में उप्र. यूनीवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज, सैफई व किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय समेत 25 डेंटल कॉलेजों में पीजी के दाखिले होने हैं। कॉलेजों में उपलब्ध 700 सीटों का ब्योरा, आरक्षित सीटों के साथ सार्वजनिक कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि एक जुलाई से काउंसिलिंग एमडीएस की होगी, इसमें 4 जुलाई तक पंजीकण् कराना होग, फिर सात तक कॉलेजों की प्राथमिकता देनी होगी, 8 जुलाई को सीटावित सीट आवंटन के अगले दिन से संबंधित कॉलेजों में दाखिले की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

### अपर मुख्य सचिव जितेंद्र समेत 4 आईएएस सेवानिवृत्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन जितेंद्र कुमार समेत चार आईएएस अधिकारी सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। 1990 बैच के आईएएस अधिकारी के पास पुनर्गठन समन्वय, भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण के साथ ही निदेशक हिंदी संस्थान का भी पद था। इसके अलावा वर्ष 2009 बैच के आईएएस अधिकारी अखिलेश कुमार मिश्रा, वर्ष 2012 बैच के आईएएस अधिकारी बृजराज सिंह यादव और इसी बैच के सुरेन्द्र प्रसाद सिंह सेवानिवृत्त हो गए। पीसीएस अधिकारियों में पप्पू गुप्ता, राम भरत तिवारी, कुंवर बहादुर सिंह, पुरुषोत्तमदास गुप्ता, सतीश कुमार त्रिपाठी, हरिओम शर्मा, राजीव पांडेय, हनुमान प्रसाद और राज नारायण सेवानिवृत्त हुए।

# संघ दिखाएगा भाजपा प्रदेश व राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम को हरी झंडी

- भाजपा और संघ में समीकरण व नामों को लेकर एक राय न बनने से घोषणा में हो रही देरी
- यूपी को छोड़ 8 प्रदेशों में प्रदेश अध्यक्ष पद का चुनाव शुरू, हो चुके हैं 14 राज्यों और यूटी के चुनाव
- दिल्ली में 4 से 6 जुलाई तक संघ की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक में मिलेगी हरी झंडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में भाजपा की कमान किसने हाथ होगी, महीनों से मंथन के बाद भी एक राय नहीं बन पा रही है।

यही हाल राष्ट्रीय अध्यक्ष पद को लेकर है। दिल्ली में 4 जुलाई से होने वाली संघ की बैठक से पहले नाम तय होना है। इन पदों पर जातीय समीकरण और नामों को लेकर संघ से सुप्रीम सहमति का इंतजार है। इस बीच आठ राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया तेज हो गई है।

भाजपा में संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया रफ्तार पकड़ चुकी है। देश में 37 राज्य-केंद्र शासित प्रदेश हैं, जिनमें से कम से कम 19 राज्यों में संगठन के चुनाव की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव होगा। भाजपा ने 14 राज्य में संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली है। सोमवार से मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मिजोरम, पुडुचेरी, लद्दाख और पश्चिम बंगाल में प्रदेश अध्यक्ष के लिए नामांकन शुरू हो गए हैं। भाजपा सूत्रों का कहना है कि तीसरे दौर में उत्तर प्रदेश, गुजरात, ओडिशा और कर्नाटक जैसे राज्यों में चुनाव होंगे। उसके बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बुधवार से पांच देशों की आठ दिवसीय विदेश यात्रा पर रवाना हो रहे है।

4 जुलाई से संघ की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारकों की बैठक दिल्ली में होगी। पार्टी चाहती है कि इस संबंध में भी प्रांत प्रचारकों की बैठक और पीएम मोदी के दौरे से पहले प्रदेश अध्यक्ष के नाम सहमति बना ली जाए। ऐसे नहीं हुआ तो पार्टी के अध्यक्ष का चुनाव बिहार विधानसभा चुनाव तक टल जाएगा, क्योंकि अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। हालांकि संघ का सबसे ज्यादा फोकस यूपी को लेकर है, यहां ऐसे किसी प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर संघ सहमति देने को तैयार नहीं, जिसकी राय मुख्यमंत्री योगी से अलग रहने का संदेह हो।

## उप्र में अध्यक्ष पद पर फंसा सियासी पेंच

भाजपा के प्रदेश अध्यक्षों में सबसे ज्यादा मुश्किल यूपी में हो रही है। भूपेंद्र सिंह चौधरी का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और उनकी जगह नए चेहरे की तलाश चल रही है। कहा जा रहा है कि प्रदेश में नए अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। राज्य में 2027 का विधानसभा चुनाव को देखते हुए संवेदनशीलता ज्यादा है। प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी या दलित चेहरे को मौका देने पर लगातार मंथन चल रहा है। बीते लोकसभा चुनाव में दलित और ओबीसी दोनों ही वर्ग के वोट बैंक छिटके थे, ऐसे में पार्टी तय नहीं कर पा रही है कि मौजूदा परिस्थितियों में किस वर्ग पर दांव खेल जाए। कई नामों पर सियासी मंथन के बाद अभी तक मामला फाइनल नहीं हो सका है।



## प्रदेश में आज से खुलेंगे स्कूल और कॉलेज

**लखनऊ, अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों के साथ ही राज्य में आज से सभी विद्यालय खुल जाएंगे।

परिषदीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं का स्वागत रोली-चंदन और माला पहनाकर होगा। इसके लिए पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। इसी के साथ ग्रीष्मावकाश के बाद स्कूल चलो अभियान का दूसरा चरण एक से 15 जुलाई तक चलेगा। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा है कि समस्त परिषदीय विद्यालयों को स्वच्छ, सुंदर और उत्सवमय रूप में सजाया जाएगा।

# योगी सरकार का संकल्प, शिक्षा से वंचित न रहे कोई भी बच्चा

## स्कूल चलो अभियान का 15 दिवसीय दूसरा चरण आज से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में शिक्षा को सामाजिक समावेशन और समान अवसर का मजबूत आधार बनाया जा रहा है। शैक्षिक सत्र 2025-26 की शुरुआत के साथ ही 1 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक ''स्कूल चलो अभियान'' का द्वितीय चरण पूरे प्रदेश में जोरशोर से संचालित किया जाएगा। राज्य सरकार ने सभी जिलों को अभियान के लिए 2 लाख की धनराशि पहले ही जारी कर दी है।

परिषदीय स्कूल मंगलवार से खुलने के साथ यह केवल एक नामांकन अभियान नहीं होगा, बल्कि उन बच्चों तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाने की कोशिश है जो अब तक स्कूल से दूर रहे हैं। वैसे तो स्कूल 16 जून से ही खुल गए हैं, लेकिन ग्रीष्मावकाश के बाद 1 जुलाई से बच्चे स्कूल में पढ़ने आएंगे। ''स्कूल चलो अभियान'' के तहत शिक्षक, अनुदेशक, शिक्षामित्र और एसएमसी सदस्य घर-घर जाकर बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करेंगे। ड्रॉपआउट या आउट-ऑफ-स्कूल बच्चों की पहचान कर उनके अभिभावकों से संवाद स्थापित किया जाएगा।

### विशेष समुदायों पर फोकस

ईंट-भट्ठों पर कार्यरत, झुग्गी-झोपड़ी, रेलवे स्टेशन, घुमंतू और जनजातीय परिवारों के बच्चों को चिन्हित कर उनका शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने हेतु विद्यालयों में विशेष बैठकें आयोजित की जाएंगी।

### शिक्षा के आंकड़ों की निगरानी और पोर्टल पर अपडेट

नामांकन से संबंधित डेटा को विद्यालय पंजिका, यू-डायस और प्रेरणा पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाएगा। प्रेरणा पोर्टल के एसएमसी मॉड्यूल में डीसीएफ तैयार किया गया है, जिसकी प्रविष्टि 30 जुलाई, 2025 तक कराना सुनिश्चित किया गया है।

# ऊर्जा निगमों में आपातकाल लगा निजीकरण की कोशिश

## संघर्ष समिति ने पूछा, किस बिडिंग डॉक्यूमेंट के आधार पर किया जा रहा निजीकरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने आरोप लगाते हुए कहा कि ऊर्जा निगमों में आपातकाल लगाकर निजीकरण का टेंडर जारी करने की कोशिश की जा रही है। समिति ने सवाल किया कि आखिर किस 'बिडिंग डॉक्यूमेंट' के आधार पर निजीकरण किया जा रहा है। समिति ने इसे सार्वजनिक करने की मांग की। इस बीच, टेंडर जारी होते ही जेल भरो आंदोलन शुरू करने की तैयारी को लेकर सोमवार को झांसी व पारीछा में आम सभा हुई।



झांसी में निजीकरण के विरोध में सभा करते बिजली कर्मी।

संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि बिजली अभियंता, अवर अभियंता व अन्य बिजली कर्मी पूरी तरह सतर्क हैं। प्रबंधन की ऐसी किसी भी साजिश का करारा जवाब दिया जाएगा। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार टेंडर जारी होते ही बिजली कर्मी किसानों व गरीब-मध्यम वर्गीय घरेलू उपभोक्ताओं के साथ मिलकर सामूहिक जेल भरो आंदोलन शुरू कर देंगे। इससे उत्पन्न किसी भी स्थिति की सारी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।संघर्ष समिति ने कहा कि सितम्बर 2020 में केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के लिए एक स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट का ड्राफ्ट जारी कर इस पर सभी स्टेक होल्डर्स के 'कमेंट' मांगे थे। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने इस ड्राफ्ट पर आपत्ति दर्ज की थी। केंद्र सरकार ने सितंबर 2020 के स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट को आज तक फाइनल नहीं किया है।

### नियामक आयोग की सलाह बगैर निजीकरण का टेंडर निकालने की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने राज्य विद्युत नियामक आयोग की सलाह के बगैर ऊर्जा निगमों के निजीकरण का टेंडर निकालने की तैयारी शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने यह आरोप लगाते हुए सोमवार को नियामक आयोग में याचिका दाखिल की। नियामक आयोग ने सलाहकार कंपनी की रिपोर्ट पर अभी अंतरिम रिपोर्ट दी है। इसमें तमाम वित्तीय खामियां सामने आई हैं। कॉरपोरेशन की ओर से अंतरिम रिपोर्ट का जवाब मिलने के बाद नियामक आयोग वृहद रिपोर्ट जारी करेगा। याचिका में परिषद ने आरोप लगाया कि 28 जून को टेंडर पोर्टल में बदलाव के लिए नेशनल इनफॉर्मेटिव सेंटर (एनआईसी) के साथ गोपनीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हुई ।

# दुष्कर्म मामलों में हाशिए पर खड़े पीड़ितों के सामने प्रणालीगत कठिनाइयां चिंताजनक

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दुष्कर्म से जुड़े एक मामले पर सुनवाई करते हुए ऐसे मामलों में हाशिए पर खड़े पीड़ितों के सामने आने वाली प्रणालीगत समस्याओं पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी पीड़ितों की पीड़ा अक्सर मुकदमे से बहुत पहले ही शुरू हो जाती है यानी घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराने के चरण से ही समस्याएं उत्पन्न होने लगती हैं।

यह हमारे समाज का दुर्भाग्य है कि कई बार सामाजिक और आर्थिक स्थिति ऐसे मामलों में पीड़ितों के भाग्य को नियंत्रित करती हैं, जैसे वर्तमान मामले में पीड़ित को एफआईआर दर्ज करवाने को कई प्रयास करने पड़े।



उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति संदीप जैन की खंडपीठ ने 1996 के दुष्कर्म मामले में अभियुक्त की सजा को बरकरार रखते हुए की। कोर्ट ने यह देखते हुए कि अभियुक्त की उम्र 70 वर्ष है और वह लगभग 6 महीने तक जेल में रह चुका है, इसलिए उसकी सजा को 10 वर्ष के कठोर कारावास से संशोधित कर 7 वर्ष के साधारण कारावास में बदल दिया। कोर्ट ने मामले में महत्वपूर्ण साक्ष्य (घटना के समय पीड़िता द्वारा पहने गए कपड़े) की अनुपस्थिति के संबंध में अभियुक्त के तर्कों का खंडन करते हुए कहा कि मानवीय और यथार्थवादी दृष्टिकोण से देखने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि पीड़िता, जो एक गरीब महिला है, उसने घटना के समय पहने हुए कपड़ों को धो दिया होगा।

मामले के अनुसार 26 और 27 अक्टूबर 1996 की मध्य रात्रि को जब पीड़िता का पति काम पर गया था, उस समय आरोपी रात के लगभग 2 बजे घर में घुसा और पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। मामले की प्राथमिकी 9 नवंबर को दर्ज की गई।

# मंत्री के लिए आई नीली बत्ती लगी इनोवा, मंत्री ने कराया चालान

लखनऊ/वाराणसी,एजेंसी

प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरुण ने सोमवार को वाराणसी के अपने दौरे के दौरान अनधिकृत रूप से नीली बत्ती लगी गाड़ी का उपयोग करने से इनकार कर दिया और पुलिस को मामले की सूचना देकर उल्लंघन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल को पत्र लिखकर उल्लंघन को उजागर किया है।

पूर्व आईपीएस अधिकारी अरुण ने अनधिकृत रूप से लगी नीली बत्ती की जानकारी होने पर वाहन का उपयोग करने से इनकार कर दिया। वाराणसी के पुलिस आयुक्त को लिखे पत्र में अरुण ने कहा कि सूचित किया जाता है कि 30 जून को वाराणसी आगमन के अवसर पर मेरे उपयोग के लिए एक वाहन की व्यवस्था की गई थी।

मंत्री ने पत्र में टोयोटा इनोवा की तस्वीर के साथ उसका विवरण साझा करते हुए कहा कि कृपया सुनिश्चित करें कि इस वाहन के खिलाफ नियमों का उल्लंघन करने के लिए चालान जारी किया जाए। मंत्री, सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र कुमार शास्त्री की 94वीं जयंती के अवसर पर भुल्लनपुर के कबीर इंटर कॉलेज ग्राउंड में उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास समिति द्वारा आयोजित स्वाभिमान सम्मेलन में भाग लेने के लिए वाराणसी गए थे। उन्होंने बनारस हिंदू विवि में एक बैठक भी की।

# राजा भैया फिर बने लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊः** पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को फिर से जनसत्ता दल लोकतांत्रिक का सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद उन्होंने पंचायत चुनाव लगने की घोषणा की।

एक माह में राष्ट्रीय व प्रदेश कार्यकारिणी के गठन समेत जिला से बूथ स्तर तक संगठन को खड़ा करने का भी आह्वान किया। पार्टी की वार्षिक बैठक सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुई। इसमें रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को सर्वसम्मति से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया।

# प्रदेश में पहले चरण में बनेंगी 11,350 डिजिटल लाइब्रेरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने की कवायद शुरू हो गई है। जहां, शहर की तर्ज पर छात्र-छात्राओं को पढ़ाई की सुविधा मिलेगी। साथ ही ऑनलाइन किसी भी तरह की तैयारी कर सकेंगे, जिनका गांवों में अभाव है।

पंचायती राज विभाग पहले चरण में 11,350 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाएगा। इसकी स्थापना पंचायत भवनों में की जाएगी। एक लाइब्रेरी चार लाख रुपये में तैयार होगी। इसमें कैमरे से लैस स्मार्ट एलईडी, कंप्यूटर सिस्टम व स्कैनर आदि उपकरण लगाए जाएंगे। हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर संबंधित उपकरण यूपी डेस्को के माध्यम से खरीदा जाएगा। फर्नीचर, किताबें व अन्य सामान की खरीद जिला स्तरीय कमेटी के माध्यम से की जाएगी।

### 22,700 पंचायत भवन चिह्नित किए गए

डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना गांवों में बने पंचायत भवनों में की जाएगी। विभाग ने कुल 22,700 पंचायत भवन चयनित किए हैं, जिनमें दो से अधिक कमरे व एक हॉल है। पहले चरण में 11,350 डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जाएंगी। इसी तरह अन्य चरणों में सभी पंचायतों में व्यवस्थाएं करके लाइब्रेरी खोली जाएंगी।

**तकनीक** — नए टीटीएल वर्कशॉप के लिए एमओयू की तैयारी में राज्य सरकार

# यूपी में 62 नए टीटीएल वर्कशॉप स्थापित करने की तैयारी

- पहले ही 149 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में वर्कशॉप स्थापित कर चुकी है टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड
- नये टीटीएल वर्कशॉप संचालित होने से युवाओं के लिए बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में 62 नए टीटीएल वर्कशॉप स्थापित करने की तैयारी शुरू हो गई। राज्य सरकार नये टीटीएल वर्कशॉप के लिए एमओयू की तैयारी में है। नये टीटीएल वर्कशॉप संचालित होने से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। शासन के अधिकारियों के अनुसार राज्य सरकार और टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के बीच जल्द एक और एमओयू की तैयारी चल रही है। इसके तहत प्रदेश के नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (टीटीएल) वर्कशॉप स्थापित की जाएंगी। टाटा टेक्नोलॉजीज के सहयोग से प्रशिक्षित युवा न केवल आत्मनिर्भर बनेंगे, बल्कि प्रदेश और देश की आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि पहले चरण में प्रदेश के 149 आईटीआई में टीटीएल वर्कशॉप स्थापित हो चुकी हैं, जहां प्रशिक्षण कार्य जोरों पर है।

### स्थानीय स्तर पर अधिक रोजगार होंगे उपलब्ध

शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार का विशेष जोर प्रशिक्षित युवाओं को स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने पर है। इसके लिए सरकारी क्षेत्रों जैसे रेलवे, सेना, नौसेना, वायुसेना, पीडब्लूडी, सिंचाई विभाग के साथ-साथ अर्द्ध-सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियों जैसे बीएचईएल, यूपीपीसीएल, रक्षा फैक्टरी, एचएएल, सेल, गेल, ओएनजीसी, एनटीपीसी, एलएंडटी, आईटीसी, जिंदल आदि में रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। प्रदेश में महिलाओं के लिए 12 विशिष्ट राजकीय आईटीआई और 47 महिला शाखाएं संचालित हैं। इसके अलावा, अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में 43 राजकीय आईटीआई कार्यरत हैं। अनुसूचित जाति और जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए विशेष कम्पोनेन्ट सब प्लान के तहत 84 संस्थान संचालित किए जा रहे हैं, जहां 70 प्रतिशत सीटें एससी/एसटी और 15 प्रतिशत सीटें ओबीसी प्रशिक्षणार्थियों के लिए आरक्षित हैं।

## वर्ग पहेली-18

**बाएं से दाएं**

1. 1. जो नियम के अनुकूल न हो 2. जो कार्य व्यवस्थानुसार न चले 3. विधि व्यवस्था का अनुसरण न होना।

3. घुटनों तक लंबा, घुटनों तक लटकता हुआ।

5. (व्याकरण) संबंध को जोड़ने वाला।

6. 1. गोल छोटी थाली, तश्तरी 2. घोड़े की बगल में लटकने वाली तलवार।

8. 1. छोटी रस्सी जिससे चौपायों के दो पैरों को एक दूसरे से सटाकर बांध देते हैं ताकि वे दूर तक भाग न सकें

**ऊपर से नीचे**

1. 1. अनुबोध करने वाला, अनुबोध कराने वाला 2. आलोक-पत्र।

2. 1. दिशा, ओर 2. बगल, किनारा 3. पक्ष।

4. बादशाह, सम्राट।

5. 1. वहन करना, ले जाना 2. हवा

7. 1. लकड़ी या काठ से निर्मित 2. जिसका छिलका मोटा और कड़ा हो 3. जिसका गूदा कड़ा हो।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 | | | | 2 |
| 3 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | 4 | ■ | |
| 5 | | | | | | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | 6 | 7 | |
| | ■ | 8 | | ■ | | ■ |

### वर्ग पहेली -17 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 छि | न | वा | ना | ■ | ■ | 2 प |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 3 फ | फो | ला |
| ■ | ■ | 4 ढों | ■ | ड़ | ■ | ■ |
| 5 प | 6 रि | चा | रि | क | ■ | 7 आ |
| ■ | टा | ■ | ■ | ना | ■ | द |
| ■ | य | ■ | ■ | ■ | ■ | ह |
| 8 वि | र | ह | नि | वे | द | न |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जुलाई, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, षष्ठी-10 .20 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग

बु. 4 | 3 सू. | 2 शु. | 1 | के. 5 चं. मं. | गु. | श. 12 | 6 | 9 | 7 | 11 रा. | 8 | 10

दिशाशूल- उत्तर ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 08 .54 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** — आज करियर को लेकर किसी से अधिक सलाह लेना उचित नहीं है। लवमेट के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं। सभी कार्यों को समय से पूर्ण कर लेंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं। अपने क्रोध को नियन्त्रित करके शांति से काम लें।

**वृष** — आज परिजनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में कुछ नई योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़ी परेशानी रहेगी। कोर्ट केस में विजय मिल सकती है। पहले की गई मेहनत आज सुखद परिणाम दे सकती है। छात्र पढ़ाई-लिखाई को लेकर चिन्तित रहेंगे।

**मिथुन** — आज आपका दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। कार्यक्षेत्र के लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। निर्माण कार्यों में प्रगति होगी। परिवार के साथ बैठकर गम्भीर विषयों पर चिन्तन करेंगे। सरकारी कार्यों से धन लाभ मिलेगा।

**कर्क** — आज व्यवसाय में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। घर में अतिथियों का आगमन होगा। बड़े भाई-बहनों के साथ व्यवहार में कड़वाहट हो सकती है। जॉब को बदलने का विचार बना सकते हैं। धर्म के प्रति मन में आस्था कम हो सकती है।

**सिंह** — आज आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। बाहरी लोगों के ऊपर अपना समय बर्बाद न करें। बड़े अधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। धार्मिक आयोजन में जानें का अवसर मिल सकता है। संतान के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कन्या** — आज आपकी दिनचर्या अच्छी नहीं रहेगी। व्यवसाय में धन का नुकसान होगा। बच्चों से व्यवहार अच्छा रखें। घर में मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। आपका मन किसी कारण खराब हो सकता है। नए लोगों से दोस्ती करने से बचें।

**तुला** — आज अपना मनोबल और आत्मविश्वास बनाए रखें। दोपहर के बाद आपको शुभ समाचार मिलेंगे। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। जिम्मेदार व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा। व्यस्तता के बावजूद परिवार के लिए समय निकालेंगे।

**वृश्चिक** — आज कार्यक्षेत्र में भावुकता में आकर निर्णय नहीं लें। समय का बेहतरीन सदुपयोग कर पायेंगे। शाम के समय बाहर डिनर के लिए जा सकते हैं। प्रेम-प्रसंग में नजदीकी बढ़ेगी। बच्चों के साथ समय बितायेंगे। जॉब को लेकर इन्टरव्यू दे रहे हैं तो सफलता अवश्य मिलेगी।

**धनु** — आज आप में सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। विरोधी आपकी आलोचना कर सकते हैं। मन में अज्ञात भय पनप सकता है। कर्मचारियों की गतिविधियों की जानकारी रखें।

**मकर** — आज ऑफिस में आपके कार्यों की लोग आलोचना कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको बड़े परिवर्तन करने से बचना चाहिए। आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा।

**कुंभ** — आज जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। परिवार के सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे। किसी सरकारी मामले में विजय होने की सम्भावना है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परोपकार के कार्यों में मन लगायेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन करेंगे।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को लेकर असंतुष्ट रहेंगे। किसी समारोह में सम्मिलित होने का विचार बनायेंगे। आपको नए अनुभवों के लिए तैयार रहना चाहिए। त्वरित प्रतिक्रिया देने से बचें। आप जिन अवसरों को तलाश रहे थे वे आपको प्राप्त हो सकते हैं।

## सुडोकू -25

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 3 | | 6 | 4 | | 9 | |
| | 8 | | 5 | | | 6 | | 2 |
| 6 | | 5 | 2 | 8 | | | | |
| | | 9 | | | 2 | | 8 | 3 |
| | 5 | | 3 | 4 | | 9 | | |
| 3 | | 1 | | 9 | | | 5 | 4 |
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 1 | | | 9 | | | 3 | | 8 |
| | 3 | | 8 | | | 5 | | |

### सुडोकू - 24 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 8 | 4 | 2 | 7 | 9 |
| 4 | 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 6 | 3 |
| 5 | 9 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 9 | 4 | 6 |
| 1 | 4 | 8 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 9 | 6 | 7 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 2 |

# वित्तीय स्थिरता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण

## आरबीआई के गवर्नर मल्होत्रा ने कहा- वैश्विक आर्थिक बदलाव से बढ़ती हैं चुनौतियां

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि मूल्य स्थिरता की तरह वित्तीय स्थिरता भी आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव नीतिगत हस्तक्षेप को चुनौतीपूर्ण बना रहे हैं।

उन्होंने जून के लिए वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) की प्रस्तावना में कहा, वित्तीय क्षेत्र के नियामक ग्राहकों की सुरक्षा, प्रतिस्पर्धा और नवोन्मेषण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वे दक्षता और वृद्धि में सुधार तथा सुरक्षा और मजबूती के बीच सही संतुलन बनाते हैं। गवर्नर के अनुसार, कई संरचनात्मक बदलाव वैश्विक अर्थव्यवस्था को नया रूप दे रहे हैं। इसमें व्यापार में बढ़ता विखंडन, प्रौद्योगिकी बदलाव, जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीतिक तनाव शामिल हैं। उन्होंने कहा, ये आर्थिक आकलन को कठिन और नीतिगत हस्तक्षेप को चुनौतीपूर्ण बनाते हैं। इसलिए, अनिश्चितता के कोहरे से बाहर निकलने के दौरान भी केंद्रीय बैंकों और वित्तीय क्षेत्र के विनियामकों के लिए अपनी अर्थव्यवस्थाओं और वित्तीय प्रणालियों की सुरक्षा में सतर्क, विवेकपूर्ण और चुस्त बने रहना जरूरी है। मल्होत्रा ने कहा कि वित्तीय स्थिरता के संरक्षक के रूप में केंद्रीय बैंक की कोशिश एक अच्छी तरह से काम करने वाली वित्तीय प्रणाली विकसित करने की है, जो न केवल व्यापक आर्थिक स्थिरता को बढ़ावा दे, बल्कि कुशलतापूर्वक वित्तीय सेवाएं भी प्रदान करे।

### बैंक कर्ज वृद्धि धीमी पड़कर 4.9% पर

**मुंबई।** आरबीआई ने कहा कि 30 मई को समाप्त पखवाड़े में बैंक कर्ज वृद्धि में नरमी रही। उद्योग को बैंक कर्ज में 4.9% की वृद्धि हुई, जबकि गत वर्ष की इसी अवधि में यह 8.9% थी। आरबीआई ने 41 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) से प्राप्त सूचना के आधार पर मई, 2025 के लिए बैंक ऋण पर आंकड़े जारी किये हैं। यह कर्ज सभी वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिए गए कुल गैर-खाद्य ऋण का 95% है। सालाना आधार पर, 30 मई, 2025 को समाप्त पखवाड़े तक गैर-खाद्य बैंक ऋण में 9.8% की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि (31 मई, 2024) के दौरान इसमें 16.2% की वृद्धि हुई थी।

### एनपीए कई दशक के निचले स्तर 2.3% पर

**मुंबई।** बैंकिंग प्रणाली की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) मार्च, 2025 में घटकर कई दशक के निचले स्तर 2.3% पर आ गई हैं। आरबीआई की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार सितंबर 2024 में बैंकों का जीएनपीए 2.6% था। रिजर्व बैंक की अर्ध-वार्षिक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में कहा गया है कि 46 बैंकों के जीएनपीए मार्च, 2027 तक बढ़कर 2.6% पर पहुंच सकता है। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दशक के उत्तरार्ध में बैंकिंग प्रणाली के लिए डूबा कर्ज सबसे बड़ी चुनौती रहा है। हालांकि, पिछले कुछ साल के दौरान मुख्य अनुपात के स्तर पर प्रणाली में लगातार सुधार हो रहा है।

### वैश्विक वृद्धि का प्रमुख केंद्र बनी भारतीय अर्थव्यवस्था

**मुंबई।** भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और विवेकपूर्ण नीतियों से वैश्विक वृद्धि का केंद्र बनी हुई है। आरबीआई ने कहा कि बढ़ी हुई आर्थिक और व्यापार नीति अनिश्चितताएं वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली की मजबूती की परीक्षा ले रही हैं। वित्तीय बाजार अस्थिर हैं, विशेष रूप से सरकारी बॉण्ड बाजार। ऐसा बदलती नीतियों और भू-राजनीतिक वातावरण के चलते है। बढ़ते सार्वजनिक ऋण स्तर और उच्च परिसंपत्ति मूल्यांकन जैसी मौजूदा कमजोरियों में नए झटकों को बढ़ाने की क्षमता है।

## नई व्यवस्था से बदलेगा रोजमर्रा का जीवन

1 जुलाई से कई नियमों में बदलाव होने वाला है, जिनका असर आमजन की जेब, यात्रा, वाहन, टैक्स और बैंकिंग व्यवस्था पर पड़ेगा। रेलवे ने मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में वृद्धि की घोषणा की है, वहीं क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान का नया सिस्टम अनिवार्य हुआ है। पैन कार्ड नियम सख्त हुए हैं, आयकर तथा जीएसटी रिटर्न फाइलिंग की प्रक्रिया में बदलाव हुआ है। ये बदलाव पारदर्शिता बढ़ाने और पर्यावरण सुधार की दिशा में उठाए गए कदम हैं।

बात काम की

### 1- रेलवे टिकट महंगा होगा

रेल मंत्रालय 1 जुलाई से मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों के नॉन-एसी में प्रति किमी 1 पैसा व एसी क्लास में 2 पैसे की वृद्धि हुई है। 500 किमी की यात्रा और मासिक सीजन टिकट (एमएसटी) में बदलाव नहीं हुआ है। 500 किमी से अधिक दूरी के यात्रियों को प्रति किमी आधा पैसा अतिरिक्त देना होगा।

### 2- पैन कार्ड नियम सख्त

अब नए पैन कार्ड के लिए आधार कार्ड देना अनिवार्य होगा। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने यह नियम लागू किया है, जिनके पास पहले से पैन और आधार दोनों हैं, उन्हें 31 दिसंबर 2025 तक लिंक करना जरूरी है। यह कदम पहचान सत्यापन और फर्जीवाड़ा रोकने को उठाया गया है।

### 3- क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान में बदलाव

भारतीय रिजर्व बैंक ने निर्देश दिया है कि अब सभी क्रेडिट कार्ड बिलों का भुगतान भारत बिल पेमेंट सिस्टम के जरिए होगा। इससे बिलडेस्क, फोनपे, क्रेड जैसे ऐप्स प्रभावित हो सकते हैं। फिलहाल केवल 8 बैंकों ने इस प्लेटफॉर्म पर सेवा शुरू की है।

### 4- पुराने वाहनों पर फ्यूल बैन

दिल्ली में 1 जुलाई से 10 साल से पुराने डीजल और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों को पेट्रोप पंप से फ्यूल नहीं दिया जाएगा। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से यह नियम प्रदूषण को कम करने के लिए लागू किया गया है।

### 5- जीएसटी रिटर्न प्रक्रिया बदलेगी

जीएसटीएन ने घोषणा की है कि जुलाई 2025 से जीएसटीआर-3बी फॉर्म अब संशोधित नहीं हो सकेगा। यह फॉर्म जीएसटीआर-1 और 1ए से स्वतः भरेगा और करदाता इसमें बदलाव नहीं कर पाएंगे। यह कदम टैक्स सिस्टम में पारदर्शिता और सटीकता बढ़ाने को उठाया गया है।

### 6- आईटीआर की तारीख बढ़ी

आयकर विभाग ने आईटीआर फाइल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी है। यह उन करदाताओं के लिए राहत है जो समय पर दस्तावेज नहीं जुटा पाते। हालांकि विशेषज्ञ सलाह दे रहे हैं।

## जल्द आएगी 2025-45 के लिए राष्ट्रीय सहकारी नीति : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिया फरवरी 2026 तक दो लाख पैक्स का लक्ष्य

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि सरकार जल्द ही 2025 से 2045 तक के लिए प्रभावी राष्ट्रीय सहकारी नीति की घोषणा करेगी। उन्होंने कहा कि यह नीति सहकारी आंदोलन को पुनर्जीवित करने और देश के 1.4 अरब लोगों के लिए रोजगार पैदा करने के प्रयासों का हिस्सा है।

शाह ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर राज्य सहकारिता मंत्रियों की बैठक में कहा कि नीति का लक्ष्य 5 साल में भारत के हर गांव में सहकारिता स्थापित करना है। इसके तहत फरवरी, 2026 तक दो लाख प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। शाह ने कहा कि राष्ट्रीय सहकारिता नीति के तहत प्रत्येक राज्य की सहकारिता नीति उस राज्य की सहकारिता स्थितियों के अनुसार तैयार की जाएगी और विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित किए जाएंगे।

## राजकोषीय घाटा बजट अनुमान का 0.8% रहा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-मई की अवधि में देश का राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान का 0.8% रहा। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

गत वित्त वर्ष 2024-25 के पहले दो महीनों में राजकोषीय घाटा या सरकार के व्यय एवं राजस्व के बीच का अंतर 2024-25 के बजट अनुमान (बीई) का 3.1% था। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार का अनुमान है कि राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडपी) का 4.4% या 15.69 लाख करोड़ रहेगा। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के अनुसार, अप्रैल-मई, 2025 के दौरान राजकोषीय घाटा 13,163 करोड़ रुपये या बजट अनुमान का 0.8% रहा। शुद्ध कर राजस्व 3.5 लाख करोड़ या बजट अनुमान 2025-26 का 12.4% दर्ज किया गया। पिछले साल इसी अवधि में यह बजट अनुमान का 12.3% था।

## थमी तेजी, सेंसेक्स 452 अंक गिरा

**मुंबई।** शेयर बाजार में चार सत्रों से जारी तेजी पर सोमवार को विराम लगा। सेंसेक्स में 452 अंक तो निफ्टी में 121 अंक की गिरावट आई। बैंक शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा।

सेंसेक्स की एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक नुकसान में रहे। वहीं ट्रेंट, एसबीआई, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन और बजाज फिनसर्व लाभ में रहे। बीएसई स्मॉलकैप 0.81 तो मिडकैप 0.67% की मजबूती रही।

## औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 9 माह के निचले स्तर 1.2% पर

नई दिल्ली, एजेंसी



- औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के अनुसार वृद्धि दर 2024 के मई में 6.3% थी

विनिर्माण, खनन व बिजली क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मई में नौ महीने के निचले स्तर 1.2% पर रही है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के अनुसार वृद्धि दर 2024 के मई माह में 6.3% थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अप्रैल के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि को भी संशोधित कर 2.6% कर दिया है, जबकि पहले इसके 2.7% रहने का अनुमान था। अगस्त, 2024 में आईआईपी में सबसे कम वृद्धि दर्ज हुई थी। उस समय वृद्धि दर स्थिर थी। एनएसओ के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन वृद्धि इस साल मई में घटकर 2.6% रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.1% थी। वहीं खनन उत्पादन में 0.1% की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसमें 6.6% की वृद्धि हुई थी। बिजली उत्पादन में 5.8% की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में बिजली उत्पादन 13.7% बढ़ा था। वित्त वर्ष 2025-26 में पहले दो माह (अप्रैल-मई) के दौरान औद्योगिक उत्पादन में सालाना आधार पर 1.8% की वृद्धि हुई है जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 5.7% थी।

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, मानसून के जल्दी आने से खनन क्षेत्र की गतिविधियां प्रभावित हुई हैं और बिजली की मांग में कमी आई है। इस वजह से आईआईपी के इन दोनों उप-क्षेत्रों में मई में गिरावट आई है, जबकि विनिर्माण में वृद्धि धीमी रही है। जून तिमाही के पहले दो महीनों में औद्योगिक उत्पादन में धीमी वृद्धि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में औद्योगिक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) वृद्धि के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

राष्ट्रीय

## एक नजर

### अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास 60 किलो हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सोमवार को राजस्थान के बाड़मेर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राजस्थान पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ कर 60 किलो से अधिक हेरोइन बरामद की। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव बताया कि इस मामले में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और जम्मू कश्मीर से कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### पांच फीसदी महंगी हुई प्राकृतिक गैस

**नई दिल्ली।** वाहन के लिए सीएनजी और खाना पकाने के लिए पीएनजी बनाने में इस्तेमाल होने वाली प्राकृतिक गैस की कीमत जुलाई के लिए पांच प्रतिशत बढ़ाई गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम नियोजन और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के अनुसार, मासिक संशोधन के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा संचालित पुराने क्षेत्रों से प्राकृतिक गैस की कीमत 6.41 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 6.75 अमेरिकी डॉलर प्रति इकाई कर दी गई है।

### 13 किग्रा हेरोइन, हथियार बरामद, तीन गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब सरकार के नशा विरोधी अभियान 'युद्ध नशिया विरुद्ध' के तहत एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के एक बड़े नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस आयुक्त धनप्रीत कौर ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 13.1 किलोग्राम हेरोइन, पांच पिस्तौल, 12 कारतूस, तीन मैगजीन, तीन लग्जरी वाहन और 22,000 रुपये ड्रग मनी बरामद की है।

# नमाजवाद छिपाने को ली समाजवाद की आड़

## भाजपा ने विपक्षी दलों पर संविधान को शरिया की स्क्रिप्ट में बदलने की कोशिश का लगाया आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुधांशु त्रिवेदी ने की वक्फ कानून पर तेजस्वी के रुख की आलोचना
- बिहार में इंडिया गठबंधन ने संविधान के प्रति अपने सम्मान की कमी को दर्शाया

भाजपा ने सोमवार को विपक्षी दलों पर संविधान को शरिया की स्क्रिप्ट में बदलने और अपने नमाजवाद को छिपाने के लिए समाजवाद की आड़ लेने का आरोप लगाया। भाजपा ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव की भी उनकी उस टिप्पणी के लिए आलोचना की, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर उनका गठबंधन बिहार में सत्ता में आता है, तो संशोधित वक्फ अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक देगा।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि बिहार में राजद-कांग्रेस-वाम दलों के इंडिया गठबंधन ने संविधान के प्रति अपने सम्मान की कमी को दर्शाया है, क्योंकि यह अधिनियम संसद द्वारा पारित था और सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। वे ना तो संसद का सम्मान करते हैं और ना ही न्यायपालिका का। भाजपा प्रवक्ता ने निर्वाचन आयोग के मतदाता सूचियों की विशेष गहन समीक्षा पर विपक्ष की आलोचना को खारिज कर दिया, जिसकी शुरुआत बिहार से हुई है। उन्होंने कहा कि यह आलोचना उनकी अपरिहार्य हार के मद्देनजर उनकी पराजयवादी मानसिकता से उपजी है। ये दल फर्जी मतदाता चाहते हैं, जबकि यह तय करना जरूरी है कि केवल पात्र भारतीय ही सरकार चुन सकें।

आयोग ने कहा है कि यह नियमित प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य पात्र मतदाताओं को ही सूची में शामिल करना है। विपक्षी दलों ने दावा किया है कि आयोग जानबूझकर पात्र मतदाताओं को बाहर कर सकता है। बिहार में विस चुनाव अक्टूबर-नवंबर में होने की उम्मीद है। पटना में आयोजित रैली में वक्फ (संशोधन) अधिनियम की तीखी आलोचना पर विपक्षी दलों के नेताओं पर निशाना साधते हुए त्रिवेदी ने कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित है।

### शरिया प्रावधानों को लागू करना चाहता है विपक्ष

त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन पिछले दरवाजे से शरिया प्रावधानों को लागू करना चाहता है। तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्य ओबीसी, एससी और एसटी के लिए आरक्षण मुसलमानों को दे रहे हैं और प. बंगाल भी इसकी कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, संविधान बचाओ इन दलों का महज दिखावा है, क्योंकि इनका असली चेहरा शरिया लाओ है। अगर वे सत्ता में आए, तो संविधान की प्रस्तावना में नमाजवाद जोड़ देंगे। वे संविधान को शरिया स्क्रिप्ट में बदलना चाहते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संविधान के प्रावधान को कूड़ेदान में नहीं फेंकने देगा। उन्होंने कहा कि वे जिन शरिया प्रावधानों की वकालत कर रहे हैं, वे सऊदी अरब, पाकिस्तान, बांग्लादेश और तुर्की जैसे इस्लामी देशों में भी लागू नहीं हैं।

## मतदाता सूची की समय-समय पर समीक्षा जरूरी : निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

- विपक्षी दलों के लगाए गए आरोप का ईसी ने दिया जवाब

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने सोमवार को कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की जरूरत है क्योंकि ये कई कारणों से बदलती रहती हैं और संविधान में प्रावधान है कि केवल पात्र नागरिक ही मतदाता सूची का हिस्सा हों और जो नहीं हैं, वो वोट नहीं दे सकें। आयोग ने यह टिप्पणी उस वक्त की, जब कई विपक्षी दलों ने कहा कि गहन पुनरीक्षण से राज्य मशीनरी का उपयोग करके बड़ी संख्या में मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किए जाने का खतरा है।

ईसी ने कहा कि सूची में संशोधन जरूरी है क्योंकि यह निरंतर बदलाव से गुजरने वाली सूची होती है जो मौतों, प्रवासन से लोगों के स्थानांतरण और 18 वर्ष के नए मतदाताओं के जुड़ने के कारण बदलती रहती है। बयान में कहा गया है, इसके अलावा, संविधान का अनुच्छेद 326 निर्वाचक बनने के लिए पात्रता निर्दिष्ट करता है। केवल 18 वर्ष से अधिक उम्र के भारतीय नागरिक और संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के निवासी ही निर्वाचक के रूप में पंजीकृत होने के पात्र हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसने बिहार की 2003 की मतदाता सूची अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। इसमें 4.96 करोड़ मतदाताओं का विवरण शामिल है। इसका उपयोग 2003 की सूची में शामिल लोग अपना गणना फॉर्म जमा करते समय दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में कर सकते हैं। इसमें कहा गया कि 2003 की मतदाता सूची की उपलब्धता से राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में सुविधा होगी क्योंकि अब कुल मतदाताओं में से 60% को दस्तावेज जमा नहीं करना होगा।

## ऑनलाइन एलएलएम पाठ्यक्रम अनधिकृत

**नई दिल्ली।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने कहा है कि एलएलएम या समकक्ष कानूनी पाठ्यक्रम को उसकी मंजूरी के बिना ऑनलाइन या हाइब्रिड माध्यम से प्रदान करना अनधिकृत एवं गैर-मान्यता प्राप्त है।

- बीसीआई ने सभी हाईकोर्ट को भेजा परामर्श पत्र

बीसीआई ने हाइब्रिड माध्यम से ऑनलाइन पेश किए गैर-मान्यता प्राप्त मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम) पाठ्यक्रम के खिलाफ परामर्श जारी किया है। कानूनी शिक्षा पर बीसीआई की स्थायी समिति के सह-अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजेंद्र मेनन द्वारा तैयार किया परामर्श पत्र 25 जून को सभी उच्च न्यायालयों को भेजा गया था। पत्र अनुसार ऑनलाइन, दूरस्थ, मिश्रित या हाइब्रिड माध्यम से या एलएलएम और एमएससी (कानून) जैसे पाठ्यक्रम बीसीआई की पूर्व मंजूरी के बिना अनधिकृत हैं।

## मणिपुर में बंदूकधारियों ने चार को गोली से उड़ाया

चुराचांदपुर/इंफाल, एजेंसी

- यूनाइटेड कूकी नेशनल लिबरेशन आर्मी ने ली जिम्मेदारी

मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने 72 वर्षीय महिला सहित चार लोगों की सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि घात लगाकर यह हमला मोंगजांग गांव के पास दोपहर दो बजे हुआ जब पीड़ित कार से यात्रा कर रहे थे। मोंगजांग चुराचांदपुर शहर से पांच किमी दूर है।

चुराचांदपुर जिला मुख्यालय के अधिकारी ने कहा कि चारों लोगों को नजदीक से गोली मारी गई। यूनाइटेड कूकी नेशनल लिबरेशन आर्मी (यूकेएनएलए) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। सूत्रों ने बताया कि मृतकों में थेनखोथांग हाओकिप उर्फ थापी (48), सेखोगिन (34), लेंगोउहाओ (35) और फाल्हिंग (72) है। पुलिस ने बताया कि मौके से 12 से अधिक खाली कारतूस बरामद किए गए। इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया है।

## राजा के परिवार ने सोनम को दिए थे 16 लाख के जेवरात

राजा रघुवंशी हत्याकांड

**इंदौर (मप्र)।** हनीमून हत्याकांड मामले में राजा रघुवंशी के बड़े भाई ने सोमवार को कहा कि सोनम को उनके परिवार ने विवाह के दौरान 16 लाख के जेवरात तोहफे में दिए थे। राजा रघुवंशी के बड़े भाई विपिन ने यह दावा मेघालय पुलिस द्वारा मध्यप्रदेश के रतलाम से रविवार को अहम सबूत के तौर पर कुछ जेवरात, लैपटॉप और अन्य सामग्री बरामद होने के अगले दिन किया। ये सामान हत्याकांड के सबूत छिपाने और मिटाने के आरोप में गिरफ्तार इंदौर के रियल एस्टेट कारोबारी शिलोम जेम्स की निशानदेही पर उसकी पत्नी के मायके से बरामद हुआ। बरामदगी के अगले दिन विपिन इंदौर पुलिस की अपराध निरोधक शाखा के दफ्तर में दिखाई दिए जहां जांच के लिए मेघालय पुलिस के दल ने डेरा डाल रखा है।

## भाजपा विधायक टी. राजा ने पार्टी से दिया इस्तीफा

हैदराबाद, एजेंसी



- तेलंगाना प्रदेशाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर नाराज थे विधायक

तेलंगाना में रामचंदर राव की भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर संभावित नियुक्ति से नाराज विधायक टी. राजा सिंह ने केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी को सोमवार को पत्र लिखकर कहा कि वह पार्टी से इस्तीफा दे रहे हैं। वर्तमान में रेड्डी पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख हैं और पार्टी आलाकमान मंगलवार को नए अध्यक्ष की घोषणा कर सकता है। सिंह ने पत्र में कहा कि राज्य में पार्टी के नए प्रमुख की नियुक्ति का निर्णय न सिर्फ उनके लिए, बल्कि लाखों कार्यकर्ताओं, नेताओं और मतदाताओं के लिए निराशा लेकर आया है, जिन्होंने पार्टी के साथ मजबूती से खड़े रहकर साथ दिया है। बहुत दुख के साथ मैंने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का फैसला किया है।

## सीबीआई जांच को जनहित याचिका दायर

कोलकाता, एजेंसी

विधि छात्रा के सामूहिक दुष्कर्म का मामला

कलकत्ता हाईकोर्ट में सोमवार को जनहित याचिका (पीआईएल) दायर करके विधि छात्रा से उसके महाविद्यालय में पूर्व छात्र और दो अन्य छात्रों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म की सीबीआई जांच कराने का अनुरोध किया गया। याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि पीड़िता की शिकायत पर सीबीआई को इसकी जांच करने और अदालत के समक्ष अंतरिम रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया जाए। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा के राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी से संबंध हैं, निष्पक्ष जांच के लिए इसे सीबीआई को सौंपा जाए।

### पहले रची साजिश, पीड़िता पर थी नजर

विधि छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म में गिरफ्तार चार लोगों में से तीन ने इसकी साजिश पहले ही रची थी। जांच कर रहे नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) के अधिकारियों ने यह भी पाया कि तीन आरोपियों – मनोजीत मिश्रा, प्रोमित मुखर्जी और जैद अहमद का छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने का इतिहास रहा है। चौथा आरोपी कॉलेज का सुरक्षा गार्ड है। तीनों ऐसी घटनाओं को मोबाइल फोन से रिकॉर्ड करते थे और बाद में पीड़ितों को ब्लैकमेल करते थे। घटना की पहले से ही साजिश रच ली गई थी। तीनों की कई दिनों से पीड़िता पर नजर थी। कॉलेज में दाखिले के दिन से ही मुख्य आरोपी पीड़िता पर नजर रख रहा था।

### लॉ कॉलेज में कक्षाएं अनिश्चितकाल के लिए निलंबित

साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में छात्रा से दुष्कर्म किए जाने के बाद कॉलेज के प्राधिकारियों ने सभी छात्रों के लिए अनिश्चितकाल तक कक्षाएं निलंबित करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय कॉलेज के संचालन निकाय ने लिया है। कॉलेज प्राधिकारियों द्वारा 29 जून को जारी अधिसूचना में कहा गया है, कॉलेज की बीए एलएलबी और एलएलएम (सामान्य और ऑनर्स) की सभी कक्षाएं निलंबित रहेंगी।

## भगदड़ के एक दिन बाद पुरी में भगवान जगन्नाथ के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**पुरी (ओडिशा)।** पुरी के श्री गुंडिचा मंदिर के पास हुई भगदड़ में 3 लोगों की मौत और 50 के घायल होने के एक दिन बाद सोमवार को हजारों श्रद्धालु बलभद्र, सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के दर्शन को उमड़ पड़े।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रविवार की घटना के मद्देनजर श्री गुंडिचा मंदिर के सामने अवरोधक लगा दिए गए हैं और मंदिर के अंदर स्थित अडापा मंडप (वह मंच जहां देवता बैठते हैं) में देवताओं के सुचारू दर्शन के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गई हैं। मंदिर प्रशासन ने बताया कि श्री गुंडिचा मंदिर में देवताओं के प्रवेश के बाद कई अनुष्ठानों से सोमवार रात को पाहुड़ा (देवताओं के विश्राम के लिए मंदिर के द्वार बंद करना) नहीं किया गया। मंदिर के अधिकारी ने बताया, सोमवार को सुबह 7.40 बजे मंगल आरती हुई और हजारों श्रद्धालुओं ने बिना किसी परेशानी के अनुष्ठान में भाग लिया।

## बारिश और भूस्खलन से सड़कें अवरुद्ध, कई इमारतें ढहीं

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश में सोमवार को भारी बारिश से कुछ इमारतें ढह गईं, कई इलाकों में भूस्खलन से सड़कें अवरुद्ध हो गईं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, बारिश व बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन से मंडी में 129 व सिरमौर जिले में 92 सहित राज्य में 259 सड़कें बंद हो गईं तथा 614 ट्रांसफार्मर और 130 जलापूर्ति योजनाएं बाधित हो गईं।

20 जून से अब तक राज्य में वर्षाजनित घटनाओं में 23 की मौत हो चुकी है। मानसून की तैयारियों की समीक्षा को उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने सभी से मौसम संबंधी सलाह का पालन करने व नदियों के पास जाने से बचने का आग्रह किया तथा राज्य के उपसंभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को सतर्क रहने का निर्देश दिया। सोमवार को सुबह शिमला के उपनगरीय क्षेत्र भट्टाकुफर में पांच मंजिला इमारत ढह गई वहीं रामपुर के सिकासेरी गांव में बादल फटने से एक बाड़े से कई मवेशी बह गए।

मानसून का कहर



शिमला के भट्टा कुफर में भारी बारिश के बाद ढह गए बहुमंजिला इमारत का मलबा।

### जुलाई में सामान्य से अधिक वर्षा का अनुमान

**नई दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को जुलाई में देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान जताया और मध्य भारत, उत्तराखंड और हरियाणा के लोगों को बाढ़ के संभावित खतरे से सतर्क रहने का सुझाव दिया। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि कई क्षेत्रों में औसत अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने की उम्मीद है, लेकिन पूर्वोत्तर, उत्तर-पश्चिम, पूर्व और दक्षिणी प्रायद्वीप के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है।

## एक नजर



इंग्लैंड के एजबेस्टन में गेंदबाजी का अभ्यास करते मोहम्मद सिराज। ● एजेंसी

### रॉकेट क्लासिक गोल्फ में संयुक्त 26वें स्थान पर रहे भाटिया

**डेट्रॉयट :** अक्षय भाटिया ने पीजीए टूर पर रॉकेट क्लासिक गोल्फ के चौथे दौर के आखिरी 12 होल में नौ बर्डी लगाकर सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेला। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी भाटिया तीसरे दौर के बाद संयुक्त 55 वें पायदान पर थे लेकिन आखिरी दिन शानदार प्रदर्शन के बूते उन्होंने अपना अभियान संयुक्त 26वें स्थान के साथ खत्म किया। उनका कुल स्कोर 15 अंडर का रहा। भाटिया ने तीसरे और पांचवें होल में बोगी किया लेकिन फिर सातवें से 10वें होल और 12वें से 15 वें होल तक दो बार लगातार चार बर्डी के साथ शानदार वापसी की। उन्होंने 18वें होल में भी बर्डी लगा कर शुरुआती तीन दौर के निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोडा। भाटिया ने शुरुआती तीन दौर में 68, 70, 70 के कार्ड खेले थे।

### स्टीव स्मिथ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा) :** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने अपने दाएं हाथ की छोटी उंगली पर लगी चोट से उबरने के लिए बेसबॉल का सहारा लिया और अब वह वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। स्मिथ को इस महीने की शुरुआत में लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान पहली स्लिप में दक्षिण अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा का मुश्किल कैच लेने की कोशिश करते समय दाहिने हाथ की छोटी उंगली में चोट लग गई थी। इस 36 वर्षीय पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने अपने घाव को साफ करने, टांके लगाने और उंगली में पट्टी लगाने के बाद तुरंत लंदन छोड़ दिया। चोट के अपने आप ठीक होने का इंतजार करने के बजाय उन्होंने न्यूयॉर्क में ''बेसबॉल केज'' में जाने का फैसला किया, जहां उनका एक अपार्टमेंट है। चोट के कारण वह वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 159 रन जीता था।

### दुबई में आयोजित की जाएगी पहली विश्व सुपर कबड्डी लीग

**नयी दिल्ली :** पहली विश्व सुपर कबड्डी लीग (डब्ल्यूएसकेएल) अगले साल फरवरी मार्च में दुबई में आयोजित की जाएगी जिसमें 30 देश भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता के आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस प्रतियोगिता को अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) से मान्यता हासिल है। यह फ्रेंचाइजी आधारित प्रतियोगिता है जिसमें भारत सहित दुनिया भर के खिलाड़ी अपना कौशल दिखाएंगे। लीग का संचालन करने वाली एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और संस्थापक संभव जैन ने कहा कबड्डी न केवल भारत के लिए बल्कि वैश्विक खेल समुदाय के लिए एक बड़े मंच का हकदार रहा है। लीग में कुल आठ फ्रेंचाइजी टीम हिस्सा लेंगी। भारत सहित दक्षिण कोरिया, ईरान, थाईलैंड, पाकिस्तान, मलेशिया, जापान, कनाडा और अमेरिका जैसे देशों ने इसमें खेलने की पुष्टि कर दी है।

### छह वर्षीय तेगबीर सिंह ने यूरोप की सबसे ऊंची पर्वत चोटी फतह की

**रूपनगर :** पंजाब में रूपनगर शहर के रहने वाले तेगबीर सिंह ने रूस में स्थित माउंट एल्ब्रस पर 18510 फुट (5642 मीटर) से अधिक की ऊंची चोटी फतह करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। तेगबीर ने 20 जून को माउंट एल्ब्रस की चढ़ाई के लिए यात्रा शुरू की और 28 जून को चोटी फतह कर ली थी। इसी के साथ छह साल और नौ महीने के तेगबीर सिंह माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोह बन गया है। उल्लेखनीय है कि माउंट एल्ब्रस कम ऑक्सीजन वाले क्षेत्र है और यहां का सामान्य तापमान शून्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक नीचे रहता है तथा चढ़ाई के दौरान कई तरह की जटिलताओं का सामना करना पड़ता है।

# बुमराह पर फैसला 24 घंटे में, दो स्पिनरों के खेलने की संभावना

## भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोइशे ने टीम की रणनीति पर प्रकाश डाला

**बर्मिंघम, एजेंसी**

भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के दूसरे टेस्ट में खेलने को लेकर अगले 24 घंटों में फैसला लिया जाएगा लेकिन भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोइशे को पूरा यकीन है कि उनकी टीम एजबेस्टन में दो स्पिनरों के साथ मैदान पर उतरेगी। कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करने की मांग बढ़ रही है लेकिन बल्लेबाजी की गहराई बनाए रखने के लिए रविंद्र जडेजा के साथ वाशिंगटन सुंदर भी एकादश में जगह बनाने की दौड़ में है।

**तीनों स्पिनरों ने किया अभ्यास :** भारतीय टीम के अभ्यास सत्र में सोमवार को तीनों स्पिनरों ने गेंदबाजी की। बुमराह चोटिल होने से बचने के लिए इस श्रृंखला में पांच में से तीन टेस्ट खेलेंगे। उन्होंने अभ्यास सत्र की शुरुआत में दो रंग की गेंद (लाल और सफेद) से गेंदबाज की और फिर फिर सत्र के आखिरी क्षणों में 'ड्यूक' गेंद से गेंदबाजी की। उन्होंने लगभग तीन ओवर गेंदबाजी की जबकि उनके साथी खिलाड़ी मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा ने शुरू में काफी गेंदबाजी की।

**बुमराह को लेकर दुविधा :** भारतीय टीम श्रृंखला को 0-1 से पिछड़ने के बाद बुमराह के तीन टेस्ट मैचों के चयन को लेकर दुविधा में है। डोइशे ने कहा वह जाहिर तौर पर चयन के लिए उपलब्ध है। हम शुरू से जानते हैं कि वह पांच में से सिर्फ तीन मैच खेलेगा। उसे पिछले टेस्ट से उबरने के लिए आठ दिन मिले हैं। उन्होंने कहा हमें यह तय करना है कि मौजूदा परिस्थितियों, कार्यभार और अगले चार मैचों के लिए हम उसे कैसे बेहतर तरीके से प्रबंधित कर सकते हैं, इस पर हमने अभी कोई फैसला नहीं लिया है। हम यह भी देखेंगे कि अन्य खिलाड़ियों का कार्यभार कैसा है। उन्होंने कहा हमें अगर लगा कि उसे इस टेस्ट में खिलाने में फायदा है, तो हम आखिरी मिनट में यह फैसला लेंगे।

**मौसम, पिच और परिस्थितियों पर निर्भर होंगे फैसले :** सहायक कोच ने कहा मौसम, पिच और परिस्थितियों के आकलन को देखकर फैसला दिया जाएगा। हमें यह भी तय करना है कि क्या उसे लॉर्ड्स और शायद मैनचेस्टर या ओवल के लिए बचाना बेहतर होगा? इससे जुड़े फैसले के पीछे बहुत सारे कारक है। भारतीय टीम के सीरीज में पिछड़ने के बाद बुमराह को टीम में शामिल करने बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहायह लुभावना तो है, लेकिन हमें यह भी लगता है कि हम जसप्रीत के बिना भी सीरीज को 1-1 कर सकते हैं या इसे 0-1 पर बरकरार रख सकते हैं।

**दो स्पिनर को लेकर मंथन :** भारत को श्रृंखला के पहले मैच में दूसरे स्पिनर की कमी महसूस की और डोइशे ने कहा कि टीम बुधवार से शुरू होने वाले मैच के लिए अपनी रणनीति बदलने की संभावना है। डोइशे ने कहा कि इस टेस्ट में टीम में दो मुख्य स्पिनर शामिल हो सकते हैं। बस यह देखना है कि हम कौन से दो स्पिनर खिलाते हैं। यह बल्लेबाजी में अधिक विकल्प शामिल करने से भी जुड़ा हुआ है। तीनों स्पिनर बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं।

### ईसीबी ने ट्रॉफी का नाम बदलकर गलत किया : फारुख इंजीनियर

**बर्मिंघम :** दिवंगत मंसूर अली खान पटौदी के करीबी मित्र फारुख इंजीनियर ने कहा कि इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला की ट्रॉफी का नाम बदलकर गलत किया तथा इस पूर्व कप्तान के नाम पर पदक देने का फैसला उनके जैसे प्रशंसकों को खुश करने के लिए किया गया। ईसीबी ने 2007 में भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के लिए पटौदी ट्रॉफी की शुरुआत की थी, पर पांच मैचों की वर्तमान सीरीज शुरू होने से पहले इसका नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया गया। इस फैसले की सुनील गावस्कर जैसे क्रिकेटरों ने आलोचना की थी। इंजीनियर भी इस फैसले से निराश हैं। हालांकि उन्हें लगता है कि सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन की उपलब्धियां निर्विवाद हैं। तेंदुलकर ने ईसीबी से संपर्क किया, जिसके बाद बोर्ड ने सीरीज जीतने वाली टीम के कप्तान को पटौदी पदक देने का फैसला किया।



इंग्लैंड में अभ्यास सत्र के केएल राहुल, जसप्रीत बुमार और रवींद्र जडेजा (बाएं से)। ● एजेंसी



भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की तैयारी में एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने जमकर अभ्यास किया। ● एजेंसी

### इंग्लैंड एकादश में कोई बदलाव नहीं, आर्चर का इंतजार बढ़ा

**बर्मिंघम :** भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने अपनी अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया है, जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर परिवार में इमरजेंसी के कारण सोमवार को एजबेस्टन में टीम की अभ्यास सत्र का हिस्सा नहीं बने। दायें हाथ का यह तेज गेंदबाज पांच मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं था। उन्हें अब एकादश का हिस्सा बनने के लिए इंतजार करना होगा।

**इंग्लैंड की टीम :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्राइडन कार्स, जोश टंग, शोएब बशीर।

# भारत के गेंदबाजी आक्रमण में विविधता की कमी : चैपल

● कुलदीप और अर्शदीप को चुनने की सलाह दी



**लंदन, एजेंसी :** आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत को गेंदबाजी आक्रमण में विविधता के अभाव का खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होंने कुलदीप यादव को शेन वॉर्न के बाद सर्वश्रेष्ठ कलाई का स्पिनर करार देते हुए उन्हें और अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल करने की सलाह दी। भारत को पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड ने पांच विकेट से हराया। भारतीय टीम ने पहले टेस्ट में आठ कैच टपकाये।

चैपल ने 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' के लिए अपने कॉलम में लिखा हेडिंग्ले में फील्डिंग बहुत निराशाजनक थी, लेकिन हार का यह अहम कारण नहीं था। भारत ने अपनी परेशानियां खुद खड़ी की थी। सबसे बड़ी गलती तो वह नो बॉल थी जिससे दूसरी पारी की शुरुआत में ही हैरी ब्रूक को जीवनदान मिला। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा कि भारत के सामने समस्या यह भी थी कि उसके दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर लगभग एक से ही थे। उन्होंने कहा भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में विविधता का अभाव था। जसप्रीत बुमराह को छोड़कर बाकी तेज गेंदबाज एक जैसे ही थे। गेंदबाजी में बदलाव के तुरंत बाद विकेट गिरने का कारण यह होता है कि बल्लेबाज को ढलने में समय लगता है, पर भारतीय टीम के पास यह विकल्प नहीं था। बुमराह की गैर मौजूदगी में अर्शदीप सिंह को जगह मिलनी चाहिए।

# आयुष ने जीता पहला वर्ल्ड टूर यूएस ओपन खिताब

**आयोवा (अमेरिका), एजेंसी**



उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन सुपर 300 के पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को सीधे गेमों में हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) विश्व टूर खिताब जीता। आयुष की इस जीत ने मौजूदा सत्र में विश्व टूर पर भारत के खिताबी सूखे को खत्म किया।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2023) कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष ने रविवार को तीसरी वरीयता प्राप्त यांग को 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-13 से हराया। इस जीत के साथ उन्होंने एक शानदार सप्ताह का समापन किया जिसमें सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चोऊ टिएन चेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक यादगार जीत भी शामिल है। यांग के खिलाफ यह आयुष की यह तीसरी जीत है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में मलेशिया और ताइपे ओपन में भी कनाडा के इस खिलाड़ी को दो बार हराया था।

### तन्वी को फाइनल में मिली शिकस्त



महिला एकल के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा उपविजेता रहीं। उन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विश्व टूर स्तर के अपने पहले फाइनल में खेल रही गैर-वरीयता प्राप्त इस किशोर खिलाड़ी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। तन्वी ने कहा मैं अपने प्रदर्शन से काफी खुश हूं। मैं फाइनल के लिए कोर्ट में आने से पहले थोड़ी घबराई हुई थी और मैंने कई गलतियां की। यह सुपर 300 स्तर पर मेरा पहला फाइनल था, मैं इसे लेकर संतुष्ट हूं।

## सचिन जैसी 'सुपरपावर' चाहते हैं नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली :** भारत के भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह चुनौतियों का सामना ठंडे दिमाग से करने के लिये महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर जैसी 'सुपरपावर' पाना चाहते हैं। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्ष के चोपड़ा ने यह भी कहा कि ह धीरे धीरे प्रवाह की अवधारणा समझ रहे हैं जब उनके दिग्गज कोच जान जेलेंजी ने उन्हें भाला फेंकने से पहले 18 बरस के युवक की तरह किसी तनाव के बिना दौड़ने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि अब तक मैदान से भीतर और बाहर उन्हें सर्वश्रेष्ठ सलाह चेक कोच जेलेंजी से मिली है जिनके नाम 98 . 48 मीटर का भालाफेंक का विश्व रिकॉर्ड है। चोपड़ा ने 'स्टार स्पोटर्स' और 'जियो हॉटस्टार' से कहा जब भी मैं थ्रो फेंकता हूं तो मैं काफी ऊर्जावान रहता है लेकिन कोच ने मुझसे कहा कि मुझे प्रवाह के साथ दौड़ना है। मुझे 18 वर्ष के लड़के की तरह बिना किसी तनाव के दौड़ना है। मैं धीरे धीरे प्रवाह की अवधारणा समझ रहा हूं। उन्होंने कहा किसी भी खेल में प्रवाह महत्वपूर्ण है।

# जीत जारी रखने उतरेगी महिला टीम

● नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की वापसी की उम्मीद

● स्मृति मंधाना के स्ट्रोक्स से इंग्लैंड के खेमे में चिंता की लकीरें

**ब्रिस्टल, एजेंसी**



हरमनप्रीत कौर।

पहले मैच में बड़ी जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम मंगलवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की शानदार फॉर्म और कप्तान हरमनप्रीत कौर की संभावित वापसी का पूरा फायदा उठाकर अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी।

नॉटिंघम में खेले गए पहले टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में मंधाना के इस प्रारूप में पहले शतक की बदौलत भारत ने 97 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। दूसरे मैच में हरमनप्रीत की वापसी से जहां भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी वहीं इंग्लैंड की टीम की चिंताएं बढ़ेंगी। हरमनप्रीत को अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में आराम दिया गया था। मंधाना के स्ट्रोक्स से भरे शतक ने इंग्लैंड के खेमे में खतरे की घंटी बजा दी होगी, क्योंकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम बुरी तरह बिखर गई और 113 रन पर ढेर हो गई। यह वह दिन था जब मंधाना की पारी ने मेजबान टीम को जबरदस्त दबाव में ला दिया। भारत के स्पिन आक्रमण के सामने इंग्लैंड की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। उसके बल्लेबाजों के पास भारतीय स्पिनरों विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी का कोई जवाब नहीं था जिन्होंने अपने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट लिए। पिछले साल टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बाएं मंधाना ने जहां से छोड़ा था, वहीं से शुरुआत की और इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं।

**समय : रात 11:00 बजे से**

**टीम**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्री चरणी, राधा यादव।

**इंग्लैंड :** नताली साइवर-ब्रंट (कप्तान), टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), सोफिया डंकले, एमी जोन्स (विकेट कीपर), डैनी व्याट-हॉज, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, पैगे शॉलिफल्ड, एम अर्लट, लॉरेन बेल, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, लिन्सी स्मिथ, इसी वोंग।

# मेदवेदेव विंबलडन के पहले दौर में उलटफेर का हुए शिकार

**लंदन, एजेंसी**



नौवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव सोमवार को विंबलडन के शुरुआती दौर में 64वीं रैंकिंग वाले बेंजामिन बोंजी से 7-6 (2), 3-6, 7-6 (3), 6-2 से हार के साथ उलटफेर का शिकार बने। पिछले साल विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले मेदवेदेव लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम के पहले दौर से बाहर हो गए हैं। रूस का यह खिलाड़ी इससे पहले फ्रेंच ओपन में भी पहले दौर से बाहर हो गया था। उन्हें साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दूसरे दौर में शिकस्त का सामना करना पड़ा था। मेदवेदेव इससे पहले 2017 में लगातार दो ग्रैंड स्लैम के शुरुआती दौर में हारे थे। वह उस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन के पहले दौर में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हुए थे। मेदवेदेव इस साल पेरिस में कैमरून नॉरी से पांच सेट के मैच में हार गये थे। वह 2023 में फ्रेंच ओपन की पहली बाधा पार करने में नाकाम रहे थे। उस समय दूसरी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को पहले दौर में क्वालीफायर थियागो सेबॉथ वाइल्ड ने हराया था। वाइल्ड की उस समय विश्व रैंकिंग 172 थी।

### कॉलेज स्टार ओलिवर टारवेट दूसरे दौर में

**लंदन :** ब्रिटेन के 21 वर्ष के क्वालीफायर ओलिवर टारवेट ने विंबलडन के जरिये ग्रैंडस्लैम पदार्पण में सीधे सेटों में जीत दर्ज की। विश्व रैंकिंग में 733वें स्थान पर काबिज टारवेट ने स्विटजरलैंड के लिएंड्रो रीडी को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। अब दूसरे दौर में उनका सामना गत चैम्पियन कार्लोस अल्काराज या फेबियो फोगनिनी से हो सकता है। कॉलेज में टारवेट को हाल ही में लगातार दूसरे साल वेस्ट कोस्ट कांफरेंस प्लेयर आफ द ईयर चुना गया था।

# मुक्केबाज ने लगाया महिला कोच पर यौन उत्पीड़न का आरोप

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



● बार-बार मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न के कारण अवसाद में चली गई है जूनियर मुक्केबाज, माता-पिता ने दर्ज कराई एफआईआर

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के रोहतक केंद्र की राष्ट्रीय मुक्केबाजी अकादमी (एनबीए) की महिला कोच पर राष्ट्रीय स्तर की नाबालिग मुक्केबाज ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। नाबालिग के माता-पिता द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी (एफआईआर) के अनुसार बार-बार 'मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न' के कारण वह अवसाद में चली गई है।

इस से जुड़ी प्राथमिकी की प्रति होने के बावजूद 'पीटीआई-भाषा' आरोपी का नाम सार्वजनिक नहीं कर रहा है क्योंकि मामले की जांच चल रही है। इस मामले में भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से जब टिप्पणी के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने 17 वर्षीय पीड़िता द्वारा डराने-धमकाने और थप्पड़ मारने की घटनाओं के बारे में शिकायत

मिलने की बात स्वीकार की, लेकिन एफआईआर में लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के बारे में उन्हें सूचित किए जाने से इनकार किया। दोनों संस्थाओं ने कहा कि उनकी आंतरिक जांच में कोच के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला। यह कोच इस समय जूनियर और युवा मुक्केबाजों के लिए राष्ट्रीय शिविर के संचालन में प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। साइ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह जांच में सहायता करेगा। साइ के क्षेत्रीय केंद्र (सोनीपत) ने इस बारे में 'पीटीआई' के सवाल पर कहा अभी तक हमें किसी प्राथमिकी की प्रति नहीं मिली है। एनबीए रोहतक की एक महिला मुक्केबाज ने 24 अप्रैल 2025 को ई-मेल कर एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने आयरलैंड में 25 मार्च 2025 से तीन अप्रैल 2025 तक आयोजित आमंत्रण मुक्केबाजी टूर्नामेंट के दौरान एक महिला कोच द्वारा मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का आरोप लगाया था। उस शिकायत में यौन उत्पीड़न का कोई आरोप नहीं लगाया गया था। उन्होंने कहा, मामले की एक विस्तृत जांच की गई जिसमें शिकायतकर्ता, संबंधित कोच, सभी साथी कोच, वहां मौजूद कर्मचारियों और साथी खिलाड़ियों के बयान लिए गए। उन्होंने कहा साइ स्वच्छ खेल सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्राथमिकी के आधार पर किसी भी समय जांच के दौरान सहयोग के लिए तैयार रहेगा।

### रोहतक पुलिस स्टेशन में एफआईआर में दर्ज पीड़िता का दर्द

रोहतक पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने कहा है कि कोच ने एक बार जबरन उसके कपड़े उतारने की कोशिश की, उसे कई बार थप्पड़ मारे, उसका करियर बर्बाद करने की धमकी दी और अन्य मुक्केबाजों के सामने उसे 'बुरे चरित्र वाली' कहा, जिससे वह अलग-थलग पड़ गई। कोच के खिलाफ शिकायत भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (जान बूझकर से चोट पहुंचाना) और 351 (3) (आपराधिक धमकी) के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम की धारा 10 (गंभीर यौन उत्पीड़न) के तहत दर्ज की गई है।

## एक नजर

### बुजुर्ग पर्यटक से बलात्कार के आरोपी को जमानत नहीं

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले की एक अदालत ने पहलगाम में 11 अप्रैल को 70 वर्षीय महिला पर्यटक से बलात्कार की घटना में आरोपी को जमानत देने से साफ इंकार कर दिया। अदालत ने इस घटना को नैतिक पतन का प्रतिबिंब बताया जो इस क्षेत्र की सांस्कृतिक अखंडता और पर्यटन स्थल के रूप में प्रतिष्ठा को खतरे में डालता है। महाराष्ट्र की वृद्ध पर्यटक पर एक होटल में हमला किया गया जब आरोपी ने उसके होटल के कमरे में घुसकर उसका मुंह बंद कर दिया और उसके साथ बलात्कार किया। उस समय उसके परिवार के सदस्य घर के बाहर थे। अदालत को बताया गया कि उसके साथ इतना क्रूर यौन उत्पीड़न किया गया कि वृद्ध महिला न तो बैठ पा रही थी और न ही हिल पा रही थी और कई दिनों तक दर्द में रही।

### कश्मीर में आतंकवादियों का गाइड पकड़ा गया

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पूंछ और राजौरी जिलों की सीमा पर नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश के दौरान गिरफ्तार एक पाकिस्तानी नागरिक की पहचान आतंकवादियों के गाइड के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, मोहम्मद आरिफ जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों के एक समूह का नेतृत्व करते हुए भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था, जब रविवार दोपहर को सेना के जवानों ने उसे पकड़ लिया। उसके साथ मौजूद आतंकवादी एक खड़ी चट्टान से कूद गए और घायल अवस्था में पाकिस्तानी सीमा में लौट गए। आरिफ पीओके के दातोटे गांव का निवासी है और उसे सेना के 'ऐस ऑफ स्पेड्स' डिवीजन के तहत गंभीर इलाके में स्थित हजूरा चौकी के पास से गिरफ्तार किया गया।

### मालवाहक जहाज में लगी आग, नौसेना ने पोत भेजा

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने द्वीपीय देश पलाऊ के ध्वज वाले एक जहाज के इंजन कक्ष में भीषण आग लगने के बाद मदद के लिए अपने स्टील्थ फ्रिगेट पोत को तैनात किया है। पलाऊ के इस संकटग्रस्त जहाज में भारतीय मूल के चालक दल के 14 सदस्य सवार थे। यह जहाज गुजरात के कांडला से ओमान के शिनास जा रहा था। नौसेना के अनुसार, स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस तबर ने एमटी यी चेंग 6 की सहायता के लिए आए संदेश पर कार्रवाई की।

# असीम मुनीर के फिर जहरीले बोल कहा- कश्मीर में आतंकवाद जायज

## पड़ोसी देश फिर बेनकाब, सेना प्रमुख ने कहा- साथ देता रहेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को एक वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। फील्ड मार्शल मुनीर ने भारत को भविष्य में किसी भी हमले की स्थिति में करारा जवाब देने की चेतावनी भी दी।

मुनीर ने शनिवार को कराची स्थित पाकिस्तान नौसेना अकादमी में पासिंग आउट समारोह को संबोधित करते हुए कहा, भारत जिसे आतंकवाद कहता है, वह वास्तव में स्वतंत्रता के लिए एक वैध और कानूनी संघर्ष है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून द्वारा मान्यता प्राप्त है। मुनीर ने दावा किया, जिन लोगों ने कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं को दबाने और समाधान के बजाय संघर्ष को खत्म करने की कोशिश की, उन्होंने अपने कृत्यों से इस आंदोलन को और अधिक प्रासंगिक बना दिया है। पाकिस्तान हमेशा कश्मीर के लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार के संघर्ष में उनके साथ खड़ा रहेगा।

मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं के अनुसार कश्मीर मुद्दे के न्यायोचित समाधान का प्रबल समर्थक है। इससे पहले पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया था। भारत ने पाकिस्तान से बार-बार कहा है कि जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख हमेशा उसके अभिन्न अंग थे, हैं और रहेंगे। भारत सरकार के पांच अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद-370 को निरस्त करने, जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने और राज्य को दो-केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास बढ़ गई।

### अफगानिस्तान से लगने वाली प्रमुख सीमा बंद की

**पेशावर।** पाकिस्तान ने सुरक्षा खतरों के कारण अफगानिस्तान से लगने वाली एक प्रमुख सीमा को अस्थायी रूप से अगले आदेश तक बंद कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने रविवार को बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार को हुए आत्मघाती हमले और अफगानिस्तान की सीमा से लगे प्रांत में झड़पों के बाद गुलाम खान सीमा को बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा, हमले के बाद उत्तरी वजीरिस्तान में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और सीमा (गुलाम खान) को अनिर्दिष्ट अवधि के लिए बंद कर दिया गया है।

### दक्षेस की जगह नया क्षेत्रीय संगठन बनाने में जुटे चीन-पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और चीन एक नए क्षेत्रीय संगठन की स्थापना के प्रस्ताव पर काम कर रहे हैं, जो लगभग निष्क्रिय पड़े दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) की जगह ले सकता है। सोमवार को एक खबर में यह दावा किया गया।

राजनयिक सूत्रों के हवाले से 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार ने लिखा कि इस्लामाबाद और बीजिंग के बीच बातचीत अब आगे के चरण में है, क्योंकि दोनों पक्ष इस बात से आश्वस्त हैं कि क्षेत्रीय एकीकरण और संपर्क के लिए एक नया संगठन आवश्यक है। यह नया संगठन संभावित रूप से क्षेत्रीय संगठन दक्षेस की जगह ले सकता है। दक्षेस में भारत, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। उन्होंने कहा कि चीन के कुनमिंग में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की हाल में हुई त्रिपक्षीय बैठक इन कूटनीतिक प्रयासों का हिस्सा थी। सूत्रों के अनुसार, इसका लक्ष्य अन्य दक्षिण एशियाई देशों को, जो दक्षेस (सार्क) का हिस्सा थे, नए समूह में शामिल होने के लिए आमंत्रित करना है। हालांकि, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने ढाका, बीजिंग और इस्लामाबाद के बीच किसी भी उभरते गठबंधन के विचार को खारिज कर दिया और कहा कि बैठक राजनीतिक नहीं थी।

## गाजा : खाना मांगते लोगों पर गोलीबारी से 67 की मौत

**काहिरा।** इजराइली सेना ने सोमवार को गाजा में कम से कम 67 लोगों को मार डाला। हवाई हमलों में समुद्र के किनारे स्थित एक कैफे में 30 लोग मारे गए और भोजन मांग रहे फलस्तीनी लोगों पर की गई गोलीबारी में 22 अन्य लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों, अस्पताल और स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

- **भीड़ पर बगैर चेतावनी दिए किया हमला**

गाजा शहर के अल-बका कैफे पर उस समय हवाई हमला हुआ, जब वहां महिलाओं-बच्चों की भीड़ थी। कैफे में मौजूद अली अबू अतीला ने कहा, बिना किसी चेतावनी के अचानक एक युद्धक विमान ने उस जगह हमला किया, जिससे वहां भूकंप जैसा कंपन हुआ। उत्तरी गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन और एम्बुलेंस सेवा के प्रमुख फारेस अवाद ने बताया कि 30 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए।

अवाद ने बताया, कई घायलों की हालत गंभीर है। शिफा अस्पताल के अनुसार दो अन्य हमलों में 15 लोग मारे गए। यह कैफे 20 महीने के युद्ध के दौरान चालू रहा था। यह इंटरनेट एक्सेस और अपने फोन चार्ज करने की जगह चाहने वाले निवासियों के लिए एक सभा स्थल था।

## ईरान जल्द ही फिर शुरू कर सकता है यूरेनियम संवर्धन

**वियना, एजेंसी**

- **आईएईए प्रमुख ने जताई आशंका कहा- अमेरिकी हमले में पूरी तरह नष्ट नहीं हुए परमाणु ठिकाने**

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने कहा है कि अमेरिकी हमलों ने ईरानी परमाणु ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचाया है मगर वे पूरी तरह से नष्ट नहीं हुए हैं और इसी वजह से ईरान कुछ ही महीनों में यूरेनियम संवर्धन शुरू कर सकता है।

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार ग्रॉसी का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस दावे के विपरीत है जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान की परमाणु परियोजना को दशकों पीछे धकेल दिया गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी कहा था कि अमेरिकी हमलों में फोर्डो, नतांज़ और इस्फ़हान परमाणु ठिकानों के सेंट्रीफ्यूज को काफी नुकसान पहुंचने से ईरान का परमाणु कार्यक्रम कई वर्षों के लिए टल गया है।

'फेस द नेशन विद मार्गरेट ब्रेनन' के साथ साक्षात्कार में उन्होंने अलग-अलग आकलन पर अपना रुख बताते हुए कहा, सामूहिक विनाश के हथियारों में यह दृष्टिकोण ठीक नहीं है। उनके पास जो क्षमताएं हैं, वे मौजूद हैं। आप जानते हैं कि वे कुछ ही महीनों में सेंट्रीफ्यूज के कुछ कैस्केड घुमाकर यूरेनियम संवर्धन कर सकते हैं। स्पष्ट रूप से कहें तो, कोई यह दावा नहीं कर सकता कि सब कुछ गायब हो गया है और अब वहां कुछ भी नहीं है। ग्रॉसी ने कहा कि निगरानी समूह की जांच में परमाणु हथियार कार्यक्रम का संकेत नहीं मिला, लेकिन यूरेनियम संवर्धन नागरिक उपयोग की आवश्यकता से कहीं अधिक है। ईरान की ओर से कुछ बहुत महत्वपूर्ण सवालों का जवाब देने से इनकार करने से स्थिति और जटिल हो गई है।

### अमेरिका ने ग्रॉसी का दावा बकवास बताया

अमेरिका के एक अधिकारी ने सीएनएन को बताया कि जैसा कि ग्रॉसी ने कुछ दिन पहले कहा था कि ऑपरेशन मिडनाइट हैमर से पहले और बाद में ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बीच का अंतर 'रात और दिन' जैसा है और उसे 'काफी नुकसान' हुआ है। उन्होंने कहा, "ईरान के पास कोई हवाई सुरक्षा नहीं है, इसलिए यह विचार कि, वे परमाणु हथियार कार्यक्रम फिर शुरू कर सकते हैं, बकवास है।

## ब्रिक्स सम्मेलन में की जाएगी पहलगाम हमले की निंदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ब्राजील में आयोजित होने जा रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में समूह के नेताओं की ओर से जारी किए जाने वाले घोषणापत्र में भारत की उम्मीद के अनुरूप पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा और आतंकवाद का एकजुट होकर सामना करने का आह्वान शामिल होगा।

विदेश मंत्रालय में सचिव आर्थिक संबंध दम्मू रवि ने संवाददाताओं से कहा कि ब्रिक्स नेताओं के घोषणापत्र में आतंकवाद के संबंध में जो बातें कही जाएंगी, वे हमारे लिए संतोषजनक होंगी। प्रधानमंत्री मोदी रियो डी जेनेरियो में छह और सात जुलाई को ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। मोदी पांच देशों की यात्रा के तहत ब्राजील पहुंचेंगे। वह घाना, त्रिनिदाद, टोबैगो, अर्जेंटीना और नामीबिया की भी यात्रा करेंगे। यात्रा का मकसद महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा एवं सुरक्षा, व्यापार, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देना है।

### खाली पेट एंटी एजिंग दवाएं खाने से हुई शेफाली जरीवाला की मौत : पुलिस

**मुंबई।** अभिनेत्री शेफाली जरीवाला जवां बने रहने के लिए गोलियों सहित विभिन्न प्रकार की दवाएं ले रही थीं और संभवत: खाली पेट इन गोलियों का सेवन करने से उनका रक्तचाप गिर गया था। उनकी मौत की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों का यह कहना है।



कांटा लगा गर्ल से चर्चित शेफाली (42) को शुक्रवार रात 11:15 बजे उनके पति पराग त्यागी अंधेरी के बेलव्यू अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी शुक्रवार रात एक बजे पुलिस को दी गई जिसने उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए कूपर अस्पताल भेज दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को घर पर पूजा होने के कारण वह उपवास पर थीं और खाली पेट कई दवाइयां खाने से उनका रक्तचाप कम हो गया, जिसके कारण वह चक्कर खा कर गिर गईं। जरीवाला ने शुक्रवार दोपहर एक इंजेक्शन लिया था, जो संभवत: जवां बने रहने के लिए था, तथा रात में भी उन्होंने रोजाना ली जाने वाली दवाइयां ली थीं।

## भारत के साथ सीमा विवाद जटिल सुलझाने में लगेगा समय : चीन

**बीजिंग, एजेंसी**

- **सरहदों के निर्धारण पर चर्चा और हालात शांतिपूर्ण रखने पर जोर**

चीन ने सोमवार को कहा कि भारत के साथ सीमा विवाद जटिल है और इसे सुलझाने में समय लगेगा लेकिन इसके साथ उसने सरहदों के निर्धारण पर चर्चा करने तथा हालात शांतिपूर्ण बनाए रखने की इच्छा भी व्यक्त की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 26 जून को चिंगदाओ में चीनी समकक्ष दोंग जून के साथ बैठक में प्रस्ताव दिया था कि भारत और चीन को सीमाओं पर तनाव कम करने तथा उनके निर्धारण की व्यवस्था को पुनर्जीवित करने के कदम उठाकर जटिल मुद्दों को सुलझाना चाहिए। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, चीन और भारत ने सीमा से जुड़े विषय पर विशेष प्रतिनिधि तंत्र की स्थापना की है तथा चीन-भारत सीमा संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए राजनीतिक मापदंडों एवं मार्गदर्शक सिद्धांतों पर सहमति बनाई है।

### भारत को इस्लामी राज्य बनाने की साजिश के आरोपी की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** एनआईए ने भारत में इस्लामिक राज्य स्थापित करने के लिए तमिलनाडु में रची गई एक आपराधिक साजिश की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार एक आरोपी की संपत्ति सोमवार को कुर्क की। एनआईए ने बताया कि आरोपी प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर से जुड़ा हुआ है और यह इस संगठन की भारत विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में एक अहम कदम है। बावा बहरुदीन उर्फ मन्नई बावा की संपत्ति को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम 1967 के तहत कुर्क किया गया है। एनआईए द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि हजरत शम्स मंसूर पीर औलिया दरगाह ट्रस्ट बोर्ड के स्वामित्व वाली संपत्ति की जमीन को बिना औपचारिक पंजीकरण के आरोपी बावा बहरुदीन को बेच दिया गया। बावा बहरुदीन सह-आरोपी के साथ मिलकर 2015 से संपत्ति का उपयोग एचयूटी की गतिविधियों के लिए कर रहा था।





